शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



राज्य सरकार के निर्देशानुसार पुलिस विभाग कर रही कार्य: सदानंद गौड़ा @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 19 मई, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-139

## भारतीय लोकतंत्र में नीचता का केजरीवाल रिकॉर्ड

# यत्र नार्यस्तु पिटंते, रमंते तत्र केजरीवाल:

**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर में राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को एक के बाद एक थप्पड़ मारते हुए केजरीवाल के पीए विभव कुमार ने स्वाति से जो बातें कही थीं, उसे सुन कर यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवताः के संस्कार का खोखलापन और छद्म उजागर हो गया। स्वाति मालीवाल की गलती क्या थी कि उनके साथ केजरीवाल ने ऐसी अमर्यादा और बदसलूकी का कुचक्र रचा? और आतिशी मारलेना की यह कैसी अनैतिक-महत्वाकांक्षा कि एक नारी के साथ बदसलूकी पर उसका साथ देने के बजाय वह स्वाति के चरित्र हनन पर उतारू हो जाए। अरविंद केजरीवाल ने अनैतिकता का कैसा घृणित स्तर राजनीति में प्रविष्ट कर दिया है, यह सामने है।



दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी मारलेना ने कहा कि सीसीटीवी में स्वाति मालीवाल आराम से चल रही हैं। वीडियो में स्वाति सही दिख रही हैं। स्वाति मालीवाल को कहीं चोट नहीं लगी है। एफआईआर में जो कुछ भी लिखा गया है वह झूठ है। एक महिला का बचाव करने के बजाय उसकी धज्जियां उड़ाने में लगी आतिशी मारलेना की अनैतिकता का यह निकृष्ट स्वरूप देखिए। जबकि स्वाति की मेडिकल जांच में उसे गंभीर रूप से पीटे जाने, उसके चेहरे पर मारे जाने के गहरे निशान और उनके नाजुक अंगों पर किए गए प्रहार की पुष्टि हुई है। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की तीन घंटे चली मेडिकल जांच मजिस्ट्रेट की निगरानी में हुई। वह भी दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर में। मेडिकल रिपोर्ट में स्वाति की आंख, चेहरे, पैर और अंगों में चोट की पुष्टि हुई है। लेकिन आम आदमी पार्टी एक नारी के साथ किस तरह बेशर्मी से पेश आती है, इसे आतिशी मार-लेना ने पूरे देश के समक्ष प्रदर्शित किया।

**बतंगड़ पत्रकारों की शातिराना चुप्पी**



**मेडिकल जांच में स्वाति मालीवाल की गंभीर पिटाई की पुष्टि**

**पोल खुलने के बाद भी बेशर्मी से ढोल बजाने में लगी है आपा**




थोड़ा फ्लैशबैक में चलते हैं। अरविंद केजरीवाल का पीए विभव कुमार कमरे में घुसकर वहां बैठी महिला सांसद स्वाति मालीवाल को गंदी-गंदी गालियां देने लगता है और थप्पड़ों से पीटने लगता है। विभव के इस बर्ताव को देख कर स्वाति हतप्रभ रह गईं। उन्होंने विभव को ऐसा करने से रोका। लेकिन वह रुका नहीं। वह दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का सबसे खास व्यक्ति है और उसकी आक्रामकता केजरीवाल के इशारे और शह के बगैर हो ही नहीं सकती। उस पर सत्ता-शीर्ष की शह का खुमार ऐसा सवार था कि उसने *महिला सांसद के पद की परवाह किए बिना, उन्हें पूरे जोर से लगातार थप्पड़ मारे। सांसद चिल्लाती रहीं। उन्हें लगा शायद कोई बचाने आए। लेकिन उन्हें बचाने कोई नहीं आया। विभव अपनी हैवानियत दिखाता रहा। गंदी-गंदी गालियां देता रहा। सांसद चीखती रहीं। उसने स्वाति को ऐसे मारा कि उनका सिर जाकर सेंटर टेबल पर लड़ा। वो धड़ाम से गिरीं। विभव ने उनके पेट पर, पेट के नीचे, छाती पर ताबड़तोड़ मारना जारी रखा। सांसद चिल्लातीं रहीं, मेरे पीरियड्स चल रहे हैं मुझे मत मारो, बहुत दर्द हो रहा है। लेकिन वहशी विभव उन्हें जोर-जोर से मारता रहा। शैतान विभव ने मासिक धर्म से गुजर रही महिला सांसद के कपड़े फाड़े, नाजुक अंगों पर वार किया, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास में उन्हें घसीटा और बाहर फेंक दिया गया।*

### दिल्ली पुलिस ने विभव कुमार को गिरफ्तार किया



**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट और अभद्रता करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीएस विभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। विभव कुमार को मुख्यमंत्री आवास से ही गिरफ्तार किया गया। अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची पुलिस टीम में एडिशनल डीसीपी और एसीपी मौजूद थे। दिल्ली पुलिस ने अभी केजरीवाल के पीए विभव कुमार को गिरफ्तार ही किया था कि उधर उसकी अंतरिम जमानत की अर्जी भी अदालत में दाखिल हो गई। हालांकि तीस हजारी कोर्ट ने विभव कुमार की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। तीस हजारी कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत का कोई औचित्य नहीं बनता है। विभव कुमार को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली पुलिस ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास से सारे सीसीटीवी फुटेज ले लिए गए हैं। उसकी जांच-पड़ताल की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि पुलिस के सुपुर्द करने के पहले सीसीटीवी फुटेज में कैसी और कितनी छेड़छाड़ की गई।

## हरियाणा की वीरता और बेबाकी को साक्षी रखकर पीएम मोदी ने पूछा

# क्या देश को अस्थिरता के उस दौर में वापस जाने देंगे?



**अंबाला, सोनीपत (हरियाणा), 18 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा के सोनीपत में विशाल रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के लोगों को उनके शौर्य, उनकी बेबाकी और उनकी संस्कृति की याद दिलाई। पीएम मोदी ने कहा, सीमा पर हमारे हरियाणा के जो छोरे खड़े हैं मोदी ने उनको खुली छूट दे दी है। अब गोलियां गिनने की जरूरत नहीं होती। नतीजा अब आपके सामने है। मोदी के इन फैसलों से कांग्रेस और इंडी का कलेजा फट रहा है। उनसे पाकिस्तान की हालत देखी नहीं जा रही है। अब कांग्रेस वाले पाकिस्तान के प्रवक्ता बन गए हैं और उनकी तरफ से भारत को धमकी देते हैं। कहते हैं जरा डरो, पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। ये मुझे आंखें दिखा रहे हैं। वो मोदी को पहचान नहीं पाए हैं। पीएम ने जनता से पूछा, क्या भारत को पाकिस्तान से डरना चाहिए? पीएम मोदी ने कहा कि ये मोदी का दौर है। हम घर में घुसकर मारते हैं। कांग्रेस वाले पाकिस्तान की तरफ से धमकी दे रहे हैं।

**कांग्रेस वाले पाकिस्तान की तरफ से धमकी दे रहे हैं**

**हरियाणा की वीर धरती से देशभक्त ताल ठोक रहे हैं**

हरियाणा की वीर धरती से हम देशभक्त ताल ठोक रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस सारे पैंतरे केवल तुष्टिकरण के लिए चला रही है। इन्होंने जो घोषणा पत्र बनाया है वो पूरा मुस्लिम लीग वाला घो-षणा पत्र है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय रोज सीमा पर फायरिंग होती थी। गिनती होती थी सीजफायर कितनी बार तोड़ा। दुश्मन वही है हालात बदले कि नहीं। किसने हालात बदले, ये मोदी ने नहीं आपके एक वोट ने किया है। ये आपके वोट की ताकत है कि दुश्मन के बम को भी ताले लग जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इनके नेता कह रहे हैं कि धारा 370 की दीवार हमने कब्रिस्तान में गाड़ दी है। ये कहते हैं कश्मीर में फिर 370 लगाएंगे यानी फिर आतंकवाद खून-खराबा को खुली छूट। मैं हरियाणा की वीर धरती से कहना चाहता हूं कांग्रेस वालो, कश्मीर में केवल हमारा तिरंगा लहराएगा। कांग्रेस वालो लिख लो ये मोदी है ये 370 को वापस लाने के सपने छोड़ दो। कोशिश करोगे तो लेने के देने पड़ जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि क्या आप देश को वापस अस्थिरता के उस दौर में जाने देंगे? कांग्रेस देश विरोधी एजेंडे को छिपा नहीं रही। कह रही है, मोदी ने 10 साल में जो भी किया है उसे चौपट कर देंगे। चुनाव जीतकर मोदी के काम को उलट देंगे, चौपट कर देंगे। वे (विपक्ष) कहते हैं एक्सरे मशीन, जमीन कितनी है, मंगलसूत्र कहां है? सारी सम्पत्ति अगर आपकी जरूरत से ज्यादा है ये वोट जेहाद वालों को बांट देंगे। क्या आप इसे छिनने देंगे? सम्पत्ति अपनी संतानों को देकर जाने की हर मां-बाप की इच्छा होती है। अब ये कांग्रेस वाले लाए हैं कि आपके मरने के बाद आपकी सम्पत्ति आपकी संतानों के पास नहीं जाएगी।

### दस की दस सीटें आपकी झोली में डालेंगे : सीएम सैनी

**सोनीपत, 18 मई (एजेंसियां)।** इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया कि हरियाणा की 10 की 10 सीटें भाजपा जीतेगी। सैनी ने कहा, यह जीत देश के उस प्रधानमंत्री के सम्मान के लिए होगी जिन्होंने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को प्रदेश का नेतृत्व सौंपा। सैनी ने कहा कि गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम मोदी सरकार ने किया है। हरियाणा की जनता इसका परिणाम जरूर देगी।

## अमित शाह ने अफवाह फैलाने वालों से आगाह किया

# संविधान अक्षुण्ण रखने के लिए हमें 400 सीटें चाहिए

### केजरीवाल में शराब की बोतल और नारी असम्मान दिखाई देगा



**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को इंडी गठबंधन द्वारा फैलाई जा रही सुनियोजित अफवाहों से आगाह किया। अमित शाह ने कहा, हमें 400 सीटें संविधान बदलने के लिए नहीं चाहिए, बल्कि संविधान को अक्षुण्ण रखने के लिए हमें 400 सीटें चाहिए। संविधान बदलने के आरोपों/अफवाहों पर जवाब देते हुए शाह ने कहा, हम 400 सीटें चाहते हैं, ताकि देश को ज्यादा राजनीतिक स्थिरता दे सकें। हमें 400 सीट चाहिए, क्योंकि सीमाओं को और सुरक्षित बनाना है। दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है। जो भी गरीब हैं, उन्हें गरीबी से निकालना है। हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए हमें 400 सीट चाहिए। सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज देने और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए हमें 400 सीट चाहिए। अमित शाह ने कहा, हमें 300 से ज्यादा सीटें मिलीं। 10 साल में हमने तीन तलाक हटाया, अनुच्छेद-370 हटाया। राम मंदिर बनवाया। संविधान बदलना हो या बड़े फैसले करने हों, तो वह तो हम तब भी कर सकते थे। हमने संविधान सभा ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने के लिए बहुमत का इस्तेमाल किया।

अरविंद केजरीवाल प्रकरण को हल्के अंदाज में लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, अरविंद केजरीवाल जहां भी चुनाव प्रचार करने जाएंगे, लोगों को उनमें शराब की बड़ी सी बोतल दिखाई देगी। एक साक्षात्कार में अमित शाह से पूछा गया कि क्या केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने से इंडी गठबंधन को फायदा हुआ है। जवाब में शाह ने कहा, मैं एक मतदाता के तौर पर यह मानता हूं कि केजरीवाल जहां-जहां जाएंगे, वहां लोगों को शराब घोटाला याद आएगा। इससे किसे फायदा होगा, किसे नुकसान, मैं नहीं समझता। लेकिन, लोग जब केजरीवाल को देखेंगे, तो उन्हें शराब की बड़ी बोतल दिखाई देगी और नारी का असम्मान दिखाई देगा। शाह ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। पर, फैसले को जिस तरह से आम आदमी पार्टी और कुछ पत्रकार केजरीवाल की विजय मान रहे हैं, मैं ऐसा नहीं मानता। सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल अर्जी लेकर गए थे कि मेरी गिरफ्तारी गैरकानूनी है, जिसे अदालत ने नहीं माना।

यहां तक कि नियमित जमानत की याचिका तक को खारिज कर दिया गया। इसके बाद इन्होंने अंतरिम जमानत मांगी, जिसे शर्तों के साथ दिया गया है।

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : 31°
न्यूनतम : 22°

## 5वें चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार समाप्त

# नौ केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के शहजादे भी हैं मैदान में

**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)।** देश में लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो चुके हैं। पांचवें दौर का चुनाव प्रचार आज थम गया। पांचवें चरण के लिए मतदान 20 मई को होना है। इस चरण में आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की 49 सीटों के लिए वोटिंग होगी। इन प्रदेशों से 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पांचवें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है। जिन उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत कई हाई-प्रोफाइल चेहरे भी शामिल हैं।



20 मई को होने वाले मतदान के दौरान छह राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओड़ीशा, झारखंड और दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख की कुल 49 सीटों पर मतदाता वोट डालेंगे। पांचवें दौर में जिन सीटों पर मतदान है, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार और ओड़ीशा की पांच-पांच सीटें शामिल हैं। इसके अलावा, झारखंड की तीन, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट पर भी इसी चरण में मतदान होना है।

पांचवें चरण में जिन सीटों पर वोटिंग होनी है, वहां 2019 में कुल 62.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। सबसे ज्यादा 80.13 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था। वहीं 34.6 प्रतिशत वोटिंग के साथ जम्मू-कश्मीर इस सूची में सबसे नीचे था। पांचवें चरण का मतदान पूरा होते ही देश की 543 लोकसभा सीटों में से 428 सीटों पर मतदान संपन्न हो जाएगा। पांचवें चरण की 49 सीटों पर कुल 695 प्रत्याशी मैदान में हैं।

पांचवें चरण की चर्चित सीटों में यूपी की राजधानी लखनऊ की लोकसभा सीट भी है। यह सीट रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मैदान में होने के कारण महत्व-पूर्ण है। भाजपा नेता के सामने सपा ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है।

बसपा ने लखनऊ में सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। 2019 लोकसभा चुनाव में सीट पर भाजपा से राजनाथ सिंह जीते थे। 2019 में लखनऊ सीट पर 54.78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। उत्तर प्रदेश की जिन सीटों की सबसे ज्यादा चर्चा होती है, उनमें से एक रायबरेली लोकसभा सीट भी है। यह राज्य की इकलौती सीट है जहां 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं।

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 76,360/-
(प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 92,450/-
(प्रति किलोग्राम)

### खेल हमारे मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण

# खेलों से नियम पालन के स्वभाव का होता है विकास: राजेंद्र छाजेड

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** खेल हमारे मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें हिस्सा लेने से पुष्ट और स्फूर्तिमय शरीर ही मन को स्वस्थ बनाता है। खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। उक्त बात जीतो एपेक्स के वाइस चेयरमैन राजेंद्र छाजेड ने जीतो कार्यालय राजाजीनगर में जीतो चैप्टर बेंगलूरु नॉर्थ एवं केकेजी जोन के तत्वावधान में आयोजित जीतो स्पोर्ट्स नेशनल गेम्स 2024 के बैनर एवं टी-शर्ट अनावरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि बेंगलूरु नॉर्थ की मेजबानी में नेशनल का सपना पूरा हो रहा है। एपेक्स के पदाधिकारी इस बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले खेल उत्सव का हिस्सा बनने जा रहे है। केकेजी जोन के चेयरमैन अशोक सालेचा ने कहा कि जीतो के 17 वर्ष के इतिहास में बेंगलूरु में पहला जीतो राष्ट्रीय खेल आयोजित होने जा रहा है। बेंगलूरु नॉर्थ ने भागीरथ कार्य हाथ में लिया है और पिछले दो-ढाई माह से सब कार्य में जुटे हुए है। इस आयोजन द्वारा खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होगा तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ेगी। बेंगलूरु नॉर्थ के चेयरमैन इंदरचंद बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि खेलो इंडिया के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को खेलने के लिए प्रेरणा मिलेगी। बच्चे खेलेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और अच्छा पढ़ेगे तथा देश की सेवा करेंगे। मुख्य ध्येय हमारा सपना- ओलम्पिक्स में मेडल हो अपना। नेशनल स्पोर्ट्स संयोजक राजेश मेहता ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। सिद्धार्थ पटवा ने बताया की इस नेशनल स्पोर्ट्स में टेबल टेनिस, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, चेस, लॉन टेनिस, स्विमिंग आदि मिलाकर छः खेल प्रतियोगिता में 7 जोन के 40 से अधिक चैप्टर, लगभग 450 से अधिक खिलाड़ियों के बीच 1100 से अधिक खेल एवं प्रतियोगिता होगी। महामंत्री सुधीर गादिया ने खिलाड़ियों के चयन पर प्रकाश डाला की खिलाड़ियों का चयन खेल स्तर पर विभिन्न चैप्टर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं के माध्यम से चयनित किया गया। ज्ञातव्य है कि यह नेशनल स्पोर्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखराज नाहर ग्रुप द्वारा पॉवर्ड बै इस खेल के टाइटल प्रायोजक एस्टेट्स-संभव-सम्राट के बोहरा परिवार, जर्सी प्रायोजक अरिहंत ग्रुप ऑफ कंपनिस, ओसवाल ग्रुप द्वारा भोजन, रमेश हरण द्वारा अवार्ड, स्वामित्व द्वारा बैडमिंटन पवेलियन, शाह ग्रुप द्वारा चेस एवं टेबल टेनिस पवेलियन, अदिश्वर द्वारा टेनिस पवेलियन, सामर कैमिकल द्वारा स्विमिंग पुल पवेलियन, आरपीपीएल द्वारा एथलेटिक्स गेम्स पवेलियन प्रायोजित है। इसके अलावा के के अलायंस मीडिया प्रायोजक, एटम न्यूट्रीशन प्रायोजक, हेल्थ और वेलनेस के प्रसन्ना ग्रुप, वैभव ग्रुप द्वारा स्पोर्ट्स किट प्रायोजित है। कार्यक्रम का स्थान पदुकोण - द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, बेंगलूरु है। एपेक्स डायरेक्टर नरेंद्र सिंह सामर ने कहा कि खेलों में हार जीत तो लगी रहती है। अनुशासित खिलाड़ी हर हार से सबक लेकर जीत की ओर आगे बढ़ता है।



खेल में जीतना या हारना महत्वपूर्ण तो है लेकिन उससे भी विशेष बात यह है कि खेल को कितने अनुशासन से खेला गया। गौतम मेहता ने विचार रखते हुए कहा कि खेल में हार-जीत होती है पर हार हमें एक नई सीख देती है। जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है। महेश नाहर ने आह्वान किया कि हम ध्येय पर ध्यान रखे और और खेलने वाले खिलाड़ी देश, प्रदेश, जिले एवं शहर के एम्बेसडर बन सकते हैं। ओलंपिक्स का हिस्सा बन सकते है।

#### इनकी उपस्थिति में हुआ अनावरण

श्रीपल खिंवेसरा ने दर्शक दीर्घा बढ़ाने हेतु सुझाव दिया। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में आयोजन टीम विक्की ओसवाल, संजय सिसोदिया, राजेश एस मुथा, सुधीर गादिया, विजय सिंघवी, विमलेश भंडारी, सिद्धार्थ पटवा, राजन जैन, बिंदु एम रायसोनी एवं खेल आयोजन की टीम सिद्धार्थ बोहरा, अमित मेहता, नितेश गांधी, अरुण भंसाली, शेकर चाणोदिया, अरविंद तपरावत, टिना खांटेड़, अक्षय दक, महावीर जैन, आशीष तपरावत, भोजन, हेल्थ वैलनेस समिति में अशोक भंडारी, राजकुमार सोलंकी, महेंद्र सोलंकी, मिश्रीमल कटारिया है। उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा बैनर का अनावरण एवं टी-शर्त का अनावरण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र से हुआ। महिला विंग अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने विचार रखे। खेल संयोजक विमलेश भंडारी ने व्यवस्था कार्यभार संभाला। संचालन कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी एवं धन्यवाद यूथ विंग महामंत्री खुशी पोरवाल ने व्यक्त किया।

# रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली द्वारा विशाल निःशुल्क कृत्रिम पैर शिविर आयोजित



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली के 76वें वर्ष के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली और ऑल इंडिया जैन यूथ फेडरेशन के महावीर लिंब सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क कृत्रिम पैर लगाने के शिविर का आयोजन किम्स परिसर में स्थित महावीर लिंब सेंटर में किया गया। रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली ने इस वर्ष कई सामाजिक और मानवीय सेवा गतिविधियों में भाग लिया है। उनमें से एक गतिविधि विशाल निःशुल्क कृत्रिम पैर शिविर भी है। आसपास के जिलों के करीब 40 दिव्यांगों को कृत्रिम पैर लगाए गए।

बाकि बचे 60 पैर अन्य दिनों में शिविर आयोजित कर दिव्यांगों को लगाए जायेंगे। शिविर का उद्घाटन शक्ति ग्रुप ऑफ कम्पनीज के चेयरमैन नारायणराव तातुस्कर, रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली के अध्यक्ष अरविन्द कुब्सद, कार्यदर्शी वसंत भस्मे, सामाजिक सेवा कार्य के निदेशक सुरेंद्र पोरवाल, ऑल इंडिया जैन यूथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर के अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने दिव्यांगों को पैर लगाकर किया। शक्ति ग्रुप के चेयरमैन नारायण राव तातुस्कर ने कहा कि दिव्यांगों के पैर जोड़ने के इस कार्य से उन्हें बहुत प्रशन्नता हुई है। विकलांग लोगों को यह सोचे बिना कि वे विकलांग हैं, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उदासीन मत बनो।

किसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प होना जरूरी है, तभी आप कुछ भी हासिल कर सकते है। शक्ति ग्रुप ऑफ कंपनी के सीएसआर के तहत रोटरी क्लब के सहयोग से सामाजिक कार्य किया जा रहा है। हमें धन संचय करने के बजाय समाजसेवा के कार्यो में योगदान देना चाहिए। दिव्यांगों को स्वाभिमान पूर्ण जीवन देने के पवित्र कार्य ने उन्हें वह सुख और शांति दी है जो उन्हें किसी अन्य चीज में नहीं मिल सकती। मैं कई वर्षों से रोटरी क्लब के सदस्य के रूप में कई सामाजिक गतिविधियों में शामिल रहा हूं। रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली के अध्यक्ष, सचिवों और अन्य अधिकारियों को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस वर्ष विकलांगों के लिए मानवीय सेवा करने में सक्षम बनाता है। फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने विशाल निःशुल्क कृत्रिम पैर शिविर के आयोजन के लिए रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली और नारायण राव तातुस्कर के प्रति आभार व्यक्त किया और महावीर लिंब सेंटर के साथ हाथ मिलाने के लिए उन्हें सम्मानित किया। बेल्लारी, दावणगेरे, सिरसी, कोप्पल, बागलकोट, धारवाड़ आदि जिलों से विकलांग लोग पहुंचे। इस अवसर पर महावीर लिंब सेंटर के कन्वीनर सुभाष चंद्रा डंक, मंजुनाथ होम्बाला, बापू बिरादरा, भावसार विजन के अशोक महेंद्रकारा, विजयकुमार लांडे, डॉ. सुरेश कपटकर, रामचन्द्र बेंद्रे, प्रकाश तिरुमले, रमेश दर्जकर सहित रोटरी क्लब ऑफ हुब्बल्ली और महावीर लिंब सेंटर के अन्य पदाधिकारी उप-स्थित थे।

# गिरफ्तार भाजपा नेता देवराजे गौड़ा का दावा : शिवकुमार ने कुमारस्वामी को सेक्स वीडियो स्कैंडल में फंसाने के लिए 100 करोड़ की पेशकश की

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।** गिरफ्तार भाजपा नेता जी. देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री और जद-एस के प्रदेश अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम खराब करने के लिए उन्हें 100 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद पुलिस वाहन से मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, देवराजे गौड़ा ने दावा किया कि शिवकुमार ने उन्हें अग्रिम राशि के रूप में 5 करोड़ रुपये भी भेजे थे। जब मैंने प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया, तो मेरे खिलाफ पुलिस मामले दर्ज किए गए और मुझे गिरफ्तार कर लिया गया। रिहा होने के बाद मैं उन्हें (शिवकुमार को) बेनकाब करने के लिए तैयार हूं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिरने जा



रही है। देवराजे गौड़ा ने कहा मुझे एक बयान देने के लिए कहा गया था कि यह कुमारस्वामी ही थे जिन्होंने सेक्स वीडियो वाले पेन ड्राइव प्रसारित किए थे। लेकिन वह शिवकुमार ही थे, जिन्होंने प्रज्वल रेवन्ना के लिए ड्राइवर के रूप में काम करने वाले कार्तिक गौड़ा से पेन ड्राइव प्राप्त की और पूरे प्रकरण की योजना बनाई। देवराजे गौड़ा ने दावा किया कि सेक्स वीडियो घोटाले से संबंधित घटनाक्रम को संभालने के लिए एन. चेलुवरयास्वामी, कृष्णा बायरे गौड़ा और प्रियांक खड़गे सहित चार मंत्रियों की एक टीम बनाई गई थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, कुमारस्वामी और भाजपा को बदनाम करने के लिए बड़े पैमाने पर योजना बनाई थी। उन्होंने मुझे 100 करोड़ रुपये की पेशकश की और बॉरिंग क्लब के कमरा नंबर 110 में एडवांस के तौर पर 5 करोड़ रुपये भेजे। चन्नरायपटना के एक स्थानीय नेता, गोपालस्वामी को सौदे पर बातचीत करने के लिए भेजा गया था। शिवकुमार का मुख्य उद्देश्य कुमारस्वामी को राजनीतिक रूप से खत्म करना है। जब मैंने उनकी योजनाओं का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया, तो उन्होंने पहले मुझे अत्याचार के मामले में फंसाया, लेकिन कोई सबूत नहीं मिला। बाद में, उन्होंने मुझे यौन उत्पीड़न के मामले में फंसा दिया। जब ये चाल भी नाकाम हो गई तो उन्होंने मेरे खिलाफ रेप का केस दर्ज करा दिया। मुझसे चार दिनों तक पूछताछ की गई, लेकिन उन्हें कुछ भी पता नहीं चल सका। मेरे पास शिवकुमार की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग है। मैं उन्हें रिहा कर दूंगा और जेल से बाहर आते ही कांग्रेस सरकार गिर जाएगी। 6 मई को, देवराजे गौड़ा ने दावा किया था कि यौन उत्पीड़न के वीडियो वाली पेन ड्राइव जारी करने के पीछे शिवकुमार का हाथ था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का मुख्य निशाना प्रधानमंत्री मोदी हैं। उन्होंने दावा किया था कि मुझे सेक्स स्कैंडल की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) पर भरोसा नहीं है। मैं सभी सबूत सीबीआई को सौंप दूंगा। मेरे पास मौजूद वीडियो उन वीडियो से अलग हैं जो जारी किए गए हैं। देवराजे गौड़ा को छह दिन पहले कर्नाटक पुलिस ने यौन उत्पीड़न और अत्याचार मामले में गिरफ्तार किया था।

# खुद को पुलिसकर्मी बताने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पीन्या पुलिस से जुड़े ड्यूटी पर तैनात एक कांस्टेबल ने एक सेवानिवृत्त बेस्कॉम इंजीनियर को पकड़ा, जो खुद को पुलिस इंस्पेक्टर बताकर पुलिस स्टिकर वाले वाहन में घूम रहा था और लोगों को धोखा देने के लिए वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल कर रहा था। एक गुप्त सूचना के आधार पर, कांस्टेबल संजीव मारुति ने गंगाधर नाम के आरोपी से मुलाकात की और पाया कि वह जिस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर रहा था, उसकी पहचान ट्रूकॉलर ने पीन्या पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में की थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पर खुद को पुलिस इंस्पेक्टर बताने का संदेह है और उसने पैसे लेने के बाद आधिकारिक लाभ दिलाने का वादा करके कई लोगों को धोखा दिया है। वह लोगों को धोखा देने और पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए फर्जी पुलिस आईडी का उपयोग कर रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसे विस्तृत जांच के लिए केंद्रीय अपराध शाखा को सौंप दिया गया।

# समर्पण ग्रुप ने किया सिंघी का सम्मान




**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** समर्पण ग्रुप हुब्बल्ली द्वारा ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष, ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन, महावीर लिंब सेंटर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंघी को पुनीत गौ सेवा कार्य के लिए गोपाल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के उपलक्ष में ग्रुप द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रुप के अध्यक्ष जसराज लुनिया, पूर्व अध्यक्ष बाबुलाल पालगोता और गौतम गोलेछा ने उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर जयंतीलाल चौहान, मोहनलाल जैन, मदन तातेड़, गिरीश सुनकद, कांतिलाल पालगोता, दिनेश कोठारी, देवीचंद बागरेचा, अमराव सिंघ बैद, भूपेंद्र संघवी, मुकेश भंडारी, सुभाषचंद्रा डंक, मागरज भलगत सहित अन्य उपस्थित थे।

# आरोपी की स्थिति में मौजूद व्यक्ति द्वारा दिए गए बयान की प्रामाणिकता भी चर्चा के योग्य : मधु बंगारप्पा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्कूल शिक्षा और साक्षरता मंत्री मधु बंगारप्पा ने कहा कि आरोपी की स्थिति में मौजूद व्यक्ति द्वारा दिए गए बयान की प्रामाणिकता भी चर्चा के योग्य है। चिक्कमगलूरु में पत्रकारों से बात करते हुए वह भाजपा नेता देवराजे



गौड़ा के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जो पेन ड्राइव मामले और बलात्कार के आरोप में जेल में हैं। देवराजे गौड़ा की स्थिति पर विचार किया जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में कानून लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा, यहां पार्टी और व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने दावा किया था कि पेन ड्राइव मामले को लेकर उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार ने उन्हें 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया था। मंत्री ने कहा कि हममें से कोई भी इस आरोप को लेकर केस दायर करने से इनकार नहीं करेगा कि उन्होंने ऑफर दिया था, ऐसे आरोप लगाने वाला व्यक्ति कौन है? उसकी पृष्ठभूमि क्या है? उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने की जरूरत है। कथन की सत्यता भी विचारणीय है। देवराजे गौड़ा फिलहाल आरोपी हैं। उनके बयान पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। कानून अपनी कार्रवाई करेगा।

# राज्य सरकार के निर्देशानुसार पुलिस विभाग कर रही कार्य: सदानंद गौड़ा

#### महिलाएं टहलने तक जाने से डरती हैं

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने कहा कि आम लोगों की धारणा है कि राज्य में पुलिस विभाग मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के निर्देशन में काम कर रहा है। वह शनिवार को शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस महानिदेशक के कार्यालय का दौरा करने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि ऐसी स्थिति है कि महिलाएं टहलने तक जाने से डरती हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि अपराधी हत्या करके भाग जाते हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने की जानकारी पुलिस प्रमुख को दी गयी है। प्रदेश में बढ़ते जघन्य अपराधों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे आरोप हैं कि पुलिस विभाग सत्तारूढ़ दल के एजेंट के रूप में काम कर रहा है और इससे बचने और स्वतंत्र रूप से काम करने का अनुरोध किया गया है। सदानंद गौड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मालविका अविनाश, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अश्वथ नारायण, बेंगलूरु दक्षिण जिला अध्यक्ष और विधायक सी.के. राममूर्ति, बेंगलूरु उत्तर जिला अध्यक्ष एस. हरीश समेत अन्य द्वारा हस्ताक्षरित एक याचिका प्रस्तुत की गई। राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति और बढ़ती अपराध दर की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। वे यह भी जानते हैं कि कर्नाटक राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। पहले राज्य की कानून-व्यवस्था के मामले में अच्छी प्रतिष्ठा थी। यह अपराध को न्यूनतम रखने के लिए जाना जाता था। हालाँकि, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, हत्या, जबरन वसूली और गरीबों और उत्पीड़ितों के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है। याचिका में कहा गया है कि कर्नाटक ने इस प्रकार अपराध राज्य के रूप में बदनामी



अर्जित की है। वित्तीय अपराधों में कर्नाटक 9वें स्थान पर है, बच्चों के खिलाफ अपराधों में 46 प्रतिशत की वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों में 86 प्रतिशत की वृद्धि, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में तीसरा स्थान बेहद दुखद और चिंताजनक है।

कर्नाटक राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से खराब हो गई है। कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रही है। हम आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहेंगे कि उसने अपराध दर में वृद्धि के मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी की सरकार ने बेंगलूरु के ग्रामीण इलाकों समेत विभिन्न इलाकों में हार के डर से पुलिस विभाग का इस्तेमाल किया। जब भाजपा-जेडीएस कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ तो जान से मारने की धमकी के बावजूद मामला दर्ज नहीं किया गया और कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कांग्रेस प्रशासन की विफलता के कारण राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और अराजकता का माहौल है।

इससे यह संशय बना हुआ है कि राज्य में पुलिस विभाग है भी या नहीं और आम लोग भी यही सवाल उठा रहे हैं। एक व्यक्ति बंदूक लेकर घूम रहा है और मुख्यमंत्री को माला पहना रहा है, यह दुर्दशा की स्थिति है। लोग चिंता के साथ जी रहे हैं। प्रदेश उस स्थिति में है जहां एक वर्ग को मक्खन, दूसरे वर्ग को जेल और डंडे दिये जा रहे हैं। सांप्रदायिक हिंसा, राजनीति से प्रेरित शत्रुता की घटनाओं ने नागरिकों को सुरक्षा से वंचित कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए हिंदू कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ दुश्मनी पैदा करना बहुत आम बात है। कांग्रेस शासन में यह बार-बार साबित हुआ है कि कर्नाटक में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। बेलगावी की घटना भी बेहद अमानवीय है।

#### राज्य को कानून-व्यवस्था का मॉडल बनाने के लिए कार्रवाई करें

जब सिद्धरामैया समेत पूरा प्रशासन बेलगावी में विधानसभा सत्र आयोजित कर रहा था, तब एक 42 वर्षीय महिला की परेड कराई गई और उस पर हमला किया गया।

कांग्रेस सरकार समुदाय विशेष के अपराधियों से जुड़े मामलों में कार्रवाई के लिए तत्पर है। हुब्बल्ली में कई महिलाओं की हत्या कर दी गई है, जिनमें एक कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या का मामला और अंजलि नाम की एक युवती की हत्या भी शामिल है। साथ ही, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है और पुलिस विभाग ने तुरंत निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की है, जिससे जनता में आक्रोश है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल राज्य में बढ़ती अपराध दर और बिगड़ती कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग को अच्छा नाम दिलाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। नेताओं ने कहा कि वे तुरंत उच्च अधिकारियों की बैठक बुलाकर उचित निर्देश दें और राज्य को कानून-व्यवस्था का मॉडल बनाने के लिए कार्रवाई करें।

# प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं: देवेगौड़ा

### लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में किए दर्शन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स वीडियो घोटाले पर अपने पहले बयान में शनिवार को कहा कि मामले में मुख्य आरोपी भगोड़े जद (एस) सांसद के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने में कोई आपत्ति नहीं है। कथित तौर पर हासन के मौजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना को महिलाओं का यौन शोषण करते हुए दिखाने वाले वीडियो क्लिप के जारी होने से कर्नाटक में राजनीतिक हलकों और नागरिक समाज में हलचल मच गई है। यहां जेपी नगर में लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में दर्शन करने और अपने जन्मदिन पर विशेष पूजा करने के बाद मीडिया



से बात करते हुए देवेगौड़ा ने कहा राज्य के लोग जानते हैं कि जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना, मेरे बेटे के खिलाफ मामला कैसे चल रहा है। एक मामले में, तीन जमानतें दी गई हैं। एक अन्य जमानत याचिका पर फैसला सोमवार के लिए सुरक्षित रखा गया है। मैं इसका विश्लेषण नहीं करना चाहता कि घटनाक्रम कैसे हुआ। जब उनसे पूछा गया कि क्या देवेगौड़ा परिवार को घेरने की कोशिश की गई थी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह सच है। जैसा कि गिरफ्तार भाजपा नेता जी दे-वराजे गौड़ा ने दावा किया है, इसमें कई लोग शामिल हैं। मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी है, जो महिलाएं खतरे में हैं उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए और मुआवजा दिया जाना चाहिए। मैं इस मामले में 4 जून के बाद मीडिया से बात करूंगा। तब तक मैं कुछ नहीं बोलूंगा। प्रज्वल रेवन्ना और एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामलों की सुनवाई अदालत में चल रही है। मैं इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (उनके दूसरे बेटे) ने कहा है कि कार्रवाई कानूनी रूप से शुरू की जानी चाहिए। कई मामले में शामिल हैं और कुमारस्वामी ने मांग की है कि उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। देवेगौड़ा ने कहा कुमारस्वामी हमारे परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले मुद्दे पर बोलेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से कहा है कि कानूनी ढांचे के भीतर कार्रवाई शुरू करना सरकार की जिम्मेदारी है। मैं भी उन शब्दों को दोहराऊंगा। जब भाजपा नेता जी देवराजे गौड़ा के इस आरोप के बारे में पूछा गया कि डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने उनके परिवार को बदनाम करने के लिए 100 करोड़ रुपये की पेशकश की थी, तो देवेगौड़ा ने कहा कि कुमारस्वामी घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देंगे और वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। कुमारस्वामी सभी मामलों पर बोलेंगे। मैंने 91 साल पूरे कर लिए हैं। मैं मंदिर गया और प्रार्थना की। मैंने अपने प्रशंसकों से अनुरोध किया है कि वे इस साल मेरा जन्मदिन न मनाएं। मेरे प्रशंसकों और समर्थकों ने मंदिरों में पूजा की है। मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। सूत्रों ने पहले कहा था कि सेक्स वीडियो स्कैंडल सामने आने के बाद वह परेशान थे और उन्होंने दाढ़ी बढ़ा ली थी।

# मंत्री संतोष लाड ने अंजलि के परिवार वालों से की मुलाकात

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।**
जिला प्रभारी मंत्री संतोष लाड ने शनिवार को वीरपुरा ओनी की अंजलि अम्बिगेरा के घर का दौरा किया जिनकी हाल ही में हत्या कर दी गई थी और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। अंजलि की दादी गंगामा और बहनों को लाड ने प्रोत्साहित किया, जिन्होंने संतोष लाड फाउंडेशन की ओर से 2 लाख रुपये का चेक दिया। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अनुरोध किया कि अंजलि हत्याकांड की जांच सीआईडी को सौंपी जाये और एक विशेष अदालत का गठन किया जाये। यह अच्छा नहीं है कि ऐसे मामले समाज में और खासकर हुब्बल्ली-धारवाड़ में हो रहे हैं।

उन्होंने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त युवाओं की मन:स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। गृह मंत्री जल्द ही शहर का दौरा करेंगे और इस संबंध में सख्त कार्रवाई करेंगे। लापरवाह पुलिसकर्मियों को



निलंबित भी कर दिया गया। विपक्षी भाजपा नेता अपना काम कर रहे हैं। उनका काम सरकार का विरोध करना है। नशीली दवाओं की बिक्री प्रदेश ही नहीं पूरे देश में हो रही है।

अगर ऐसे मामले में शामिल लोगों के बारे में जानकारी दी गयी तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। यह अच्छा है कि वह श्री राम सेना की महिलाओं की रक्षा कर रहे हैं। लेकिन यह तो त्रिशूल दीक्षा देने और लेने वालों का मामला है। मैं इसका उत्तर नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि अगर कानून के मुताबिक नहीं दिया गया तो हम इसे जरूर रोकेंगे। अंजलि का परिवार गरीब है। सरकार की ओर से उन्हें मुआवजा दिया जायेगा। उन्होंने कहा मैं यह नहीं बताऊंगा कि समाधान क्या होगा। अंजलि के घर गए मंत्री संतोष लाड, विधायक प्रसाद अब्बैया को बीजेपी नेता अनूप बिजवाड़ा समेत स्थानीय लोगों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई और पूछा कि आप कहां थे। इतनी देर हो गयी और अब क्यों आये हो?

## गृह मंत्री के नाम का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करने वाला कांग्रेस से निष्कासित

**तुमकुरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कोराटागेरे नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्वथ नारायण ने कहा कि राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर के नाम का दुरुपयोग करने वाले और निर्दोष लोगों को धोखा देने वाले मोहम्मद जबैर को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है और मंत्री के आदेश के अनुसार उसकी सदस्यता खारिज कर दी गई है। शहर के राजीव भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने



कहा कि कोराटागेरे शहर के अल्पसंख्यक इकाई के अध्यक्ष मोहम्मद जबैर ने बेंगलूरु समेत कई जगहों पर गृह मंत्री के नाम का गलत इस्तेमाल किया और फोटो दिखाकर धोखाधड़ी की। उन्होंने कहा कि आरोपी जबैर ने राज्यपाल के पत्र, अधिकारियों के हस्ताक्षर और नामों का दुरुपयोग किया है, इसलिए उसे तत्काल बर्खास्त कर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। तालुक अल्पसंख्यक नेता मोहम्मद मकतियार ने कहा कि जबैर द्वारा की गई धोखाधड़ी को हमारे धर्म के सदस्यों सहित पार्टी द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# योग्य व्यक्ति को ही दें शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी: विजयेंद्र

### मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से की अपील

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई.विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया से योग्य व्यक्तियों को नियुक्त करने की अपील की, जो प्राथमिक शिक्षा विभाग का पर्याप्त प्रबंधन कर सकें, जो भ्रम का केंद्र बन गया है। इस संबंध में, उन्होंने अपने आधिकारिक वेबसाइट अकाउंट के माध्यम से सुझाव दिया कि विभाग उन लोगों को सौंपा जाना चाहिए जिनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता है। प्राथमिक शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं है। एक वास्तविक नींव जिस पर कल के नागरिकों का भविष्य आकार लेगा।

उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर कोई सरकार शिक्षा की उपेक्षा करती है तो यह एक नापाक प्रवृत्ति होगी जो देश के भविष्य को खतरे में डाल देगी। कांग्रेस सरकार के शिक्षा विभाग में ऐसी प्रवृत्ति के मद्देनजर प्राथमिक



शिक्षा अराजकता की स्थिति में पहुंच गई है, जिसे मुख्यमंत्री ने आज स्वीकार किया और एसएसएलसी परीक्षा को लेकर नाराज हैं, जो इतने निचले स्तर पर पहुंच गई है।

जिस दिन से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग दिशाहीन जहाज की तरह चल रहा है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को किनारे रखकर वास्तविक शिक्षा व्यवस्था को कुचलने की कोशिश कर रही सरकार की स्थिति वैसी ही हो गयी है जैसे बिना ड्राइविंग अनुभव वाला ड्राइवर गाड़ी या ट्रेन चलाये तो क्या होगा।

उन्होंने कहा कि आज ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग उन लोगों को सौंप दिया है जो आज्ञापालन नहीं जानते। इससे पहले भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने कहा था कि यह एक उपलब्धि है कि राज्य सरकार, जिसने घोषणा की थी कि वह राज्य शिक्षा नीति को लागू करेगी, सबसे वैज्ञानिक रूप से बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर राजनीतिक प्रभाव के कारण गंभीर अन्याय किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने पिछले एक साल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में शून्य योगदान दिया है। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह सरकार कॉलेज में खासकर स्नातक कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आलोचना की कि यह सरकार प्राथमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों के भविष्य को धुंधला कर रही है। हमारे पास सीबीएसई, आईसीएसई और स्वायत्त विश्वविद्यालयों सहित केंद्रीय पाठ्यक्रम वाले स्कूल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर उन छात्रों के लिए एक नीति है, तो सरकारी स्कूल के लिए एक और नीति है। यह दोहरी नीति क्यों। हमारे सरकारी स्कूल के बच्चों को हुनर कौन सिखाता है? उन्होंने एक शिक्षा नीति समिति का गठन किया। लेकिन राज्य सरकार उस कमेटी का प्रभावी नेतृत्व नहीं कर पा रही है। इसकी वजह यह है कि राज्य सरकार में कोई पूर्णकालिक शिक्षा मंत्री नहीं है। सुरेश कुमार ने कहा एक पूर्णकालिक शिक्षा मंत्री की जरूरत है, जिसकी जानकारी सरकार को नहीं है। इसलिए, उन्होंने शिकायत की कि राज्य सरकार ने छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ करके और उनका भविष्य बर्बाद करके एक बड़ा योगदान दिया है।

## देवेगौड़ा की 92वीं जयंती के अवसर पर पोस्टर का उद्घाटन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा की 92वीं जयंती के अवसर पर जेडीएस कार्यालय जेपी भवन के परिसर में गौड़ा के एक पोस्टर का अनावरण किया गया। बेंगलूरु महानगर जेडीएस के अध्यक्ष एच.एम.रमेश गौड़ा और विधान परिषद सदस्य टी.ए.शरवण के नेतृत्व में देवेगौड़ा के कटआउट का अभिषेक किया गया और शुभकामनाएं दी गईं। इससे पहले उन्होंने पार्टी कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया और गौड़ा को शुभकामनाएं दीं। सरवण ने कहा कि हमें भी दुख है कि देवेगौड़ा दुखी हैं। कुछ लोगों द्वारा कलंकित करने का प्रयास किया



जा रहा है और यह उन्हीं पर भारी पड़ेगा। सत्य की जीत होगी। इस देश के कानून पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से हर चीज का सामना करने की ताकत मिलती है। रमेश गौड़ा ने कहा कि बेंगलूरु के 28 विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष एक-एक केक लेकर आए और देवेगौड़ा का जन्मदिन मनाया। इसके अलावा, देवेगौड़ा के जन्मदिन के अवसर पर, हमने अस्पतालों में फल वितरित किए हैं। इस मौके पर रेवन्ना, गोपाल, शैलजा, कन्याकुमारी आदि पार्टी नेता मौजूद रहे।

## राज्य की सड़कों पर हत्याएं, क्या सो रहा है गृह विभाग? जेडीएस



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
जेडीएस ने आरोप लगाया है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। इस संबंध में जेडीएस ने एक अखबार में हत्या और बलात्कार के बारे में एक रिपोर्ट पोस्ट की है। पोस्ट में कहा कि क्या राज्य का गृह विभाग काम कर रहा है? या सो रहा हूँ? क्या गृह मंत्री इसका जवाब दे सकते हैं? सड़कों पर हत्याएं हो रही हैं। प्रदेश में बलात्कारियों का राज है। बेंगलूरु शहर में नशीली दवाओं की तस्करी बड़े पैमाने पर होती है। ये सब महज चार महीने में हुआ। इस सरकार में लोगों के लिए शांति की कोई गारंटी नहीं है।

# तटीय कर्नाटक में प्री-मॉनसून बारिश में 13 प्रतिशत की कमी

### सामान्य प्री-मानसून बारिश की थी उम्मीद

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
प्री-मानसून बारिश की अवधि मई में समाप्त होने वाली है और इस साल तटीय क्षेत्र में प्री-मॉनसून बारिश में 13 प्रतिशत की कमी देखी गई है। शुरुआत में यह अनुमान लगाया गया था कि कर्नाटक के तटीय जिलों में सामान्य प्री-मानसून बारिश होगी। हालाँकि, उम्मीद के मुताबिक बादल नहीं बने। आमतौर पर, दक्षिण कन्नड़ जिले में 1 मार्च से 15 मई तक 123 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस साल केवल 79 मिमी बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप 36 प्रतिशत की कमी हुई।

उडुपी में सामान्य 74 मिमी के बजाय 67 मिमी दर्ज किया गया, जो 10 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। कुल मिलाकर, 61 प्रतिशत की कमी के साथ, दोनों तटीय जिलों में प्री-मॉनसून बारिश उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। मई में केवल 12 दिन बचे हैं, संभावना है कि यह सिलसिला



जारी रहेगा। कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) के अनुसार, दक्षिण कन्नड़ के सभी तालुकों में इस वर्ष वर्षा की कमी का अनुभव हुआ। बेल्टांगडी में 31 प्रतिशत, बंटवाल में 63 प्रतिशत, मेंगलूरु में 43 प्रतिशत, पुत्तूर में 36 प्रतिशत, सुलिया में 13 प्रतिशत, मूडबिद्री में 8 प्रतिशत, कदबा में 48 प्रतिशत, मुल्की में 14 प्रतिशत और उल्लाल में 8 प्रतिशत की कमी देखी गई। इसके विपरीत, कुंदापुर में सामान्य से 24 प्रतिशत अधिक, कौप में 32 प्रतिशत अधिक और हेब्री में सामान्य प्री-मानसून बारिश से 11 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि इस वर्ष मानसून अनुमान से पहले आएगा, साथ ही वर्षा का स्तर भी अपेक्षित होगा। मई के आखिरी हफ्ते में मानसून के कर्नाटक के तटीय इलाके में पहुंचने की उम्मीद है। पिछले साल, मानसून 10 जून को आया था, जिससे शुरुआत में भारी बारिश हुई, लेकिन बाद में इसकी मात्रा कम हो गई, जिसके परिणामस्वरूप कुल मिलाकर मानसूनी बारिश में 19 प्रतिशत की कमी हुई। दक्षिण कन्नड़ में शुक्रवार को मध्यम बारिश जारी रही, जिसका ज्यादातर असर ग्रामीण इलाकों पर पड़ा। मेंगलूरु शहर में पूरे दिन बादल छाए रहने के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई और रात में कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। सुलिया और सुब्रमण्यम में काफी मात्रा में बारिश हुई। 19 और 20 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया था, लेकिन आईएमडी ने इसे घटाकर येलो अलर्ट कर दिया है।

## बैंकों को फसल ऋण के लिए सूखा राहत राशि जमा नहीं करने का दिया गया निर्देश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे 2023-24 के पिछले मानसून सीजन में सूखे की स्थिति के मद्देनजर फसल ऋण के लिए सरकार द्वारा जारी राहत राशि जमा न करें। इस संबंध में बेंगलूरु ग्रामीण जिला कलक्टर ने जिले के लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिया है। सरकार ने बेंगलूरु ग्रामीण जिले के सभी तालुकों को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है और एनडीआरएफ दिशानिर्देशों के अनुसार सूखा राहत के दूसरे चरण के तहत जिले में कुल 40,469 लाभार्थियों को कुल 18,85,68,305 रुपये जारी किए गए हैं। कलक्टर ने बताया कि यह मुआवजा सीधे हितग्राही के बैंक खाते में जमा किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि किसानों को दी जाने वाली सूखा राहत की राशि खेती या किसी अन्य मद में बैंकों में काट ली जा रही है। सभी बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे



फसल ऋण या किसी अन्य मामले में सरकार द्वारा जारी सूखा राहत में कटौती न करें और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया है। ज्ञातव्य है कि वरिष्ठ भाजपा नेता आर. अशोक ने शुक्रवार को कांग्रेस सरकार पर बैंकों को इस कठिन समय में अपने परिवारों को बचाने के लिए किसानों को दी गई सूखा मुआवजा राशि छीनने देने का आरोप लगाया था। यहां पत्रकारों से बात करते हुए विपक्ष के नेता अशोक ने कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए इसे किसान विरोधी बताया और उस पर सहानुभूति की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने बैंकों को उनके ऋणों के समायोजन के रूप में मनरेगा भुगतान और किसानों की पेंशन लेने की अनुमति देने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने मांग की कि सीएम सिद्धरामैया को जिला आयुक्तों को निर्देश देना चाहिए कि वे बैंकों को जमा धन का उपयोग ऋण वसूली के लिए न करने का निर्देश दें। उन्होंने कहा अगर बैंक अनुपालन नहीं करते हैं, तो सीएम सिद्धरामैया को किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने सूखा राहत के लिए 3,454 करोड़ रुपये जारी किए हैं। हालांकि, अशोक ने आरोप लगाया कि सीएम सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने अपना हिस्सा जारी नहीं किया है। उन्होंने राज्य सरकार पर केंद्रीय राहत पैकेज किसानों तक पहुंचाने में विफल रहने का आर-ोप लगाया। अशोक ने दावा किया कि राज्य सरकार ने आंखें मूंद ली हैं जबकि बैंक राहत राशि का उपयोग ऋण वसूली के लिए कर रहे हैं।

# हिमाचल की चारों सीटों पर प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा : नड्डा

**शिमला, 18 मई (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की नामांकन वापसी के बाद प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में शनिवार सुबह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कांगड़ा जिले के फतेहपुर के रैहन पहुंचे। श्री नड्डा कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज की रैली के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि नीति आयोग के अनुसार, भारत के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, यह बदलता भारत और इसकी बदलती छवि है। क्या आपने कभी सोचा था कि यहां हाईवे आएगा? क्या अब हाईवे का काम नहीं चल रहा है। कई परियोजनाएं चल रही हैं। जब यह बुनियादी ढांचा बनेगा, तो गांवों का विकास होगा।

श्री नड्डा ने आज हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा के नूरपुर और चंबा तथा सोलन के कुनिहार में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला तथा इंडी गठबंधन की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी तथा तुष्टिकरण की मानसिकता पर इंडी गठबंधन के घटक दलों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जनता का उत्साह-उमंग देखकर यह स्पष्ट होता है कि जनता ने भाजपा के सभी सीटों पर कमल खिलाने का मन बना लिया है। यह चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने का है। दस वर्ष के नेतृत्व में राजनीति की चाल, चरित्र, रवैया, संस्कृति और परिभाषा बदल दी है। दस वर्ष पूर्व सामान्य लोग ये मान चुके थे कि भारत में कुछ बदलने वाला नहीं है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से भारत बदल रहा है और लोगों में ये विश्वास आया है कि हम विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। पहले जाति, धर्म और क्षेत्र की राजनीति होती थी लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की राजनीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही है। आज विकासवाद और रिपोर्टकार्ड की राजनीति होती है। यह राजनीति का अंतर इसलिए आया क्योंकि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत की राजनीति की परिभाषा और संस्कृति बदल दी है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद आज अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान और रूस की अर्थनीति डगमगा रही है लेकिन नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से ऊपर उठकर 5वें स्थान पर आ गई है।

मॉर्गन स्टेनली रिसर्च की रिपोर्ट बताती है कि आज पूरे विश्व में यदि कहीं उम्मीद की किरण है तो वो भारत है। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगी। इस देश में ट्यूबरक्लोसिस की दवा आने में 25 साल लग गए, टिटनेस की दवा को आने में 28 साल लग गए, जापानी बुखार की दवा आने में 100 साल लग गए, जबकि मोदी के कार्यकाल में जनवरी 2020 में देश का पहला कोरोना केस आया और नौ महीने के अंदर कोरोना की 2-2 वैक्सीन बनाकर भारत को सुरक्षा कवच देने का काम किया। लेकिन कांग्रेसी कहते थे यह मोदी टीका है और खुद चुपचाप टीका लगवाकर जनता से झूठ बोल रहे थे। आज 220 करोड़ डबल डोज़ लगाकर 140 करोड़ जनता को कोरोना महामारी से बचा लिया। भारत ने अन्य 100 देशों को वैक्सीन पहुंचाया जिसमें 48 देशों को मुफ्त में वैक्सीन दिया। अब भारत मांगने वाला नहीं बल्कि देने वाला देश है। दुनिया में दवाई के निर्यात में भारत अब दूसरे नंबर पर आ गया है। आज दुनिया में सबसे सस्ती और कारगर दवा भारत बना रहा है।

पेट्रोकैमिकल क्षेत्र में देश की बढ़ोतरी हो रही है। पहले के समय में गणेश भगवान की मूर्ति चीन से आती थी, लेकिन आज मोदी के नेतृत्व में खिलौनों का उत्पादन ढाई गुना बढ़ गया है। 10 वर्ष पहले मोबाइलों पर मेड इन चाइना, ताइवान, जापान और कोरिया लिखा रहता था, लेकिन आज मेड इन इंडिया लिखा रहता है।

कुशल नेतृत्व के कारण दुनिया के मानचित्र पर भारत बहुत गौरव के साथ स्थापित हुआ है और विकसित भारत के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

भाजपा नेता ने कहा कि आज भाजपा शासन में चार करोड़ गरीबों को पक्के घर बनाकर दिए गए हैं और मोदी का संकल्प है कि अगले पांच वर्षों में तीन करोड़ पक्के घर और बनाए जाएंगे, कोई भी पक्की छत के बिना नहीं रहेगा। देश के लोगों के घरों का बिजली का बिल शून्य करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर घर पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे और जो बिजली बच जाएगी उसे सरकार खरीदेगी ताकि यह लोगों की आमदनी का भी माध्यम बन सके। आने वाले वर्षों में हर घर तक पाइप से गैस को पहुंचाया जाएगा।

# उत्तर भारत में लू का प्रकोप जारी, गर्मी से लोगों को नहीं मिल रही राहत

**नई दिल्ली,18 मई (एजेंसियां)।** पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू ने न केवल लोगों को बेहाल कर दिया है बल्कि लू के थपेड़ों ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक दिल्ली समेत नौ राज्यों में लू का अलर्ट जारी किया है। इनमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।




इस बीच मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार की दोपहर को न्यूज बुलेटिन जारी किया। आईएमडी के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप बना रहेगा। अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वी-मध्य भारत में लू की स्थिति जारी रह सकती है। दक्षिण भारत में 23 मई तक भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। साथ ही 19-21 मई के दौरान तेज बारिश होने की उम्मीद भी जताई है। इस बीच राहत की बात यह है कि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 19 मई के आसपास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात में के कुछ हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना जताई है। विभाग ने ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में भी लू चलने की संभावना जताई है। शुक्रवार को उक्त राज्यों के कई शहरों में तापमान 43 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के आगरा में पारा 46.9 डिग्री पहुंचा। इसके अलावा ओडिशा, झारखंड, गोवा, असम और त्रिपुरा में आज उमसभरी गर्मी का अनुमान जारी किया गया है।

उधर, दक्षिण भारत के राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज से अगले पांच दिन तक तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में भारी बारिश का दौर रहेगा। वहीं, कर्नाटक में दो दिन बाद यानी 20 मई से तेज बारिश की संभावना बनेगी। तमिलनाडु में शुक्रवार को भी तेज बारिश हुई। इससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालत बन गए। तमिलनाडु की राज्य आपदा मोचन बल की टीम ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। टीम शुक्रवार देर रात ही चेन्नई से तिरुनेलवेली पहुंच गई है। जिले के निचले इलाकों में भारी बारिश से निपटने की तैयारी कर रही है। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण तिरुपुर जिले में तिरुमूर्ति पहाड़ियों पर स्थित अमनलिंगेश्वर मंदिर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। इसके बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया।

आईएमडी ने 18 से 20 मई के बीच केरल के मलप्पुरम और वायनाड जिलों में ऑरेंज अलर्ट और अन्य आठ जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया। लोगों से 21 मई तक समुद्र से दूर रहने की हिदायत दी है। साथ ही तेज आंधी और तूफान की संभावना भी जताई है। आईएमडी ने कर्नाटक के शिवमोगा, चिक्कमगलुरु, कोडागु, हसन, मैसूर, मांड्या, चामराजनगर, उडुपी और दक्षिण कन्नड़ जिलों में 17 से 21 मई के बीच तेज बारिश की संभावना जताई है। शनिवार को कोडागु, हसन, मैसूर, मांड्या और तुमकुरु जिलों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

# चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल गायब होने की खबर गलत: रक्षा मंत्रालय




**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)।** रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर चिनूक के मॉडल के लखनऊ में गायब होने की खबरों का खंडन किया है।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर मीडिया में इस संबंध में आई खबर को भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया।

उन्होंने कहा कि लखनऊ में 2020 में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी से चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है। अमेरिकी कंपनी चिनूक हेलीकॉप्टर बनाती है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लखनऊ में कभी भी इस हेलीकॉप्टर का मॉडल न तो प्रदर्शनी में लगाया और न ही इसका प्रदर्शन किया गया।

प्रवक्ता ने कहा कि रक्षा प्रदर्शनी 2020 में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई और इस प्रदर्शनी के दौरान कोई भी उत्पाद या मॉडल गायब नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदर्शनी के दौरान डीआरडीओ ने चिनूक हेलीकॉप्टर का जो मॉडल वहां लगाया था वह गायब हो गया। भारत ने वायु सेना के लिए अमेरिका से चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदे हुए हैं जो भारी भरकम हथियारों और साजो सामान को कहीं भी ले जाने में सक्षम हैं।

# झारखंड में लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद के बाद पॉलिटिकल जिहाद : प्रतुल शाहदेव

**रांची, 18 मई (एजेंसियां)।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन पर पॉलिटिकल जिहाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। श्री शाहदेव ने आज यहां मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुस्लिम समुदाय के एक तबके के द्वारा भोली भाली आदिवासी लड़कियों को प्रेम जाल में फांसकर विवाह किया जाता है। बाद में आदिवासियों के लिए आरक्षित मुखिया, जिला परिषद, पंचायत ,सरपंच की सीटों पर उन्हें लड़ा कर सत्ता पर काबिज होने का पॉलिटिकल जिहाद होता है। उसके बाद से इस आदिवासी महिला की भूमिका को कम किया जाता है और सारा कामकाज




उसके मुस्लिम पति देखने लगते हैं।

श्री शाहदेव ने पाकुड़ जिले के असंख्य उदाहरण देते हुए राज्य के दूसरे जिलों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने बताया की पाकुड़ जिले में ऐसे कई दर्जन उदाहरण हैं जिस पर इन मुस्लिम कट्टरपंथियों ने अपनी आदिवासी पत्नियों को चुनाव जीता कर सत्ता में काबिज होने का षड्यंत्र रचा है। इनमें से कुछ ने तो इन भोली भाली आदिवासी बेटियों को फंसा कर दूसरी और तीसरी पत्नी के रूप में

# हिमाचल में मिला अफीम की खेती का जंगल, 13 खेतों में 17 हजार 106 पौधे

**मंडी, 18 मई (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश स्टेट विजिलेंस व एंटी क्रप्शन ब्यूरो की टीम ने मंडी जनपद के दुर्गम इलाके में अफीम के जंगल का पर्दाफाश किया है। गोपनीय सूचना के आधार पर दबिश में विजिलेंस की टीम ने अफीम के 17,106 पौधे बरामद किए। परढंग के दुर्गम क्षेत्र चौहार थाटी के गढ़गांव में अवैध तरीके से अफीम की खेती की जा रही थी।



वन विभाग की भूमि में तकरीबन 13 खेतों में अफीम के पौधे उगाए गए थे। लिहाजा, सीधे तौर पर किसी के खिलाफ मुकद्मा नहीं हुआ है। जानकार बताते हैं कि 17 हजार पौधों से बड़ी मात्रा में अफीम की पैदावार करने की तैयारी थी, जिसकी कीमत बाजार में करोड़ों रुपए हो सकती थी। जानकारी के मुताबिक मौके पर ही पौधों को नष्ट कर दिया गया। घटनास्थल पर हलके के पटवारी को तलब किया गया। राजस्व रिकॉर्ड में इस बात का खुलासा हो गया कि अवैध रूप से खेती वाली भूमि वन विभाग की मलकियत है। विजिलेंस ने मंडी थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विजिलेंस के प्रवक्ता ने इस मामले की पुष्टि की है।

# अदालत ने जिलाधिकारी का बंगला बेचने का दिया आदेश

**बर्धमान, 18 मई (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल की एक स्थानीय जिला अदालत ने जिला मजिस्ट्रेट के आधिकारिक बंगले को जब्त करने और उसकी नीलामी करने का आदेश दिया। बंगले के नीलामी की राशि मुआवजे के तौर पर उस व्यक्ति को दी जाएगी, जिसने अपनी जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार के लिए दी थी।

अदालत के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पूर्वी बर्धमान जिला सत्र अदालत ने शुक्रवार को यह आदेश सुनाया। जिसमें भूमि देने वाले सुशांत कुमार गोस्वामी ने 2023 में दूसरी बार न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की थी। राज्य सरकार ने 2010 में अदालत के फैसले के बावजूद याचिकाकर्ता सुशांत के जमीन की



धनराशि का भुगतान नहीं किया था।

स्थानीय प्रशासन द्वारा दुर्गापुर एक्सप्रेसवे के विस्तार के लिए भूमि की कीमत का मूल्यांकन कर भुगतान करने का आश्वासन देने के बाद सुशांत ने 2007 में एक्सप्रेस-वे के लिए अपनी जमीन दी थी। शिकायतकर्ता ने 2010 में अदालत का दरवाजा उस समय खटखटाया जब सरकार ने उन्हें जमीन के पैसे नहीं दिये थे। बाद में, अदालत ने मूल्यांकन के आधार पर 26 लाख रुपए का भुगतान करने का आदेश जारी किया। वर्ष 2015 में, फिर से शिकायतकर्ता अदालत पहुंचा और बाजार के तत्कालीन मूल्यांकन के अनुसार 54 लाख रुपए की मांग की।

सूत्रों ने कहा कि 2023 में, शिकायतकर्ता फिर से अदालत पहुंचा और बाजार दर दो लाख रुपए के हिसाब से अपनी जमीन का हिसाब करने की मांग की। बाद में, अदालत ने शुक्रवार को पूर्वी बर्धमान जिले के मजिस्ट्रेट बंगले को जब्त करने और इसकी आय से पैसे का भुगतान करने का आदेश दिया।

# चुनाव के दौरान 8890 करोड़ रुपए की नकदी, ड्रग व अन्य सामग्री जब्त

**नई दिल्ली,18 मई (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग ने शनिवार को बताया कि लोक सभा चुनाव की इस समय चल रही चुनाव प्रक्रिया को धन-प्रलोभन से मुक्त रखने के प्रयास के तहत देश भर में अब तक कुल 8,890 करोड़ की नकदी और अन्य सामग्री जब्त की गयी है। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसकी सतर्कता के चलते अब तक 849.15 करोड़ रुपए नकद सहित कुल 8889.74 करोड़ रुपए की नकदी, शराब ड्रग और महंगी धातु तथा उपहार की सामग्रियों की जब्ती की गयी है।




आयोग ने कहा है कि यह जब्ती जल्दी ही नौ हजार करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच सकती है। जब्त की गयी कुल वस्तुओं और नकदी में 45 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न मादक दवाओं (ड्रग) का है। आयोग ने कहा है कि सूचना पर आधारित समन्वित कार्रवाई और निरंतर सतर्कता से इस बार चुनाव के दौरान जब्त की गयी नकदी और अन्य सामग्रियों का मूल्य अभूतपूर्व है। विज्ञप्ति के अनुसार, सात चरणों में कराये जा रहे लोक सभा चुनाव के दौरान अब तक 814.85 करोड़ रुपये की 5,39,74,193.43 लीटर शराब, 3958.85 करोड़ रुपये के ड्रग, 1260.33 करोड़ रुपये की कीमती धातुओं और 2006.56 करोड़ रुपये की मुफ्त बांटे जाने वाली वस्तुएं शामिल हैं।

लोक सभा चुनाव के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधान सभा के चुनाव भी कराये जा रहे हैं। आयोग द्वारा जारी की गयी जानकारी के अनुसार, सर्वाधिक 92 करोड़ की नकदी कर्नाटक में पकड़ी गयी है और कर्नाटक में ही सर्वाधिक 1.47 करोड़ लीटर से अधिक शराब जब्त की गयी है।

# बंगाल में कांग्रेस को नष्ट करने की कोशिश करने वालों के साथ नहीं जाऊंगा: अधीर

## कांग्रेस सांसद ने दिखाए बगावती तेवर, कहा-मेरी लड़ाई नैतिक

**कोलकाता,18 मई (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष और लोक सभा के पांच बार के सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को कहा कि वह पार्टी के सिपाही हैं और राज्य में पार्टी (कांग्रेस) को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों के साथ नहीं जा सकते हैं। श्री चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस के साथ पार्टी के चुनाव बाद के संबंधों के मुद्दे पर आलाकमान के खिलाफ विद्रोही तेवर दिखाया। श्री चौधरी मुर्शिदाबाद के बहरामपुर से पांच बार के सांसद हैं और मौजूदा समय में लगातार छठी बार संसद में जाने के लिए चुनावी समर में उतरे हैं। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान के जवाब में उक्त बातें कहीं।

श्री खड़गे ने कहा था कि ममता बनर्जी को इंडिया समूह में शामिल करने का फैसला श्री चौधरी को नहीं, बल्कि आलाकमान को करना है। इससे पहले श्री चौधरी ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें सुश्री बनर्जी पर भरोसा नहीं है और वह जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ भी जा सकती हैं।

श्री चौधरी ने सुश्री बनर्जी पर इंडिया समूह को तोड़ने का भी आरोप लगाया था। उन्होंने यह टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस के उस बयान के एक दिन बाद की थी, जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर इंडिया समूह लोकसभा चुनाव जीतता है, तो वह उसे बाहर से समर्थन देंगी। सुश्री बनर्जी ने कहा था कि उन्होंने इंडिया समूह बनाया और उनकी पार्टी का गठबंधन है। इसके जवाब में श्री चौधरी ने कहा, कांग्रेस का दिल्ली में गठबंधन है, लेकिन पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और वाम दलों के साथ नहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हालांकि मुंबई में इंडिया समूह के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2004 में वाम दलों ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार को बाहर से समर्थन दिया था और अब सुश्री बनर्जी ने कहा कि चुनाव जीतने की स्थिति में उनकी पार्टी उन्हें समर्थन दे सकती है।

# देश सर्वोपरि, विकसित भारत के निर्माण में बाधा हुई तो सत्ता ठुकरा देंगे: योगी

## महाराष्ट्र के मालेगांव कैंप में धुले लोकसभा सीट के लिए हुई योगी की जनसभा

**मालेगांव कैंप (महाराष्ट्र), 18 मई (एजेंसियां)।**

कांग्रेस और इंडी गठबंधन के पास देश के विकास को लेकर न तो कोई विजन है और न ही मिशन। यह लोग केवल किसी भी तरह सत्ता हासिल करना चाहते हैं। यह केवल देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। हमारे लिये देश सर्वोपरि है।

हम राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देंगे। हमारी सरकार देश के विकास और विकसित भारत की संकल्पना में अगर कभी बाधित बनेगी तो हम सत्ता को ठुकरा देंगे। हम पहले विकसित भारत के निर्माण में आगे बढ़ेंगे। कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोग किसी भी कीमत पर सत्ता चाहते हैं, जिसे हमें स्वीकार नहीं करना चाहिये। उनके पास सिर्फ आप लोगों को गुमराह करने और झूठ का अस्त्र बचा है, लेकिन हमें गुमराह नहीं होना है। हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता सौंपने के साथ ही एनडीए को भारी मतों से जिताकर इतिहास बनाना है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाराष्ट्र के मालेगांव कैंप में धुले लोकसभा क्षेत्र के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने सांसद व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुभाष भामरे के पक्ष में वोट की



अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह लोग आपकी सम्पत्ति का सर्वे कराकर उस पर टैक्स लगाना चाहते हैं। कांग्रेस का विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमें कांग्रेस को सिरे से खारिज करना है। सीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन के एक प्रत्याशी के लिये मुंबई ब्लास्ट का दोषी इकबाल मूसा वोट मांगते हुए दिखायी दे रहा है, क्या इसे आप स्वीकार करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र पर नजर डालें तो वह मुस्लिम लीग का मेनिफेस्टो है। इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध की बात है। इसके जरिये यह लोग मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते



हैं। बाबा साहेब हमेशा धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। यह उनका अपमान कर रहे हैं। यह लोग अल्पसंख्यकों को गौ मांस खाने की छूट देना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी में एक भी स्लाटर हाउस नहीं है। कांग्रेस पर हमलावर सीएम ने कहा कि अब महात्मा गांधी, सरदार पटेल और लोकमान्य तिलक के नेतृत्व वाली कांग्रेस नहीं है, बल्कि यह सोनिया और राहुल गांधी वाली कांग्रेस है। यही वजह है कि इस परिवर्तित कांग्रेस के लिए देश मायने नहीं रखता है, इन्हें तो सिर्फ सत्ता दिखती है। यह लोग कंगाल पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। खाते तो हिंन्दुस्तान का है, लेकिन गाते पाकिस्तान के लिये हैं। इन्हें वहीं जाकर भूखों मरना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 वर्ष बाद अयोध्या में भव्य मंदिर बनाकर रामलला को विराजमान कर दिया है। कांग्रेस के लोग कहते थे कि अगर अयोध्या को लेकर हिंदू पक्ष में फैसला आएगा तो दंगे होंगे, खून की नदियां बहेंगी और भारत पर हमला हो जाएगा। शायद यह लोग भूल गए कि यह नया भारत है। यह बोलता नहीं है, करके दिखाता है। हमने अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाकर दिखा दिया है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कहते हैं कि हमारी सरकार आएगी तो राम मंदिर को धुलवाएंगे। इन्हें मालूम नहीं कि जनता इन्हें इस लायक छोड़ेगी ही नहीं कि यह अयोध्या पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के 140 करोड़ लोगों की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साढ़े 6 करोड़ मुस्लिम आबादी है, लेकिन पिछले सात वर्षों में एक भी कर्फ्यू-दंगा नहीं हुआ है।

प्रदेश में जहां-जहां बड़े-बड़े माइक लगे थे, सब उतार कर रख दिये गये हैं। अब सड़क पर नमाज नहीं होती है। वहां कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पाले जितने भी दंगाई और बड़े-बड़े माफिया थे, आज उनकी राम नाम सत्य की यात्रा निकल चुकी है। कुछ लोग तो बोलते थे कि साहब हमें जेल डाल दीजिए, लेकिन मैंने कहा कि जेल नहीं तुम्हारी जगह जहन्नुम है और ऐसे माफिया को वहां पहुंचा दिया गया है। विकास की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का ऐसा जाल बिछाया है, जिसे दुनिया देखती रह जाती है।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, महाराष्ट्र सरकार के मंत्री दादा साहेब भुसे, राज्यसभा सांसद अजीत, आमदार जयकुमार रावल, मंगेश चौहान, जिलाध्यक्ष मालेगांव नीलेश कचुवे, जिलाध्यक्ष गजेंद्र, बावन राव चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# रविवार को छह चुनावी रैली करेंगे सीएम योगी



**लखनऊ, 18 मई (एजेंसियां)।**

चुनावी पिच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को छह रैली करेंगे। इस चुनाव में योगी आदित्यनाथ यूपी के संभवतः पहले ऐसे नेता होंगे, जो एक ही दिन में छह-छह रैलियों को संबोधित करेंगे। इन छह लोकसभा सीटों पर तीन नए प्रत्याशियों को भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है। दो सीटों पर सांसदों को टिकट दिया गया है, जबकि 2019 चुनाव में एक सीट पर हारी भाजपा इस बार कमल खिलाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को एनडीए प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में 50वें दिन उतरेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को छह रैली करेंगे। उनकी पहली रैली आजमगढ़ से सांसद, लोकसभा प्रत्याशी व भोजपुरी के सुपरहिट अभिनेता/गायक दिनेश लाल यादव निरहुआ के लिए होगी तो दूसरी जनसभा सीएम योगी लालगंज से भाजपा उम्मीदवार नीलम सोनकर के लिए करेंगे। 2019 में यह सीट बसपा ने जीती थी, लेकिन इस बार कमल खिलाने के लिए 16 मई को पीएम नरेंद्र मोदी संग योगी आदित्यनाथ ने यहां रैली की थी। वे रविवार को फिर लालगंज में रहेंगे। इसके अलावा जौनपुर से कृपाशंकर सिंह के लिए भी जनसभा कर रविवार को सीएम वोट मांगेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को ही इलाहाबाद व फूलपुर संसदीय सीट पर चुनाव प्रचार करेंगे।

दोनों ही सीटों पर पार्टी की ओर से नए प्रत्याशियों पर दांव लगाया गया है। इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी व फूलपुर से विधायक प्रवीण पटेल लोकसभा चुनाव में मैदान में हैं। वहीं प्रतापगढ़ से भाजपा सांसद व प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के लिए भी योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार करेंगे। रविवार को सीएम की आखिरी रैली इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में होगी।

# 6 महीने में पीओके होगा भारत का हिस्सा : योगी आदित्यनाथ

## सीएम योगी ने महाराष्ट्र के पालघर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया



**पालघर, 18 मई (एजेंसियां)।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने के 6 महीने के भीतर पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हालात खराब हैं, उससे पीओके संभाले नहीं संभल रहा है और पीओके के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां नालासोपारा वेस्ट में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हेमंत सांवरा के लिए जनता से वोट की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी के हिन्दवी स्वराज को प्रधानमंत्री मोदी साकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज कोई टेढ़ी नजर से भारत को देखता है तो उसकी नजर निकाल ली जाती है। कहा कि इस चुनाव में जनता कांग्रेस का विसर्जन कर रही है। योगी ने कहा कि अब यूपी में कोई सड़क पर नमाज नहीं पढ़ सकता, मस्जिदों से लाउडस्पीकर भी उतार लिये गये हैं। उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान का राग अलापने वाले वहीं जाकर भीख मांगे। सीएम योगी ने यह भी कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर।


योगी आदित्यनाथ ने हिन्दवी स्वराज का बोध जागृत करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज और क्रांतिकारी राघव जी भागरे व श्रीकृष्णा जी राव को नमन किया। उनहोंने कहा कि पिछली बार यहां आया था तो कांग्रेस का सूर्यास्त हो गया था। सीएम योगी ने कांग्रेस के साथ साथ उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग कहते थे कि भाजपा वाले 100 जन्म भी ले लेंगे फिर भी राम मंदिर नहीं बनवा पाएंगे। हम तब भी कहते थे कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने जो कहा वो कर के दिखा दिया। कहा कि अब इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि अगर कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी तो फिर राम मंदिर का क्या करना है ये हम तय करेंगे। योगी ने कहा कि रामलला उन्हें इस लायक छोड़ेंगे ही नहीं कि वो कभी दिल्ली पहुंच सकें। ये लोग देश को डराते थे कि राममंदिर का फैसला आएगा तो देश में दंगे हो जाएंगे। आज राममंदिर में श्रीरामलला विराजमान भी हो चुके हैं मगर एक तिनका भी नहीं हिला, दंगा तो बहुत दूर की बात है। उन्होंने बताया कि यूपी में पिछले 7 साल में कोई दंगा नहीं हुआ।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले यूपी में बड़े बड़े माफिया सत्ता का संचालन करते थे, बेटी व्यापारी के लिए खतरा थे। हमने बुलडोजर चला के एक झटके में सब खत्म कर दिया। अब यूपी में सड़क पर कोई नमाज नहीं पढ़ता। अब वहां मस्जिदों से माइक भी उतर गये हैं। लोग कुछ समय में लोग उस चिल्लाहट को भूल भी जाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि आज भारत का पूरी दुनिया में सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगा है। कांग्रेस के समय में आतंकवादी बम फोड़ते थे। तब कांग्रेसी कहते थे कि आतंकवादी सीमापार से हैं। योगी ने सवाल पूछा कि अगर आतंकी सीमापार थे तो हमारी मिसाइलें किस दिन के लिए थीं। कहा कि मोदी जी ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारा है। ब्रिटिश अखबार भी बताता है कि पाकिस्तान में जितने बड़े आतंकी थे वो एक एक करके मारे गये हैं। कोई हमारे लोगों को मारेगा तो हम उसे पूजेंगे नहीं, हम वही करेंगे जिसके वो हकदार हैं।

# आपका वोट कांग्रेस के अंदर घुसी औरंगजेब की आत्मा का नाश करेगा: योगी

## मुंबई उत्तर-मध्य लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उज्ज्वल निकम के समर्थन में हुई जनसभा





**कुर्ला वेस्ट मुंबई, 18 मई (एजेंसियां)।**

नए अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन गया तो कांग्रेसियों को चिढ़ हो रही है। उत्तर प्रदेश में यह कहते हैं कि राम मंदिर बेकार बना। राम मंदिर भारत में नहीं बनना चाहिए था। मैंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में जन्मभूमि पर राम मंदिर बनाना था, हमने बना दिया है। कांग्रेसियों से कह रहा हूं कि आपके पास मौका है, आप भी इटली में राम मंदिर बनवा दीजिए। यदि राम मंदिर से चिढ़ है तो बजरंग बली का ही मंदिर बनवा दीजिए। कांग्रेस नेता कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो राम मंदिर को धुलवाएंगे। मुझे पता है कि भगवान कांग्रेसियों को सद्बुद्धि नहीं देंगे। रामलला और भारत के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने वालों को राम ने इस लायक ही नहीं छोड़ा कि वे सत्ता में आएंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व नामचीन अधिवक्ता उज्ज्वल निकम के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।

सीएम योगी ने कहा कि यह चुनाव रामभक्त व रामद्रोहियों के बीच सिमट गया है। राष्ट्रभक्त ही रामभक्त है और रामभक्त ही राष्ट्रभक्त है। भाजपा ने इस सीट से राष्ट्रभक्त को मैदान में उतारा है। मुंबई में हुए हमले में हेमंत करकरे, मुंबई एटीएस के बहादुर अधिकारियों समेत सैकड़ों लोग शहीद हुए थे। आज कांग्रेस बेशर्मी से उन बहादुर अधिकारियों की शहादत पर प्रश्न खड़ा कर कसाब जैसे कसाई को महिमा मंडित कर रही है, लेकिन हमारे प्रत्याशी उज्ज्वल निकम ने उसे फांसी के फंदे तक पहुंचाने का कार्य किया था। ऐसे ब्रिलियंट प्रॉसीक्यूटर भारतीय न्यायपालिका से जुड़ते हैं तो न्यायपालिका का गौरव बढ़ता है और माफिया-आतंकियों के पैर कांपते हैं। इन्हें कर्मों की सजा मिलती है। मुंबई हमले के गुनाहगारों को उचित सजा, भारत मां के सपूतों और मुंबई को न्याय दिलाने वाले उज्ज्वल निकम ने जान जोखिम में डालकर अपराधियों, माफिया और देशद्रोहियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी थी, जिससे दोबारा कोई मुंबई पर हमला करने का दुस्साहस नहीं कर पाया।

सीएम ने कहा कि रामभक्त-राष्ट्रभक्त ही विकास व सुरक्षा भी करेगा। उज्ज्वल निकम मोदी की गारंटी को 100 फीसदी जमीनी धरातल पर उतारने के लिए विकास की पैरवी करेंगे। कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। कमल पर पड़ा हर वोट इसे समाप्त करने और तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी में विश्वनाथ धाम बन गया है। अब कृष्ण कन्हैया के मथुरा की बारी है।

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत सुरक्षित है। विरासत, विकास के साथ गरीब कल्याणकारी योजनाओं को भी बढ़ा रहा है। कांग्रेस सरकार से जब कहा जाता था कि आतंकी हमले कर रहे हैं तो वे कहते थे कि आतंकी सीमा पार के हैं। अब पटाखे फूटने पर पाकिस्तान सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है। उसे पता ही नहीं है कि यह दीपावली पर पटाखे और आतिशबाजी हो रही है।

# सीएम योगी ने 49 दिन में 111 जनसभाओं को संबोधित किया

**लखनऊ, 18 मई (एजेंसियां)।**

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पांचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। 18 मई यानी शनिवार की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर चुनाव होंगे। इन सभी सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लिए योगी आदित्यनाथ चिलचिलाती धूप और 45 डिग्री तापमान में भी आमजन के बीच पहुंचे तो वहीं मौसम की परवाह किए बिना भी योगी आदित्यनाथ की रैलियों में जबर्दस्त भीड़ उमड़ती रही। आमजन का यह प्यार, स्नेह देख योगी आदित्यनाथ भी यूपीवासियों के विश्वास के प्रति आभारी रहे। वहीं पांचवें चरण पर निगाह दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश के लिहाज से यह चरण काफी महत्वपूर्ण है। इस चरण में यूपी की सबसे खास सीटों में से एक अयोध्या (लोकसभा-फैजाबाद) में भी चुनाव है। वहीं केवल एक सीट (रायबरेली) कांग्रेस के पास है, शेष पर भाजपा का कब्जा है। रायबरेली सीट पर भी कमल खिलाने और शेष पर पिछली बार से बढ़त दिलाने के लिए भी योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रत्याशियों का हाथ थामे रखा। उत्तर प्रदेश के अलावा स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ अब तक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चुके हैं।

योगी आदित्यनाथ 49 दिन के भीतर लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 144 कार्यक्रम कर चुके हैं। 27 मार्च को मथुरा से सीएम ने प्रबुद्ध सम्मेलन कर यूपी की चुनावी कमान संभाल ली थी। 27 मार्च से 18 मई तक कुल 49 दिन सीएम मैदान में उतरे। इनमें



111 जनसभा कर कर्मयोगी के रूप में बनी अपनी पहचान को एक बार फिर सार्थकता प्रदान की। वहीं अब तक उन्होंने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 12 रोड शो भी कर लिए हैं। इसके अलावा सीएम योगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (सातवें चरण में मतदान) व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी उपस्थित रहे। वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन में भी उन्होंने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त पांचवें चरण में होने वाले लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव में भी सीएम योगी ने पार्टी प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए जनसभा कर मतदाताओं से समर्थन की अपील की।

भजन गायक कन्हैया मित्तल का गीत जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे जुबां-जुबां पर चढ़ गया है। अयोध्या में 500 वर्ष की प्रतीक्षा के उपरांत रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान हुए तो इसका श्रेय मोदी-योगी की जोड़ी को जाता है। इस जोड़ी को यूपी समेत पूरे भारत में काफी मान मिल रहा है। ऐसे में इस चरण में फैजाबाद सीट पर होने वाला चुनाव भी काफी दिलचस्प होगा। इस सीट से भाजपा सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग सीएम योगी आदित्यनाथ का जबर्दस्त रोड शो निकला था। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने दो अन्य जनसभा भी लल्लू सिंह के लिए की। मतदाताओं ने यूपी के योगी को आश्वस्त करते हुए कहा कि रामभक्त ही राज करेगा, दिल्ली के सिंहासन पर।

पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों में से पांच पर पांच केंद्रीय मंत्री मैदान पर हैं। यूपी के मुखिया के तौर पर इन पांचों केंद्रीय मंत्रियों के लिए योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार किया और कमल खिलाने की अपील की। इस चरण में सबसे बड़ा नाम रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह का है। वहीं अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा व फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति भी इन्हीं सीटों से प्रत्याशी हैं।

यूपी में वर्तमान में रायबरेली ही एक सीट है, जिस पर अभी कांग्रेस का कब्जा है। इस सीट से योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भाजपा से मैदान में हैं।

वहीं कैसरगंज और बाराबंकी सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने नए प्रत्याशियों पर दांव चला है। कैसरगंज में पार्टी ने युवा चेहरे करण भूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा है तो बाराबंकी से उपेंद्र रावत की जगह राजरानी रावत पर भाजपा ने दांव लगाया है। राजरानी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग सीएम योगी आदित्यनाथ ने 17 मई को रैली की। 13 मई को भी सीएम योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी सीट के लिए चुनाव प्रचार किया।



# मसाला चाय की चुस्की आपको देगी ताजगी

हालांकि ग्रीन टी के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, लेकिन हमारी देसी मसाला चाय ग्रीन टी की तुलना में बहुत ही स्वस्थ और स्वाद में कहीं बेहतर होती है।

### पीना चाहेंगे मसाला चाय

हम भारतीय को अपनी चाय के कप से बहुत प्यार होता है, लेकिन जब हरी चाय यानी ग्रीन टी की बात आती है तो हम बहुत उलझन में पड़ जाते हैं। हालांकि ग्रीन टी के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, लेकिन हमारी देसी मसाला चाय ग्रीन टी की तुलना में बहुत ही स्वास्थ्य और स्वाद में कहीं बेहतर होती है। इसके अलावा इसे बनाने भी बहुत आसान होता है और मसाला चाय बनाने के लिए आपको निर्माताओं पर निर्भर रहने की भी जरूरत नहीं होती है। इसके लिए आपको लौंग, इलायची, अदरक, दालचीनी, तुलसी और कुछ चाय की पत्ती की जरूरत होती है और यह सब मसाले सभी भारतीय रसोई में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। यहां आपकी चाय को अद्वितीय और स्वस्थ बनाने वाली कुछ बातों के बारे में बताया गया है जिनको जानने के बाद इस चाय को पीना कभी नहीं छोड़ेगें।

एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर

मसाला चाय बनाने में इस्तेमाल होने वाले सभी मसाले केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य लाभ ही नहीं देते बल्कि सूजन का मुकाबला करने के लिए शरीर में तालमेल बनाने के काम भी करते हैं। सूजन को कम करने में मदद करने वाला सबसे महत्वपूर्ण तत्व अदरक है। लौंग सूजन को कम करने में मददगार दूसरा अच्छा उपाय है। यह शरीर की मांसपेशियों की सूजन को कम करने में आपकी मदद करता है। यह दोनों मसाले बहुत ही शक्तिशाली दर्द निवारक है।



### थकान को दूर

दिन भर की थकान के बाद गर्मा-गर्म मसाला चाय का एक प्याला किसी जादू से कम नहीं होता। इसमें मौजूद टैनिन नामक तत्व शरीर को शांत और पुनर्जीवित करने का काम करता है। इसके अलावा चाय में कैफीन एक उत्तेजक की तरह काम करता है। हांलाकि इसमें कॉफी की तुलना में बहुत कम मात्रा में कैफीन होता है, लेकिन वह उसी की तरह प्रभावशाली होता है। चाय में मौजूद यह मिश्रण थकान को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है।

### कोल्ड और फ्लू को दूर भगाए

मसाला चाय में मौजूद एंटीबैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी पैरासिटिक गुणों के कारण यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने और आम संक्रमण से बचने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा लौंग, दालचीनी, इलायची और अदरक के प्रभाव के कारण यह खांसी और जुकाम को दूर रखने का एक शानदार तरीका है।

### पाचन में सुधार करें

मसाला चाय में मौजूद मसाले जैसे लौंग, तुलसी, अदरक और इलायची के कारण यह एसिडिटी से परेशान लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। हालांकि मसाला चाय की प्रकृति अत्यधिक अम्लीय होती है लेकिन इसमें अदरक मिलाने के बाद यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करती है और वास्तव में यह चाय के अम्लीय प्रकृति को भी दूर करती है।

### चयापचय को बढ़ावा दें

अच्छा चयापचय शरीर को आहार को पचाने और भोजन के उपयोग में मदद करने जैसी अन्य बातों के लिए भी जिम्मेदार होता है। अपने स्वास्थ्य का एक अनिवार्य हिस्सा होने के नाते, चाय पीने से आपके पूरे पाचन तंत्र में सुधार होता है। इसके अलावा आयुर्वेद में, चाय को गर्मी पैदा करने वाले भोजन के रूप में जाना जाता है और इसलिए यह आपके चयापचय में तेजी लाने में मदद करता है।



### दिल के लिए अच्छी होती है काली चाय

काली चाय (मसाला चाय के मुख्य घटकों में से एक) मजबूत एंटी ऑक्सीडेंट गुणों के लिए जानी जाती है। इसके अलावा, लौंग और इलायची जैसे मसाले भी खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा में सुधार करने में मदद करते हैं। इस प्रकार, धमनी ब्लॉकों में पट्टिका गठन की राशि को कम करने में मदद करती है। चाय में मौजूद टैनिन भी रक्त वाहिकाओं को विस्फारित कर हृदय गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए जाना जाता है।

### डायबिटीज से बचाए

लौंग, दालचीनी और इलायची इन सभी की मौजूदगी से शरीर में इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है और यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करके मधुमेह को रोकने में मदद करने के लिए जाना जाता है। दालचीनी तेज दिमाग पाने और अल्जाइमर जैसे रोगों की शुरुआत को रोकने में मददगार होती है और लौंग शरीर को शर्करा के बेहतर उपयोग में मदद करती है।







# वैक्सीन से करिए चिकन पॉक्स का इलाज

मौसम बदलते ही संक्रमक रोगों से पीडित रोगियों की संख्या बढने लगती है। चिकनपॉक्स, खसरा, काला जार व डायरिया का संक्र मण फैलने लगता है। चिकन पॉक्स एक संक्रामक बीमारी है। चिकन पॉक्स छोटी चेचक नाम से भी जानी जाती है। यह संक्र मण 1 से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों में ज्यादातर पाया जाता है। ज्यादा दिनों तक बीमार रहने पर भी यह इंफेक्शन हो जाता है। खान-पान में आई अनियमितता इस बीमारी का प्रमुख कारण होता है। तेजी से खुजली होना, लाल दाने निकल आना इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं।

### चिकनपॉक्स के कारण

» यह बीमारी खान-पान में असावधानी बरतने से ज्यादातर होती है। जैसे दूषित भोजन या पानी का सेवन कर लेना या फिर खुला खादय पदार्थ खाना, इस बीमारी को दावत देने जैसा होता है।

» इसके अलावा अत्यधिक ठंड या गर्म होने से भी यह बीमारी होती है। हवा में मौजूद बेरीसेला वायरस ठंड में ज्यादा सक्रिय होता है जो बच्चों को प्रभावित करता है।

» जिन बच्चों की त्वचा ज्यादा संवेदनशील होती है, उसे चिकेन पॉक्स होने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं।

» ज्यांदा कडे साबुन या ज्यादा देर तक स्नान करने से भी यह इंफेक्शन हो जाता है।

» ज्यादा छोटे बच्चों में मां के दूध को छोडकर अन्य खाद्य पदार्थ खिलाने से यह इंफेक्शन फैल सकता है।

### चिकन पॉक्स के लक्षण

सबसे पहले बच्चों में बुखार आता है जो दो दिनों तक रहता है। फिर शरीर में दाने निकल आते हैं। इसमें छह दिन बाद दाने स्वयं ही समाप्त हो जाते हैं लेकिन पीड़ित बच्चा कमजोर हो जाता है और शरीर की प्रतिरोधी क्षमता कमजोर हो जाती है।

### लाल उभरे दाने से शुरू होता है।

» लाल दाने बाद में फफोलों में बदल जाते हैं। » मवाद आने लगता है, मवाद फूटकर खुरदुरा हो जाता है। » यह मुख्य रूप से चेहरे, खोपडी, रीढ और टांगों पर दिखाई देती है।

» इसमें तेज खुजली होती है।

» भूख ना लगना, उल्टी होना इसका प्रमुख लक्षण है।

### चिकन पॉक्स से बचाव के लिए रखें ख्याल

- चिकन पॉक्स से बचने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है खान-पान का ध्यान रखें। खुले में रखा खाद्य पदार्थ बिल्कुल भी न लें।
- चिकन पॉक्स एक संक्रमण की बीमारी होती है जो एक व्यक्ति से दूसरे में जा सकती है। इसलिए जिसे भी यह बीमारी हुई वे एक-दूसरे से दूर रहें जिससे इंफेक्शन का खतरा न हो।
- बच्चे के माता-पिता इस बात का विशेष ध्यान रखें कि बच्चा यदि बीमार है तो उसे स्कूल न भेजें ताकि दूसरे बच्चे इस संक्रमण की चपेट में न आएं।
- यह बीमारी ज्यादा खतरनाक तो नहीं है लेकिन बच्चे के शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। जैसे भी इस बीमारी के लक्षण दिखें तुरंत ही डॉक्टर से संपर्क करें।
- इस बीमारी से बचने के लिए ठंड से बच्चों का बचाव करें, क्योंकि ठंडी हवा में इस बीमारी का वायरस बेरीसेला ज्यादा सक्रिय होता है।
- चिकन पॉक्स के इलाज के लिए कई प्रकार की दवाईयां और वैक्सीन बाजार में उपलब्ध हैं। इनका प्रयोग करके इस बीमारी से निजात पायी जा सकती है।



## पोलो टी-शर्ट से पा सकते है-स्मार्ट लुक



**हर** पुरूष को अपनी वार्डरोब में पोलो टी-शर्ट को रखना बेहद पसंद होता है। पोलो टी शर्ट काफी आरामदायक होती हैं। ये काफी क्लासी होती हैं जिन्हे सिर्फ एक क्लास के ही लोग पसंद करते हैं। पोलो टी शर्ट को चाहें तो फॉर्मल कपड़ों में पहने या फिर किसी खास इवेंट में। खेलने वाले खिलाडियों को एक विशेष ड्रेस पहनकर खेलना होता था। धीरे-धीरे ये शौक बन गया है और प्राईवेट पोलो ग्राउंड पर भी लोग इसे पहन कर खेलना पसंद करने लगे। अब इन्हे सिर्फ ग्राउंड पर पहनने की जरूरत नहीं है, आप किसी भी मौके पर इसे पहन सकते हैं फॉर्मल मीटिंग केअलावा । अगर आपको अपनी वॉर्डरोब में किसी टी-शर्ट को रखना है तो ब्लैक कलर की टी शर्ट सबसे बेस्ट होती है। यह सभी कलर के पैंट या जींस के चलती है और इम्प्रेसिव भी लगती है। आप चाहें सफेद पोलो टी शर्ट भी ले सकते हैं। इसे ऑफिस या बाहर भी आराम से पहना जा सकता है। आप शॉर्ट्स के साथ भी इसे पहन सकते हैं। किसी भी कंट्रास्ट कलर के पैंट के साथ पहना जाता है। पोलो टी शर्ट में धारीदार/स्ट्रिप टी शर्ट भी आती हैं, अधेड़ उम्र के पुरूषों पर जमती हैं।

## छोटे कद की लड़कियां भूल कर भी ना पहनें ऐसी ड्रेसेस



फैशन में लम्बाई काफी अहम भूमिका निभाती है। इसी वजह से फैशन जगत में लम्बे लोगों की धूम होती है। हर शो में आपको लम्बे लोगों की तूती बोलती नज़र आएगी। ऐसे में हाईट के मसले पर समझ नहीं आता है कि मार्केट में छोटी लड़कियों के लिए क्या है और वह किसमें ज्यादा अच्छी नजर आएगी। क्योंकि लम्बी लड़कियां कुछ भी पहनें और किसी भी डिजाइन के कपड़े पहनें, उन पर जंचता है लेकिन कम हाईट वाली लड़कियों पर हर प्रकार के कपड़े अच्छे नहीं लगते हैं। आज हम इस आर्टिकल में कम ऊंचाई वाली लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल टिप्स और ड्रेस के बारे में बताएंगे। छोटे कद की लड़कियों को लम्बे और धारीदार कपड़े पहनने चाहिए, साथ ही क्र ॉस या चेक प्रिंट के कपड़े न ही पहनें तो बेहतर रहेगा।

नॉर्मल हील ही पहनें और खुद को छोटे कद का समझकर परेशान न हों। अपने आपको अच्छी तरह ड्रेसअप करें, बस इसके लिए आपको कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना होगा, तो कि निम्न प्रकार हैं:-



### बरमूडा शॉर्ट्स

इसे पहनने से छोटा कद भी सही लगने लगता है और लोगों की नजर में आप उतनी छोटी नहीं दिखेगी जितनी आप हैं। आप चाहें तो मध्यम ऊंचाई वाला ट्राउजर भी पहन सकती हैं।



### वाइड-लेग्ड पैंट

इस तरह के पैंट को न ही पहनें तो बेहतर होगा। इससे कद काफी कम लगने लगता है।



### शर्ट ड्रेसेस

ये ड्रेस बहुत प्यारी होती हैं लेकिन आप पर उतनी प्यारी भी नहीं लगेगी। इसलिए इन्हें न ही पहनें तो उचित रहेगा।



### ओवर-साइज बैग्स

कोशिश करें और बैग को अपने साइज के हिसाब से जोड़ लें। ओवरसाइज बैग, आपको बेहद सुंदर बना देते हैं।



### मिड-काफ बूट

ये बूट अच्छे तो बहुत लगते हैं लेकिन इन्हें पहनने से हाईट काफी कम लगती है। इसलिए छोटे कद की लड़कियां इसे न पहनें।



### आड़े प्रिंट वाली ड्रेस

शर्ट, टॉप या ड्रेस को हॉरीजोन्टल प्रिंट या आड़े प्रिंट पर न पहनें। इससे कद कम लगने लगता है।



### एंकल-स्ट्रेप हील

इसे पहनने के बाद आप उचकी-उचकी सी दिखेगी। इसलिए, इसे न ही पहनें तो बेहतर होगा।

# हल्दी वाले दूध पीने के फायदे



**हल्दी और दूध, सेहत के लिहाज से इनके कई फायदे विभिन्न शोधों में माने गए हैं लेकिन गर्म दूध के साथ हल्दी का सेवन भी आपकी सेहत के लिए कम फायदेमंद नहीं हैं। हल्दी एंटी माइक्रोबियल है इसलिए इसे गर्म दूध के साथ लेने से दमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में कफ और साइनस जैसी समस्याओं में आराम हो सकता है। यह बैक्टीरियर और वायरल संक्रमणों से लड़ने में मददगार है। गर्म दूध के साथ हल्दी के सेवन से शरीर में जमा फैट्स घटता है। इसमें मौजूद कैल्शियम और मिनिरल्स सेहतमंद तरीके से वेट लॉस में मददगार हैं। हल्दी में अमीनो एसिड है।इसलिए दूध के साथ इसके सेवन के बाद नींद गहरी आती है।**

अनिद्रा की दिक्कत हो तो सोने से आधे घंटे पहले गर्म दूध के साथ हल्दी का सेवन करें। हल्दी वाले दूध के सेवन से गठिया से लेकर कान दर्द जैसी कई समस्याओं में आराम मिलता है। इससे शरीर का रक्त संचार बढ़ जाता है जिससे दर्द में तेजी से आराम होता है। आयुर्वेद में हल्दी वाले दूध का इस्तेमाल शोधन क्रिया में किया जाता है। यह खून से टॉक्सिन्स दूर करता है और लिवर को साफ करता है। पेट से जुड़ी समस्याओं में आराम के लिए इसका सेवन फायदेमंद है। हल्दी वाले दूध के सेवन से पीरियड्स में पडने वाले क्रैंम्स से बचाव होता है और यह मांसपेशियों के दर्द से छुटकारा दिलाता है। दूध में कैल्शियम अच्छी मात्रा में होता है और हल्दी में एंटीऑक्सीडेट्स भरपूर होते हैं इसलिए इनका सेवन हड्डियों को मजबूत करता है और शरीर की प्रतिरोधी क्षमता घटाता है।

# संभालकर बनाएं आर्ट रेस्टोरेशन में करियर

आर्ट रेस्टोरेशन , नाम सुनकर हो सकता है यह आपको थोड़ा नया लगे लेकिन क्या आपको हिट फिल्म लव आजकल में दीपिका पादुकोण का किरदार याद है ? जिसमें दीपिका ने आर्ट रेस्टोरेटर मीरा पंडित की भूमिका निभाई है। इस यादगार किरदार के साथ ही ऑन डिमांड करियर बन गया है आर्ट रेस्टोरेशन।



यह करियर प्रोफेशनल पेंटिंग का ही एक अलग रूप है, जिसमें पुरानी हवेलियों या किलों की खराब हो चुकी आर्ट को फिर से नया बनाया जाता है। प्राचीन कलाकृतियां, मूर्तियां, पेंटिंग्स आदि किसी भी देश की अमूल्य धरोहर समझी जाती हैं। कलाकृतियों के संरक्षण व रख-रखाव का यह कार्य आर्ट-रेस्टोरर द्वारा किया जाता है।

**योग्यता :** आर्ट- रेस्टोरर बनने के लिए फाइन आर्ट तथा रसायन विज्ञान में स्नातक होना अनिवार्य है। इस क्षेत्र में दो साल का मास्टर डिग्री कोर्स कराया जाता है। जिसके तहत आपको पेंटिंग रेस्टोरेशन, मेटल वर्क, टेक्सटाइल, पेपर वर्क और मैन्यूस्क्रिप्ट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है। योग्यता कंजर्वेशन में मास्टर डिग्री कोर्स करने के लिए आपके पास केमिस्ट्री, जियोलॉजी, फिजिक्स, बॉटनी, जूलोजी, कंप्यूटर साइंस, फाइन आर्ट्स, हिस्ट्री, हिस्ट्री ऑफ आर्ट, आर्किटेकचर, आर्कियोलॉजी, म्यूजियोलॉजी में से किसी एक विषय में ग्रेजुएट की डिग्री होनी चाहिए। इससे संबंधित कोर्स करने के लिए फीस भी बहुत ज्यादा नहीं है। कुछ संस्थानों में स्कॉलरशिप भी ऑफर की जाती है।

**संभानाएं:** ऐतिहासिक इमारतों को संजोकर रखने में पुरातत्व विभाग के रेस्टोरर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। रेस्टोरेशन का काम सिर्फ सरकारी विभागों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने एक उद्योग का रूप ले लिया है। जॉब की संभावनाएं इस कोर्स को करने के बाद आपको आर्ट गैलरी, म्यूजियम सहित कई जगहों पर काम मिल जाता है। शुरू में आपको अनुभव हासिल करने के लिए किसी अच्छे आर्ट रेस्टोरर के साथ काम करना पड़ सकता है। कुछ साल का अनुभव होने के बाद आप अपना प्राइवेट वर्क भी शुरू कर सकते हैं। कॉलेज और यूनिवर्सिटीज की लाइब्रेरी में भी आपको मौका मिलता है। कोर्स को करने के बाद आपको सरकारी नौकरी भी मिलती है।

**प्रमुख संस्थान: नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली**

**प्रवेश:** एडिटंग से संबंधित कोर्स में एडमिशन लेने के लिए किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट होना आवश्यक है। शॉर्ट- टर्म कोर्स के लिए कम से कम बारहवीं उत्तीर्ण होना जरूरी है। कंप्यूटर की बेसिक नॉलेज रखने वालों को इसे सीखने में आसानी होती है। इसके अलावा आपमें क्रिएटिविटी और संगीत की समझ होने की भी



जरूरत होती है।

**संभावनाएं:** एलएलई कोर्स करने और इसमें कुशलता हासिल करने के बाद विभिन्न चैनल्स न्यूज एवं एंटरटेनमेंट, प्रोडक्शन हाउस और फिल्म कंपनियों में आसानी से काम मिल जाता है। कोर्स करने के बाद प्रोडक्शन हाउस या टेलीविजन चैनल में आकर्षक वेतन मिलता है। कुल मिलाकर इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

### प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान

- भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली
- मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
- डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिकेशन स्टडीज, यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे
- सिंहगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, पुणे
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ हैरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट, दिल्ली
- नेशनल रिसर्च लैबोरेटरी फॉर कंजरवेशन ऑफ कल्चरल प्रॉपर्टी, लखनऊ

# क्षय रोग (टी.बी) एक संक्रामक बीमारी

क्षय रोग होने पर रोगी का शरीर कमजोर हो जाता है, उसका वजन कम होने लगता है और रोगी को थकान महसूस होने लगती है। इसके साथ ही रोगी को खांसी व तेज बुखार भी होने लगता है। तपेदिक का प्रभाव रोगी के फेफड़ों, हड्डियों, ग्रंथियों तथा आंतों में कहीं भी देखने को मिल सकता है। इसके बैक्टीरिया इतने सूक्ष्म होते हैं कि एक्स रे के जरिए ही उनकी पहचान की जा सकती है।



### क्षय रोग के कारण

**बैक्टीरिया द्वारा:** टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों आदि में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्ड्यों, अंतड़ियों आदि पर हमला कर सकते हैं।

**रोगी के संपर्क से:** किसी भी क्षय रोगी के संपर्क में रहने से उसके खांसने, छींकने व थूकने से बैक्टीरिया स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं।

**गलत रहन-सहन से:** क्षय रोग उन व्यक्तियों के होने की संभावना ज्यादा होती है जिनके खान-पान तथा रहन-सहन का तरीका गलत होता है। इन खराब आदतों के कारण शरीर में विजातीय द्रव्य (दूषित द्रव्य) जमा हो जाते हैं और शरीर में रोग उत्पन्न हो जाता है।

**प्रतिरोधक क्षमता कम होने से:** शरीर में प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण क्षय रोग होने की ज्यादा संभावना होती है। क्योंकि शरीर में क्षय रोग के जीवाणु से लड़ने की क्षमता नहीं होती है।

**कार्यक्षमता से अधिक काम करने पर:** क्षय रोग व्यक्ति को तब हो जाता है जब रोगी अपने कार्य करने की शक्ति से अधिक कार्य करता है।

**गीले व धूल भरे वातावरण से:** अधिक गीले स्थान पर रहने तथा धूल भरे वातावरण में रहने के कारण भी क्षय रोग हो जाता है।

**धूप की कमी से:** प्रकाश तथा धूप की कमी के कारण तथा खान-पान में अनुचित ढंग का प्रयोग करने के कारण भी क्षय रोग हो सकता है।

**माता-पिता से बच्चों को:** क्षय रोग के कीटाणु या तो छोटे बच्चे के माता-पिता से या गलत तरीके के रहन-सहन से बच्चों को होता है।

**कुपोषण से:** कुपोषण या अत्यधिक कम वजन होने से टी.बी के बैक्टेरिया जल्दी शरीर पर अटैक करते हैं।

**अल्कोहल या नशीली दवाओं से:** अत्यधिक अल्कोहल या नशीली दवाओं के सेवन से तपेदिक होने का खतरा बढ़ जाता है।

जिज्ञासा

# कैसे बनता है नाजुक कांच

**कांच** बनता है रेत से। रेत और कुछ अन्य सामग्री को एक भट्टी में 1500 डिग्री सैल्सियस पर पिघलाया जाता है और फिर इस पिघले कांच को उन खांचों में बूंद-बूंद करके उंड़ेला जाता है जिससे मनचाही चीज बनाई जा सके। मान लीजिए बोतल बनाई जा रही है, तो खांचे में पिघला कांच डालने के बाद बोतल की सतह पर और काम किया जाता है और उसे फिर एक भट्टी से गुजारा जाता है।

कांच का आविष्कार मिस्र या मैसोपोटामिया में लगभग ढाई हजार साल ईसा पूर्व हुआ था। शुरु में इसका इस्तेमाल साज-सज्जा के लिए किया गया। फिर ईसा से लगभग डेढ़ हजार साल पहले कांच के बरतन बनने लगे। पहली शताब्दी आते-आते फलस्तीन और सीरिया में एक खोखली छड़ में फूंक मारकर पिघले कांच को मनचाहे रूप में ढालने की कला विकसित हुई और ग्यारहवीं शताब्दी में वैनिस शहर कांच की चीजें बनाने का केंद्र बन गया। अब तो सारा काम मशीनों से होने लगा है।



# एक चॉकलेटी दुनिया बेल्जियम



**यह** दावा तो मैं नहीं करूंगा कि दुनिया के सारे लोग चॉकलेट पसंद करते हैं। लेकिन थोड़े यकीन के साथ यह जरूर कहूंगा कि अगर दुनिया में चॉकलेट खाने वालों और न खाने वालों का हिसाब लगाया जाए तो निश्चित तौर पर चॉकलेट खाने वाले ज्यादा निकलेंगे। लिहाजा अगर आप चॉकलेट खाने के दीवाने हैं तो बेल्जियम आपके लिए स्वर्ग सरीखा है। बाजार में घूमते रहिए.. हर ओर से चॉकलेट व कोको की महक आपकी सांसों में अलौकिक सुख भरती रहेगी। गाहे-बेगाहे आप किसी चॉकलेट शॉप के भीतर घुस जाएं तो वहां आपको मुफ्त में चॉकलेट चखने को भी मिल जाएगी। जाहिर है, चखाने के पीछे मकसद तो आपको खरीदने के लिए उकसाना ही होगा, लेकिन आप न खरीदकर और ऐसी कई सारी दुकानों की सैर करके भांति-भांति की चॉकलेट चखते असीम आनंद पा सकते हैं। हम लोग आदतन मानते रहते हैं कि बात बढिया चॉकलेट की हो तो स्विस (स्विट्जरलैंड की) चॉकलेट से बढिया कुछ भी नहीं। लेकिन जानकारों का कहना है कि बात चॉकलेट की हो तो बेल्जियम से आगे कोई नहीं। कहा यही जाता है कि खुद स्विट्जरलैंड वालों ने चॉकलेट बनाने की मूल पाककला फ्रांस व बेल्जियम के चॉकलेट निर्माताओं (चॉकलेटियर्स) से ही हासिल की। जाहिर है, खुद बेल्जियम के लोग तो यह कहेंगे ही और बडे अभिमान के साथ कहेंगे। यह जायज भी है। खास तौर पर वे चॉकलेट जो बाहर से सख्त लेकिन भीतर से पिघलती चॉकलेट से भरी होती हैं, वे तो बेल्जियम की ही देन हैं।

खैर हम बात कर रहे थे, चार दिन में बेल्जियम की सैर की। तो चार दिन में बेल्जियम को पूरा भले ही न घूमा जा सके, लेकिन वहां की विरासत को और उसे बनाए रखने के जज्बे को महसूस किया जा सकता है। बेल्जियम के फ्लैंडर्स इलाके के इन चार शहरों की सैर में सबसे ज्यादा वहां के उन इलाकों को देखने का मौका मिला जो सैकडों साल का इतिहास अपने में समेटे हुए हैं। रोचक बात यह है कि इन शहरों में सबसे ज्यादा अहमियत उस केंद्रीय इलाके की है जो सबसे पुराना है। आपको छह सौ साल पुरानी इमारतें उसी वैभव के साथ खडी मिल जाएंगी। एक-दो नहीं, कतार की कतार। वहां के भव्य चर्च सत्ता के साथ-साथ शिल्प, कला व संस्कृति के भी केंद्र रहे हैं। वे अपने मूल स्वरूप में आपको नजर आ जाएंगी। जेन वेन एक और पॉल रुबेंस जैसे मध्यकालीन चित्रकारों की पेंटिंग्स अब भी आपको गेंट व एंटवर्प के चर्चो की शोभा बढाती मिल जाएंगी। चार-पांच सौ साल पुराने घंटाघर (बेलफ्रेटॉवर) अब भी उसी शानौ-शौकत के साथ खडे हैं। इतिहास तो हमारा कम समुद्ध नहीं, लेकिन हम दिल्ली में भी चार-पांच सौ साल पुरानी इमारतें ढूंढने जाएं तो लाल किले व कुतुब मीनार के अलावा कुछ संरक्षित नजर नहीं आता।

हैरत की बात तो इस विरासत को सहेजने में बेल्जियम के आम लोगों का जज्बा है। वहां के लोगों में अपने शहरों को लेकर एक लगाव है और अभिमान है। ब्रुसेल्स में वह रेस्तरां भी है जहां कार्ल मार्क्स और एंगेल्स ने मिलकर कम्युनिस्ट मैनिफेस्टो लिखा था। वहां आज कुछ लिखा नहीं लेकिन हमारा गाइड हमें यह बताने से नहीं चूकता। यही वजह है कि लोग खुद अपने शहर को अच्छा रखने के प्रति जुनूनी नजर आते हैं। कुछ ऐसा ही जुनून एंटवर्प में हमें नए मास (एमएएस, जिसका अर्थ यहां नदी के किनारे संग्रहालय से है) म्यूजियम के प्रति नजर आया। म्यूजियम के उद्घाटन में दो दिन बाकी थे। लेकिन सारा शहर मानो वहां उमडा पड़ा था। यकीनन मास आधुनिक शिल्प का बेहतरीन नमूना है, लेकिन उसके प्रति एंटवर्प के लोगों में उत्साह आंखें खोलने वाला था। इस संग्रहालय में एंटवर्प और उसके लोगों के इतिहास से जुडी 4.70 लाख वस्तुएं प्रदर्शित हैं। इतना ही नहीं, इस संग्रहालय के टॉप फ्लोर पर बने रेस्तरां में एक टेबल की बुकिंग के लिए छह हफ्ते की वेटिंग है। क्या हम अपने देश में किसी शहर में किसी संग्रहालय के उद्घाटन में आम लोगों के इस तरह उमडने की कल्पना कर सकते हैं? चार दिन यह समझने के लिए भी काफी थे।

चार दिन उस विविधता को समझने के लिए भी काफी थे जो हमें एक-एक घंटे के सडक मार्ग के फासले पर बसे इन शहरों में नजर आई। ब्रुज एक शांत शहर है, मानो इतिहास की गोद में बैठा हुआ, जहां की नहरें उसे वेनिस की सी शक्ल देती हैं। गेंट नौजवानों की मस्ती में डूबा हुआ शहर है, क्योंकि वह फ्लेमिश इलाके की शिक्षा का गढ है। एंटवर्प तो अपने फैशन उद्योग व हीरों की चमक के लिए दुनिया में विख्यात है ही। वहीं, आधुनिक ब्रुसेल्स में न केवल राजधानी होने की बल्कि यूरोप के एकीकृत स्वरूप का केंद्र होने की गहमागहमी है। जो बात सब जगह साझी है वह है, जिंदगी खुलकर जीने की आजादी और लोगों व माहौल की खूबसूरती। साझी वह शाम है जिसमें रात दस बजे तक इतनी रोशनी होती है कि हम अपने यहां के शाम के छह बजे से भ्रमित हो जाएं। साझी वह ठंडक है जो उनके यहां की गर्मियों में भी हमें शाम को कंपकंपा जाए। साझी वह अभिव्यक्ति भी है जो गेंट की ग्राफिटी स्ट्रीट और ब्रुसेल्स के कॉमिक स्ट्रिप म्यूजियम में देखी जा सकती है। उन कलाकृतियों में भी जो हर शहर में हर मोड़ पर कहीं न कहीं आपको नजर आ जाएंगी।

एक चीज जो चार दिन में नहीं की जा सकी, वो थी वाटरलू की सैर। हमारे इलाके में इतिहास के जानकार बेल्जियम को वाटरलू की लडाई से भी पहचानते हैं, जिसमें महान नेपोलियन को शिकस्त का सामना करना पडा था। लेकिन फ्लैंडर्स टूरिज्म के न्योते पर हुई इस सैर में वाटरलू थोडा दूर, अछूता रह गया।

**..फ्रेंच फ्राइज व बीयर भी**

चॉकलेट के अलावा खान-पान की दो और चीजों को आप बेल्जियम में खास तौर पर महसूस करेंगे- फ्राइज और बीयर। आलू से बनी फ्राइज को आम तौर पर हम फ्रेंच फ्राइज के नाम से जानते हैं, लेकिन वे हमारे यहां सामान्य खान-पान का हिस्सा उस तरह से नहीं जैसे बेल्जियम में हैं। फ्रेंच फ्राइज की पैदाइश कहां की है, यह दावा करने की स्थिति में ठीक-ठीक कोई नहीं। लेकिन इन दावों में एक बेल्जियम का भी है। बेल्जियम के पत्रकार जो गेरार्ड ने दावा किया था कि 1680 में स्पेनिश नीदरलैंड्स के इलाके में सर्दियों में मछली पकडना मुश्किल होने पर आलू को छोटी मछलियों की तरह काटकर ओवन में रख दिया जाता था। लेकिन उनके इस दावे को ज्यादा समर्थन नहीं मिलता।

हालांकि 18वीं सदी के बाद में आलू के इस तरह के इस्तेमाल की बात सामने आती है। कहा यह भी जाता है कि इन फ्राइज के नाम में फ्रेंच शब्द अमेरिकी सैनिकों ने पहले विश्व युद्ध के समय जोड़ दिया जब वे बेल्जियम में आए क्योंकि तब बेल्जियम की सेना की सरकारी भाषा फ्रेंच थी। वह फ्राइज की लोकप्रियता का दौर था। कालांतर में वह इलाके के कई देशों की सबसे पसंदीदा स्नैक्स बन गई।

फ्राइज की ही तरह बीयर भी उस इलाके के देशों बेल्जियम, नीदरलैंड्स व जर्मनी का खास पेय है। बीयर की उत्पत्ति पर भी कई लोगों का दावा है। हालांकि यह तो माना ही जा सकता है कि यह मध्यकालीन यूरोप की उपज है।

बेल्जियम के फ्लैंडर्स इलाके के मिथकीय राजा गैम्ब्रिनस को बीयर अथवा बीयर ब्रु करने की कला का जनक माना जाता है। खैर कब व कहां के विवाद में हम क्यों पडें, हमें तो स्वाद से मतलब। उस लिहाज से देखें तो बेल्जियम पीने वालों के लिए भी जन्नत से कम नहीं। बीयर और जिन की जितनी किस्में वहां आपको एक साथ मिल जाएंगी, उतनी मैंने कभी सुनी तक नहीं। केले से लेकर केसर तक, मानो आप स्वाद की कल्पना कीजिए और उसकी बीयर व जिन हाजिर है। ब्रुसेल्स के डेलिरियम कैफे का नाम तो गिनीज बुक में इसलिए दर्ज है कि वहां 9 जनवरी 2004 को गिनती किए जाने पर 2004 तरह की बीयर पीने व बिकने के लिए उपलब्ध थीं।

अजब-गजब

# चीन के अजब-गजब तकनीकी कारनामे



**चीन** दुनियाभर में अपनी अजब-गजब तकनीक के लिए मशहूर है। चीन की तकनीक से न केवल दूसरे देशों ने सबक लिया, बल्कि अब तो दुनियाभर में एक से बढ़कर एक तकनीक पेश करने की होड़ सी मच गई है। हाल ही में चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के दौरान बहुत ही अजीबो-गरीब ट्रेन प्रदर्शित की गई। इस ट्रेन के आगे का हिस्सा एक विशाल मछली के सिर के आकार का है जो फाइबरग्लास से बना है। बीजिंग के हुआंग योंगपिंग की इस अद्भुत ट्रेन को सभी ने आकर्षित किया

# अजब-गजब ईको कारों की रेस!

**मलेशिया** में आयोजित हुए 'शेल ईको-मैराथन एशिया-2011' रेस के दौरान दुनियाभर के स्कूल, कॉलेज और संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मलेशिया की राजधानी कुआलाल्मपुर में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में ऐसे वाहनों को उतारा गया है जो कम से कम ईंधन की खपत में ज्यादा माइलेज दे, और साथ ही पर्यावरण के भी अनुकुल हो। जो वाहन कम ईंधन में सबसे ज्यादा माइलेज देगी है उसे पुरस्कृत किया जाएगा। काले रंग की इस ईको कार को पाकिस्तान की 'यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी टेक्सिला' की पेक पेकर्स टीम ने बनाया है जो पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल कार है



हंसी के फुहार

# संता की रेल यात्रा

**एक** बार संता ट्रेन में यात्रा कर रहा था। तभी वहां टिकिट कलेक्टर (टीसी) आया और उसने संता से उसका टिकिट दिखाने को कहा।

संता ने बड़ी ही विनम्रता के साथ टीसी से पूछा 'कौनसी जेब में से दिखाऊं, एक टिकिट मेरी बाईं जेब है और दूसरा मेरी दाईं जेब है।'



टीसी बहुत हैरान था। टीसी ने संता से कहा कि 'तुम मुझे अपनी दाईं जेब वाला टिकिट दिखाओ।'

बड़े ही तरीके से संता ने झटपट अपनी दाईं जेब वाला टिकिट टीसी को दिखाया।

टीसी ने बहुत हैरानी के साथ संता से पूछा कि तुमने दो टिकिट क्यों खरीदे?

संता ने समझाया, कि यदि कोई मेरी एक जेब काटता तो मेरे पास दूसरी जेब में तो टिकिट बचता।

टीसी ने फिर संता से पूछा कि मानलो यदि कोई तुम्हारी दोनों ही जेब काट लेता तो तुम क्या करते?

संता ने मुस्कुराते हुए कहा कि मेरे पास रियायती मासिक पास भी है।

# संता के लाल कान का राज

**संता** दो लाल कान साथ लेकर अपने डॉक्टर के पास पहुंचा।

डॉक्टर ने संता से पूछा 'तुम्हारे कानों के साथ



ये क्या हो गया?'

संता बोला कि 'मैं जब अपनी शर्ट को प्रेस कर रहा था तभी मेरे फोन की घंटी बजी। लेकिन मेने फोन उठाने के बजाए गर्म प्रेस को उठा लिया और अपने कान पर लगा लिया और मेरा कान जल गया।'

डॉक्टर ने बहुत ही प्यार से संता से पूछा तो तुम्हारा दूसरा कान कैसे जला?

संता बोला उस बदमाश ने फिर दोबारा फोन कर दिया था ना!

लोक-कथा

# नकल में भी अकल की जरूरत

**अयोध्या** में चूड़ामणि नाम का एक व्यक्ति रहता था। धन पाने की इच्छा से उसने बहुत दिनों तक भगवान की तपस्या की। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर एक रात धन देवता कुबेर ने उसे सपने में दर्शन दिए।

उन्होंने कहा 'सूर्योदय के समय तुम हाथ में लाठी लेकर घर के दरवाजे पर खड़े हो जाना। कुछ देर बाद तुम्हारे पास एक भिक्षुक आएगा। उसके हाथ में एक भिक्षा पात्र होगा। जैसे ही तुम उस भिक्षा पात्र में अपनी लाठी अड़ाओगे वह सोने में परिवर्तित हो जाएगा। उसे तुम अपने पास रख लेना। ऐसा दस दिन करने से तुम्हारे पास दस सोने के पात्र हो जाएंगे। जिससे तुम्हारी जीवन भर की दरिद्रता दूर हो जाएगी।

रोज सुबह उठकर चूडामणि वैसा ही करने लगा जैसा कुबेर ने सपने में बताया था। एक दिन उसे ऐसा करते हुए पड़ोसी ने देख लिया। बस उसी दिन से चूडामणि का पड़ोसी नित्यप्रति किसी भिक्षुक की प्रतीक्षा में अपने घर के दरवाजे पर लाठी लिए खड़ा रहता।

बहुत दिन बाद अतंत: एक भिक्षुक उसके दरवाजे पर भिक्षा मांगने आया। पडौसी ने भिक्षा पात्र पर डंडा छुआया। पर वह सोने में नहीं बदला। अंत में से गुस्सा आया और उसके आव देखा न ताव और भिक्षुक पर प्रहार करना शुरू कर दिया।

थोड़ी देर में भिक्षुक के प्राण पखेरू उड़ गए। उसके इस कर्म की सूचना राजा तक पहुंची। राजकर्मचारी उसे गिरफ्तार कर राजा के सामने ले गए। अभियोग सिद्द होने पर पड़ोसी को मृत्युदंड दिया गया।



कहानी

# चुहिया को तलाश योग्य वर की..!

**महामुनि और चुहिया**

एक महान तपस्वी एक दिन गंगा में नहाने के लिए गए। स्नान करके वह सूर्य की पूजा करने लगे। तभी उन्होंने देखा कि एक बाज ने झपट्टा मारा और एक चुहिया को पंजे में जकड़ लिया। तपस्वी को चुहिया पर दया आ गई। उन्होंने बाज को पत्थर मारकर चुहिया को छुड़ा लिया।

चुहिया तपस्वी के चरणों में दुबककर बैठ गई। तपस्वी ने सोचा कि चुहिया को लेकर कहां घूमता फिरुंगा! इसको कन्या बनाकर साथ लेकर चलता हूं। तपस्वी ने अपने तप के प्रभाव से चुहिया को कन्या का रूप दे दिया। वह उसे साथ लेकर अपने आश्रम पर आ गए।

तपस्वी की पत्नी ने पूछा-'उसे कहां से ले आए?'तपस्वी ने पूरी बात बता दी। दोनों पुत्री की तरह कन्या का पालन-पोषण करने लगे। कुछ दिनों बाद कन्या युवती हो गई।



पति-पत्नी को उसके विवाह की चिंता सताने लगी। तपस्वी ने पत्नी से कहा-'मैं इस कन्या का विवाह भगवान सूर्य से करना चाहता हूं।'

पत्नी बोली-'यह तो बहुत अच्छा विचार है। इसका विवाह सूर्य से कर दीजिए।'

तपस्वी ने सूर्य भगवान का आह्वान किया। भगवान सूर्य उपस्थित हो गए। तपस्वी ने अपनी पुत्री से कहा-'यह सारे संसार को प्रकाशित करने वाले भगवान सूर्य हैं। क्या तुम इनसे विवाह करोगी?' लड़की ने कहा-'उनका स्वभाव तो बहुत गरम है। जो इनसे उत्तम हो, उसे बुलाइए।'लड़की की बात सुनकर सूर्य ने सुझाव दिया-'मुझसे श्रेष्ठ तो बादल है। वह तो मुझे भी ढक लेता है।'

तपस्वी ने मंत्र द्वारा बादल को बुलाया और अपनी पुत्री से पूछा-'क्या तुम्हें बादल पसंद है?'लड़की ने कहा-'यह तो काले रंग का है। कोई इससे भी उत्तम वर हो तो बताइए।' तब तपस्वी ने बादल से ही पूछा-'तुमसे जो उत्तम हो, उसका नाम बताओ।' बादल ने बताया-'मुझसे उत्तम वायु देवता हैं। वह तो मुझे भी उड़ा ले जाते हैं।' तपस्वी ने वायु देवता का आह्वान किया। वायु को देखकर लड़की ने कहा-'वायु है तो शक्तिशाली, पर चंचल बहुत है। यदि कोई इससे अच्छा हो तो उसे बुलाइए।'

तपस्वी ने वायु से पूछा-'बताओ, तुमसे अच्छा कौन है?' वायु ने कहा-'मुझसे श्रेष्ठ तो पर्वत ही होता है। वह मेरी गति को भी रोक देता है।'तपस्वी ने पर्वत को बुलाया। पर्वत के आने पर लड़की ने कहा-'पर्वत तो बहुत कठोर है। किसी दूसरे वर की खोज कीजिए।'

तपस्वी ने पर्वत से पूछा-'पर्वतराज, तुम अपने से श्रेष्ठ किसी मानते हो?' पर्वत ने कहा-'चूहे मुझसे भी श्रेष्ठ होते हैं। वे मेरे शरीर में भी छेद कर देते हैं।'तपस्वी ने चूहों के राजा को बुलाया और पुत्री से प्रश्न किया-'क्या तुम इसे पसंद करती हो?'

लड़की चूहे को देखकर बड़ी प्रसन्न हुई और उससे विवाह करने को तैयार हो गई। वह बोली-'पिताजी, आप मुझे फिर से चुहिया बना दीजिए। मैं इनसे विवाह करके आनंदपूर्वक रह सकूंगी।' तपस्वी ने उसे फिर से चुहिया बना दिया।

# सेबी के पास दाखिल अपना आईपीओ मसौदा वापस लेगा ओयो, अब कंपनी कर रही यह तैयारी



**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां) ।**

सॉफ्टबैंक समर्थित ओयो अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए सेबी को अपना मसौदा फिर से दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ के लिए दाखिल अपना वर्तमान मसौदा या डीआरएचपी वापस लेने का आवेदन दिया है।

सूत्रों के अनुसार वैश्विक ट्रैवल टेक कंपनी ओयो डॉलर बॉन्ड की बिक्री के जरिए 450 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाने की योजनाओं को अंतिम रूप देने के करीब है। एक सूत्र ने कहा कि जेपी मॉर्गन डॉलर बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से 9 से 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की अनुमानित ब्याज दर पर पुनर्वित्त हासिल करने की प्रक्रिया में लीड बैंकर की भूमिका निभाएगा।

पुनर्वित्त की तैयारी कर रहे ओयो ने बाजार नियामक सेबी को दिए गए अपने वर्तमान ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) को वापस लेने का अपना आवेदन दायर कर दिया है। कंपनी ने बताया है कि वह बॉन्ड जारी करने के बाद संशोधित डीआरएचपी फाइल करना चाहती है।

ओयो की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज लिमिटेड ने नवंबर में पुनर्खरीद प्रक्रिया के जरिए 1,620 करोड़ रुपये के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चुकाया था।

इस बायबैक में 66 करोड़ डॉलर के टर्म लोन बी की 30 प्रतिशत की पुनर्खरीद शामिल थी। इस कदम से कंपनी की बकाया ऋण राशि घटकर लगभग 45 करोड़ डॉलर डालर रह गई। कंपनी की आईपीओ योजना से जुड़े एक सूत्र ने कहा, पुनर्वित्तपोषण से ओयो के वित्तीय ब्योरे में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। मौजूदा नियमों के अनुसार, इसे नियामक को दी गई अपनी फाइलिंग में संशोधन करने की आवश्यकता होगी। इस कारण कंपनी ने पूर्व में सेबी के पास दाखिल अपनी डीआरएचपी वापस लेने का आवेदन दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेट्रोल-डीजल बिहार में सस्ता, हरियाणा में बढ़े भाव, कच्चे तेल में हल्की तेजी और मंदी का दौर जारी




**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल हल्की तेजी और मंदी का दौर जारी है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा है। इस बीच देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शनिवार को फ्यूल के नए भाव अपडेट कर दिए हैं। देश भर के अलग-अलग शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि कुछ शहरों व राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दामों में घटे और बढ़े जरूर हैं। छत्तीसगढ़, बिहार, असम, केरल और झारखंड समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक समेत में कुछ प्रदेशों में ईंधन के दाम कम हुए हैं। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है।

### विशेष ट्रेडिंग सेशन के दोनों सत्रों में सपाट कारोबार, सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर हुए बंद



**नई दिल्ली ।** विशेष कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजार में हरियाली नजर आई, हालांकि विशेष कारोबारी सत्र के दोनों ट्रेडिंग सेशन में सपाट ढंग से कारोबार होता दिखा। वैश्विक बाजारों के अनुरूप भारतीय शेयर बाजार में सकारात्मक ढंग से कारोबार होता दिखा और बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर बंद हुए। विशेष कारोबारी सेशन के पहले सत्र में सेंसेक्स 74,000 के स्तर के ऊपर और निफ्टी 22,500 के स्तर को पार कर खुला और हल्की गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ। दूसरे सत्र में भी बाजार में सपाट ढंग से कारोबार होता दिखा। विशेष कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स 42.60 (0.05 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 73,959.63 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 35.91 (0.16 प्रतिशत) अंक चढ़कर 22,502.00 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में वॉल्यूम कम रही क्योंकि इस सत्र का आयोजन किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारी के लिए किया गया। यह एक विशेष ट्रेडिंग सत्र रहा। सत्र को दो भागों में विभाजित किया गया था पहला सत्र सुबह 09: 15 से 10 बजे तक और 11: 45 पूर्वाह्न से दोपहर 12: 40 बजे तक चला।

### वीआई की प्रमुख शहरों में 5जी सेवा लाने की योजनाः सीईओ




**मुंबई ।** वोडाफोन आइडिया (वीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगले तीन वर्षों में 4जी नेटवर्क के विस्तार और मजबूती पर ध्यान देने के साथ कंपनी का पूंजीगत व्यय 50,000-55,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता 4जी कवरेज है क्योंकि मेरी निगाहों में इस इकलौती वजह से हम लगातार ग्राहक गंवा रहे हैं। उस पूंजीगत व्यय में काफी तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि अब से छह महीने में हमें 5जी को बड़े पैमाने पर शुरू करना चाहिए। मुख्य जोर मुख्य शहरों या अन्य क्षेत्रों पर होगा जहां 5जी उपकरणों की बड़ी मौजूदगी है। यह बाजार विकसित होने के साथ ही हम निवेश करेंगे।

# चुनावी आचार संहिता के कारण नकदी संग यात्रा करने से बच रहे व्यापारी, क्या कारोबार पर पड़ रहा असर



**मुंबई, 18 मई (एजेंसियां) ।**

देश में आम चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 की वजह से देश में आचार संहिता लागू है। इसकी वजह से अधिक नकदी लेकर यात्रा करना मुशिकल भरा सफर हो गया है। इसलिए व्यापारी दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में जाने से बच रहे हैं। चुनावों में धनबल का इस्तेमाल होना एक आम बात है। हर चुनावों में चुनाव आयोग धनबल के प्रयोग को रोकने के लिए भरसक प्रयास करता है। क्योंकि प्रत्याशियों की ओर से मतादाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने की आशंका बनी रहती है।

ऐसे में चुनाव आयोग के निर्देश पर जगह-जगह नकदी के हस्तांरण का पता लगाने के लिए तलाशी ली जाती है। दूसरी ओर विभिन्न कारोबार से जुड़े व्यापारियों कोअपना माल खरीदने के लिए मुंबई, दिल्ली, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता जैसे शहरों में नकदी लेकर आना-जाना पड़ाता है। हालांकि इन दिनों चुनाव आयोग की कार्रवाई के डर से व्यापारी नकद के साथ सफर करने से बच रहे हैं। कारण है कि यदि व्यापार के लिए ले जाने वाली नकदी चुनाव आयोग के हाथ लग जाए तो उसे वापस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है, समय अलग बर्बाद होता है। व्यापारियों की ओर से अपनी यात्राएं टालने से कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है।

### चुनाव के कारण कारोबार पर कैसे पड़ रहा असर

सूरत के होलसेल कपड़ा व्यापारी राजीव शाह बताते हैं कि कपड़ा बाजार पहले से मंदी का सामना कर रहा है। यहां होलसेल बाजार से खरीदी करने के लिए उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों से व्यापारी साड़ी, सूट और बच्चों के कपड़े लेने आते हैं। लेकिन चुनाव होने की वजह से व्यापारियों ने इसमें कटौती कर दी है। चेकिंग और नाकाबंदी की वजह से व्यापारी खरीदी के लिए नहीं आ रहे हैं। इसका व्यापार पर सीधा असर पड़ा है थोक बिक्री 40 प्रतिशत तक प्रभावित हुई है।

### थोक बाजारों में दिहाड़ी मजदूरों की कमी

मुंबई होलसेल मार्केट के ट्रांसपोर्टेशन के अधिकारी धर्मेश सिंह बताते हैं कि थोक बाजारों में दिहाड़ी मजदूरों की कमी हो गई है। चुनाव के दौरान प्रचार रैलियों और रोड शो में जाने के लिए दिहाड़ी पर काम मिल रहा है, इससे उद्योग में दिहाड़ी मजदूरों की कमी हो गई है। इससे उत्पादन क्षमता पर सीधा असर पड़ा है। छतरी बनाने वाले भरत कटियार बताते हैं कि मानसून के लिए उत्पादन चल रहा है लेकिन अभी तक कारोबार में तेजी नहीं आई है। अचार संहिता की वजह से नकदी लेकर कारोबारी आवाजाही नहीं कर रहे हैं। वहीं दूसरी और मजदूरों की कमी से उत्पादन प्रभावित हुआ है।

### सोने-चांदी के कारोबार पर भी पड़ रहा असर

जावेरी बाजार के कारोबारी इंदू जैन बताते हैं कि सोने चांदी के कारोबार पर चुनाव का असर हुआ है। बाजार में सोने के गहने और सिक्क लेकर व्यापारी आते जाते हैं। अब इसमें पेरशानी हो रही है। चेकिंग से बचने के लिए कारोबारी कम खरीदारी कर रहे हैं इसका असर व्यापार पर है। कंस्ट्रक्शन और कपड़ा बाजार के दिहाड़ी मजदूरों की सबसे ज्यादा कमी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महाराष्ट्र प्रदेश के महामंत्री शंकर ठक्कर का कहना है गर्मियों की छुट्टियां और चुनाव एक साथ होने से सभी उद्योगों में मजदूरों की कमी हो गई है।

### पूंजी बाजार में सुधार के दूसरे चरण के बारे में सोचना होगाः सीईए

**नई दिल्ली ।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि



बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतें पूरी करने के लिए देश को पूंजी बाजार में और सुधार करने की जरूरत है। नागेश्वरन ने उद्योग मंडल सीआईआई के वार्षिक व्यवसाय शिखर सम्मेलन में कहा कि पूंजी बाजार सुधार पिछले तीन दशकों में प्रौद्योगिकी के सबसे सफल सुधारात्मक कदमों में से एक रहा है। लेकिन हम एक ऐसे बिंदु पर हैं जहां हमें इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। इसीलिए पूंजी बाजार में सुधार के दूसरे चरण के बारे में सोचना होगा। वर्ष 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने पूंजी बाजार सुधारों की शुरुआत की थी। इस क्रम में पूंजी बाजार के कुशल विनियमन और विकास के लिए 1992 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की स्थापना की गई थी। सीईए ने यह भी कहा कि देश को समग्र और व्यापक तस्वीर के लिए लक्ष्य के अनुरूप निवेश को लेकर अनुमान लगाने की आवश्यकता है। इस निवेश को कर्ज और इक्विटी के माध्यम से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि भारत कुछ महीनों में जेपी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल होगा। उसके बाद जनवरी 2025 से हम ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक का भी हिस्सा होंगे। इससे देश में पूंजी आएगी।

# टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी की लाइव फोटो की शेयर, टिपस्टर ने किया कुछ खास फीचर्स का खुलासा



**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां) ।**

ऑफिशियल ऐलान से पहले एक टिपस्टर ने टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी की लाइव फोटो शेयर की हैं और इसके कुछ खास फीचर्स, लॉन्च टाइमलाइन और कीमत का खुलासा किया है। टिप्सटर पारस गुगलानी ने पेशनेगिक्ज पर एक रिपोर्ट में टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी की लाइव फोटो शेयर की है। फोन को डिज़ाइन के साथ ग्रीन कलर ऑप्शन में देखा गया है, जो दिसंबर 2023 में अनावरण किए गए 4जी वेरिएंट की तरह दिखता है। रिपोर्ट में शेयर किए गई फोटो में फोन चौकोर रियर कैमरा मॉड्यूल के साथ नजर आ रहा है, जिसमें गोल्डन बॉर्डर शामिल है। मॉड्यूल को ऊपरी बाएं कोने में रखा गया है और इसमें एलईडी फ्लैश यूनिट के साथ तीन कैमरे हैं। बीच का फ्रेम भी सुनहरे फिनिश में दिखाई देता है, जिसके राइट किनारे पर पावर बटन और वॉल्यूम बटन हैं।फीचर्स की बात करें तो रिपोर्ट मिली है कि टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी में 1080 गुणा 2460 पिक्सल रेजोलूशन वाली 6.78 इंच की आईपीएस एलसीडी स्क्रीन होने की संभावना है। फोन को मीडियाटेक डाइमेंशन 6080 एसओसी द्वारा संचालित किया जा सकता है, जिसे माली-जी57 जीपीयू के साथ जोड़ा जा सकता है। कहा जा रहा है कि इसमें 108 मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर मिलेगा। वहीं फोन के फ्रंट कैमरे में 32-मेगापिक्सल सेंसर होने की उम्मीद की जा रही है। फोन में 33वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000 एमएएच की बैटरी दी जाएगी। बता दें कि टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी को लेकर काफी दिनों से नई खबरें सामने आ रही हैं। अब फोन को कुछ सर्टिफिकेशन साइटों पर देखा गया है जहां से फोन के कुछ फीचर्स की डिटेल सामने आ गई है। इस फोन को बीआईएस की वेबसाइट पर भी देखा गया है, जिससे हिंट मिलता है ।

# 2022 में गिरफ्तार पुणे के बिल्डर अविनाश भोसले को जमानत, बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला

**मुंबई, 18 मई (एजेंसियां) ।**

बंबई उच्च न्यायालय ने यस बैंक और डीएचएफएल से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में पुणे के बिल्डर अविनाश भोसले को जमानत दे दी। मई 2022 में मामले में गिरफ्तार भोसले वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं, लेकिन चिकित्सा उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती हैं। न्यायमूर्ति एनजे जमादार की एकल पीठ ने रियल एस्टेट डेवलपर को जमानत दे दी और उसे एक लाख रुपये की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया। सीबीआई का आरोप है कि भोसले ने धन की हेराफेरी के बदले यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर से रिश्वत ली थी।

कपूर के नेतृत्व में यस बैंक ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) को 3,983 करोड़ रुपये वितरित किए थे, जो अपराध की आय थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि इस राशि में से डीएचएफएल ने रेडियस समूह की तीन कंपनियों को 2,420 करोड़ रुपये का कर्ज दिया और उसे वितरित किया। सीबीआई जांच के अनुसार, भोसले ने




कथित तौर पर परामर्श सेवाओं के भुगतान के रूप में डीएचएफएल से ऋण की सुविधा के लिए रेडियस समूह से 350 करोड़ रुपये की रिश्वत ली। सीबीआई ने 2020 में कपूर और डीएचएफएल के प्रवर्तकों कपिल और धीरज वधावन को गिरफ्तार किया था।

एजेंसी ने दावा किया गया था कि उन्होंने एक आपराधिक साजिश रची थी, जिसके माध्यम से यस बैंक के सह-संस्थापक और उनके परिवार के सदस्यों को पर्याप्त अनुचित लाभ के बदले उनकी हाउसिंग फाइनेंस फर्म को वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।

# भारत-ब्रिटेन ने रणनीतिक वार्ता में एफटीए पर जताई प्रतिबद्धता, 2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा

**लंदन, 18 मई (एजेंसियां) ।**

भारत और ब्रिटेन ने एक बार फिर दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच सालाना होने वाली रणनीतिक बातचीत के लिए भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान क्वात्रा ने ब्रिटेन के विदेश, कॉमनवेल्थ एंड डेवलेपमेंट ऑफिस के स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सर फिलिप बार्टन ने कहा कि दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई। साथ ही साल 2030 के रोडमैप की समीक्षा भी की गई। 2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा सर फिलिप बार्टन ने कहा कि 2030 के रोडमैप की समीक्षा के दौरान दोनों देशों के



प्रतिनिधियों ने माना कि जनवरी में हुई बैठक के बाद इस दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। जिसके तहत दुनिया की पहली मलेरिया वैक्सीन पर सहयोग बढ़ा है, साथ ही दोनों देशों ने जी20 की अध्यक्षता और छात्रों और उद्यमियों के लिए ज्यादा अवसर बनाने की दिशा में भी दोनों देशों ने मिलकर काम किया है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। गौरतलब है कि साल 2021 में भारत और ब्रिटेन के बीच 2030 के रोडमैप पर सहमति बनी थी। इसके तहत दोनों देश स्वास्थ्य, जलवायु, व्यापार, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। एफटीए को लेकर दोनों देशों में अब तक 13 राउंड की बातचीत हो चुकी है और 14वें राउंड की बातचीत जनवरी में शुरू हुई थी। मुक्त व्यापार समझौते के तहत 26 अध्याय हैं, जिनमें सामान, सेवा, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे मुद्दों पर बात हो रही है। एफटीए के तहत इन क्षेत्रों में राहत चाहते हैं दोनों देश एफटीए के तहत भारतीय उद्योग की मांग है कि इसके आईटी और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को ब्रिटेन में ज्यादा मौके मिलें, साथ ही कई सामान पर भारत चाहता है कि ब्रिटेन कस्टम ड्यूटी में भी छूट दे। वहीं ब्रिटेन भी स्कॉच व्हिस्की, इलेक्ट्रिक गाड़ियां, चॉकलेट, मांस और कुछ खाद्य सामानों पर कस्टम ड्यूटी से राहत दे।

# छह साल का रिकॉर्ड टूटा, 1.76 करोड़ लोगों को 2023-24 में मिला रोजगार, सीएमआईई ने जारी किए रोचक आंकड़े

**मुंबई, 18 मई (एजेंसियां) ।**

देश में बेरोजगारी के बीच चौंकाने वाले आंकड़े आए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में 1.76 करोड़ लोगों को काम मिला है। वित्त वर्ष यह 2016-17 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी यानी सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 40.57 करोड़ लोगों के पास काम था। 2023-24 में यह बढ़कर 42.33 करोड़ हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 की तुलना में 2023-24 में रोजगार लगभग 4.3 प्रतिशत बढ़ा है। रोजगार दर 2022-23 में 36.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 37.2 प्रतिशत हो गई। सबसे ज्यादा रोजगार कृषि और सेवा क्षेत्र में है। कुल रोजगार में इनका हिस्सा करीब 35-40 प्रतिशत है। उद्योग का हिस्सा 25 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2023-24 में रोजगार में वृद्धि मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र में भारी तेजी के कारण हुई। कृषि क्षेत्र में भी नौकरियां



बढ़ीं, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई। सेवा क्षेत्र में वित्त वर्ष 2016-17 के बाद रोजगार का रिकॉर्ड बना है। इसी अवधि में कुल रोजगार में सेवाओं की नौकरियों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 36.6 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 38.9 प्रतिशत हो गई। पिछले वित्त वर्ष की हिस्सेदारी कोरोना महामारी से पहले के वर्षों से भी ज्यादा अच्छी है। आंकड़ों के अनुसार, सेवा क्षेत्र में लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल खुदरा व्यापार, होटल और पर्यटन और व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं में कार्यरत है। 1.6 करोड़ रोजगार 2023-24 में सेवा क्षेत्र में मिला 2023-24 में सेवा क्षेत्र में 1.6 करोड़ को नौकरियां मिलीं। इसमें से करीब 96 लाख को व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं में नौकरियां मिलीं। इनमें नाई, बढ़ई, प्लंबर जैसी कुशल नौकरियां शामिल हैं। गैर-कुशल सेवा प्रदाता जैसे माली, चौकीदार, समाचार पत्र वितरक भी शामिल हैं। खुदरा व्यापार में सर्वाधिक रोजगार सेवा क्षेत्र में सबसे अधिक नौकरियां खुदरा व्यापार में हैं।

इसमें मॉल, राशन की दुकानों में काम करने वाले, फेरीवाले और खुदरा बाजारों में छोटे व्यापारी समेत अन्य लोग हैं। 2023-24 में खुदरा व्यापार में 6.88 करोड़ लोग काम कर रहे थे। खुदरा व्यापार में रोजगार 2022-23 में बढ़ने के साथ 2023-24 में भी ऊंचे स्तर पर रहा। व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं में तेजी से बढ़ा हिस्सा सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक, सेवा क्षेत्र की नौकरियों में व्यक्तिगत गैर-पेशेवर सेवाओं की नौकरियों का हिस्सा वित्त वर्ष 2022-23 में 13.6 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 18.1 प्रतिशत हो गया।

### निफ्टी-50 में शामिल होंगे ट्रेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स

**नई दिल्ली ।** निफ्टी-50 सूचकांक में सितंबर में होने वाली अगली बदलाव प्रक्रिया के दौरान टाटा समूह की रिटेलर ट्रेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) के शामिल होने की संभावना है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार अगर इन शेयरों को इस सूचकांक में शामिल किया




जाता है तो इनमें 3,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हो सकता है। इस बीच एलटीआई माइंडट्री और दिवीज लैब्स के बाहर निकलने का अनुमान है। यदि इन्हें बाहर किया गया तो इन दोनों शेयरों में निफ्टी-50 सूचकांक से जुड़े पैसिव फंडों द्वारा 1,500 करोड़ रुपये की बिकवाली की जा सकती है। निफ्टी सूचकांक में शामिल किए जाने और हटाए जाने वाले शेयरों के आकलन की गणना जुलाई के अंत तक उनके बाजार पूंजीकरण के आधार पर की जाती है। इसकी आधिकारिक घोषणा अगस्त के मध्य में होती है और यह समायोजन 30 सितंबर से प्रभावी होता है। हालांकि ऐसे कई शेयर हैं जो अपने बाजार पूंजीकरण के लिहाज से ट्रेंट और बीईएल से आगे हैं लेकिन वे डेरिवेटिव सेगमेंट में शामिल नहीं है। इसलिए सूचकांक में शामिल किए जाने के लिहाज से अयोग्य हैं। नुवामा अल्टरनेटिव ऐंड क्वांटीटेटिव एक शोधकर्ता ने कहा कि ट्रेंट प्रमुख दावेदार है। इसके बाद बीईएल शामिल है। इस समय बीईएल के करीब एकमात्र शेयर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स (एचएएल) है। यदि एचएएल का शेयर बीईएल की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करता है और जुलाई के अंत तक मजबूत बना रहता है तो उसके शामिल होने की संभावना ज्यादा रहेगी।



# वॉर्मअप मैच खेलने का मौका नहीं मिलेगा पाक टीम को, आईसीसी ने किया टी20 विश्व कप से पहले वॉर्मअप मैचों के शेड्यूल का ऐलान

**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां) ।**

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वॉर्मअप मैच खेलने का मौका नहीं मिलेगा। आगामी 2 जून से आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप से पहले आईसीसी ने वॉर्मअप मैचों के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। वॉर्मअप मैच में भारतीय टीम 1 जून को बांग्लादेश से भिड़ेगी।

टीम इंडिया वॉर्मअप मैच किस वेन्यू पर खेलेगी, अभी इसका फैसला नहीं हुआ है। इंग्लैंड की टीम भी सीधे मुख्य दौरे के मुकाबले में उतरेगी। विश्व कप में 20 में से 17 टीमें वॉर्मअप मैच खेलेंगी जबकि तीन टीमें इससे बाहर हैं।

पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस उस समय हैरान हो गए जब आईसीसी ने वॉर्मअप मैचों के शेड्यूल का ऐलान किया। पाकिस्तान और इंग्लैंड की टीमें टी20 वर्ल्ड कप में वॉर्मअप मैच इसलिए नहीं खेल रही हैं क्योंकि ये दोनों टीमें 22 मई से 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगी। यह सीरीज 30 मई तक चलेगी। ऐसे में दोनों टीमों के लिए टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए यह सीरीज अहम है। दोनों टीमें देर से विश्व कप के लिए पहुंचेंगी इसलिए दोनों को वॉर्मअप मैच खेलने की जरूरत नहीं है। पाकिस्तान की टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है जहां उसे टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टी20 मैच 22 मई को खेला जाएगा जबकि दूसरा 25 को वहीं तीसरा टी20 मैच 28 मई को खेला जाएगा। 30 मई को दोनों टीमें सीरीज का चौथा और आखिरी टी20 मैच खेलेंगी।

पाकिस्तान ने अभी तक टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान नहीं किया है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद पाकिस्तानी टीम वर्ल्ड कप के लिए टीम की घोषणा करेगी।इंग्लैंड के कई खिलाड़ी इस समय आईपीएल में खेल रहे हैं। कई खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड लौट चुके हैं। वॉर्मअप मैच में टीमें अपने सभी 15 खिलाड़ी उतार सकती हैं। इसे इंटरनेशनल मैच का दर्जा नहीं मिलेगा। बता दें कि आमतौर पर टी20 विश्व कप में 2 वॉर्मअप मैच एक टीम खेलती है लेकिन इस बाद आईसीसी ने इसमें टीमों को यह यह छूट दी है कि वो दो की जगह एक वॉर्मअप मैच भी खेल सकती हैं। क्योंकि टीम के आगमन पर यह निर्भर करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### केएसएसआर निशानेबाजी में खेल मनोविज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालने वाली कार्यशाला की मेजबानी करेगा; अभिनव बिंद्रा पैनल का हिस्सा



**नई दिल्ली।** शूटिंग एथलीटों के जीवन में खेल मनोवैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रित पांच दिवसीय प्रमाणन कार्यक्रम 20 से 24 मई तक भारतीय खेल प्राधिकरण कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च (एनसीएसएसआर), नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई), टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स), और नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनएसएनआईएस), पटियाला के सहयोग से किया जाएगा। प्रख्यात खेल वैज्ञानिकों, उच्च-प्रदर्शन प्रशिक्षकों, शूटिंग चैंपियन और प्रशासकों के नेतृत्व में व्याख्यान, पैनल चर्चा और व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों के संयोजन के माध्यम से, कार्यक्रम प्रतिभागियों को अत्याधुनिक रणनीतियों और व्यावहारिक हस्तक्षेपों से परिचित कराने का वादा करता है। कुछ हाई-प्रोफाइल वक्ताओं में 2008 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, भारतीय शूटिंग हाई परफॉर्मेंस निदेशक पियरे ब्यूचैम्प, शूटिंग कोच समरेश जंग, रौनक पंडित के साथ-साथ अन्य चैंपियन खिलाड़ी, कोच और प्रशासक शामिल हैं। यह प्रमाणीकरण खेल मनोवैज्ञानिकों के लिए है और इसका उद्देश्य क्षमता निर्माण करना है जो सभी हितधारकों को शूटिंग में मनोवैज्ञानिक घटकों के महत्व को समझने में मदद करेगा। इस गहन कार्यक्रम का उद्देश्य शूटिंग विषयों में उच्च प्रदर्शन वाले एथलीटों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता में मौजूदा अंतर को पाटना है। कार्यक्रम यह भी बताता है कि निशानेबाज मनोवैज्ञानिक बाधाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, रेंज पर अपने प्रदर्शन को अनुकूलित करने और दबाव में संयम बनाए रखने, महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान चरम प्रदर्शन की सुविधा के लिए तकनीक कैसे विकसित कर सकते हैं।

### टी20 विश्वकप में विराट तोड़ सकते हैं गेल का रिकार्ड



**मुम्बई ।** टी20 विश्वकप में कई रिकार्ड अब भी कायम हैं। ऐसे में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास इनको तोड़ने का अच्छा अवसर है। टी20 विश्व कप जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम 2 शतक हैं। आगामी विश्व कप में कौन खिलाड़ी शतक जड़ता है या गेल को रिकॉर्ड कौन तोड़ता है, इसपर सबकी नजरें रहेंगी। इसके लिए विराट के पास अच्छा अवसर है। टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। कोहली ने 27 मैचों में सबसे ज्यादा 1141 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने 1016 दूसरे वहीं क्रिस गेल 965 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं जबकि रोहित शर्मा ने 39 मैचों में 963 रन बनाए हैं। वह इस प्रकार सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर हैं। टी20 विश्व कप में अभी तक 10 बल्लेबाजों ने शतक लगाये हैं। विराट कोहली के नाम टी20 विश्व कप में सर्वाधिक बार 50 रन से ज्यादा का रिकॉर्ड है। कोहली ने 14 सबसे अधिक 14 अर्धशतक लगाये हैं जबकि रोहित शर्मा 9 अर्धशतक के साथ इस सूची में दूसरे नंबर पर हैं। गेल 7 अर्धशतक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। विराट टी20 विश्व कप के एक सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने बांग्लादेश में आयोजित 2013-14 टी20 विश्व कप में 6 मैचों में 319 रन बनाए जो किसी एक सत्र का सर्वाधिक स्कोर है।

### तीरंदाज दीपिका अगले माह अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया जाएगी

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया जाएगी। दीपिका 13 दिन तक दक्षिण कोरिया के किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से तुर्की के अंताल्या में होने वाले विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये रवाना होंगी। दीपिका का लक्ष्य इस अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर करना है। पिछले माह शंघाई में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद से ही दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया था। विश्व क्वालीफाइंग में बेहतर प्रदर्शन कर दीपिका और अन्य भारतीय तीरंदाज पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का भी प्रयास करेंगे। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और आने-जाने का खर्च उठायेगा।

# रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 27 रन से हरा कर प्लेआफ के लिये किया क्वालीफाई



**बेंगलुरु, 18 मई (एजेंसियां)।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 27 रन से हरा दिया। इस जीत से आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बना ली। टीम ने लीग स्टेज में लगातार 6 मैच जीते। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने 5 विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए। सीएसके 7 विकेट खोकर 191 रन ही बना सकी। एमएस धोनी, शार्दूल ठाकुर और रवींद्र जडेजा आखिरी ओवर में 7 रन ही बना सके।

चेन्नई को छठा विकेट मिचेल सैंटनर के रूप में लगा। मोहम्मद सिराज ने सैंटनर को फाफ डु प्लेसिस के हाथों कैच कराया। डु प्लेसिस ने मिड-ऑफ पर एक हाथ से शानदार कैच फकड़ा। सैंटनर ने 4 बॉल पर 3 रन बनाए। सीएसके को पांचवां झटका 14वें ओवर में लगा। चौथी बॉल पर कैमरन ग्रीन ने शिवम दुबे को लॉकी फर्ग्यूसन के हाथों कैच कराया। दुबे 15 बॉल पर 7 रन बनाए। चेन्नई का चौथा विकेट 13वें ओवर की आखिरी बॉल पर गिरा। रचिन रवींद्र रन आउट हुए। रचिन ने 37 बॉल पर 61 रन बनाए। रचिन की आईपीएल में यह पहली फिफ्टी है। चेन्नई का तीसरा विकेट 10वें ओवर की पहली बॉल पर गिरा। लॉकी फर्ग्यूसन ने अजिंक्य रहाणे को फाफ डु प्लेसिस के हाथों कैच कराया। रहाणे ने 22 बॉल पर 33 रन बनाए। 219 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 6 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 58 रन बना लिए हैं। इस दौरान टीम ने ऋतुराज गायकवाड और डेरिल मिचेल का विकेट गंवाया। पावरप्ले में ग्लेन मैक्सवेल और यश दयाल को 1-1 विकेट मिला। चेन्नई को दूसरा झटका तीसरे ओवर में लगा। ओवर की दूसरी बॉल पर यश दयाल ने डेरिल मिचेल को मिड-ऑफ पर विराट कोहली के हाथों कैच कराया। बेंगलुरु की यह दूसरी और यश की पहली सफलता रही। 219 रन के टारगेट का पीछा कर रही सीएसके को पहला झटका पारी की पहली ही बॉल पर लगा। ग्लेन मैक्सवेल ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड को यश दयाल के हाथों कैच कराया। गायकवाड अपना खाता भी नहीं खोल सके। इंडियन प्रीमियर लीग के 68वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 219 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 218 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 39 बॉल पर 54 रन की पारी खेली। उनके अलावा विराट कोहली 47 और रजत पाटीदार ने 41 रन बनाए। चेन्नई की और से शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे को 1-1 विकेट मिला। सैंटनर ने फाफ डु प्लेसिस को रन आउट किया। बेंगलुरु को पांचवां झटका शार्दूल ठाकुर ने दिया। शार्दूल ने ग्लेन मैक्सवेल को एमएस धोनी के हाथों कैच कराया।

मैक्सवेल ने 5 बॉल पर 16 रन बनाए। बेंगलुरु को चौथा झटका 19वें ओवर में लगा। तुषार देशपांडे ने दिनेश कार्तिक को एमएस धोनी के हाथों कैच कराया। कार्तिक ने 6 बॉल पर 14 रन बनाए। शार्दूल ठाकुर ने रजत पाटीदार को आउट कर चेन्नई को तीसरी सफलता दिलाई। 18वें ओवर की चौथी बॉल पर शार्दूल ने पाटीदार को लॉन्ग-ऑन पर डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। बेंगलुरु को दूसरा झटका 13वें ओवर में लगा। मिचेल सैंटनर ने फाफ डु प्लेसिस को रन आउट किया। डु प्लेसिस ने 54 रन की पारी खेली। डु प्लेसिस ने सीजन की चौथी और आईपीएल की 37वीं फिफ्टी लगाई। बेंगलुरु को पहला झटका 10वें ओवर में लगा। मिचेल सैंटनर ने विराट कोहली (47) को लॉन्ग-ऑन पर डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया। कोहली और फाफ डु प्लेसिस के बीच 78 रन की साझेदारी हुई। बेंगलुरु ने पहले 6 ओवर में 42 रन बनाए। टीम ने इस दौरान एक भी विकेट नहीं गंवाया। इस दौरान विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस क्रीज पर मौजूद रहें।

# मैं चाहता हूं कि लोग मुझे जानें , संन्यास के बाद सुनील ने की फैंस से खास अपील



**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां) ।**

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने संन्यास का एलान किया था। उन्होंने बताया था कि छह जून को वह कुवैत के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला खेलेंगे। छेत्री के संन्यास से भारतीय फुटबॉल के एक युग का अंत हो जाएगा। वह 2011 से टीम इंडिया के कप्तान हैं। सुनील ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत साल 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल (94) करने वाले चौथे खिलाड़ी है। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी के बाद सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।

उन्हें साल 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2019 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। छेत्री ने की फैंस से खास अपील संन्यास की घोषणा के बाद बताया कि वह चाहते हैं उनके फैंस उन्हें एक मेहनती और अच्छे दिखने वाले खिलाड़ी के रूप में याद रखें। छेत्री ने कहा, मैं चाहता हूं कि लोग मुझे एक मेहनती और अच्छे दिखने वाले खिलाड़ी के रूप में याद रखें।

मैंने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया कि मैं अपने पीछे क्या छोड़कर जाऊंगा। मैं चाहता हूं कि जब फैंस मुझे याद करें, तो उन्हें सोचना चाहिए कि मैं एक मेहनती खिलाड़ी था। 39 साल की उम्र में भी अभी छेत्री काफी फिट दिखते हैं और पिछले दो साल में कई रिकॉर्ड को धराशाई कर चुके हैं। ऐसा कहा जा रहा था कि सुनील ने बढ़ती उम्र, फिटनेस और थकान की वजह से संन्यास लिया है। अब छेत्री ने इन सभी रिपोर्ट्स को खारिज करते हुए खुद ही संन्यास के पीछे की वजह का खुलासा किया है।

छेत्री ने बताया कि संन्यास के फैसले के पीछे शारीरिक कारण नहीं, बल्कि मानसिक पहलू है। फिटनेस पर बोले छेत्री छेत्री ने कहा, संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया। मेरी फिटनेस अच्छी है और अभी भी दौड़ रहा हूं। डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है। यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया है। छेत्री ने हालांकि मानसिक स्वास्थ्य के मसले पर ज्यादा कुछ नहीं बताया। मौजूदा दौर में विभिन्न खेलों में यह खिलाड़ियों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है।

# गांगुली चाहते हैं रोहित-कोहली करें टी20 विश्वकप में पारी की शुरुआत



**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां) ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने विराट कोहली की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें टी20 विश्वकप में रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिये। गांगुली ने कहा कि विराट में 40 गेंदों में ही शतक लगाने की क्षमताएं हैं। विराट ने इस आईपीएल सत्र में तेजी से खेलते हुए सबसे अधिक रन बनाये है पर इसके बाद भी उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठे हैं। कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में 100 रन बनाए थे पर इसके बाद भी कहा गया कि उनका स्ट्राइक रेट कम है। इस पर गांगुली ने कहा, 'विराट के पास 40 गेंदों में 100 रन बनाने की भी क्षमताएं है। साथ ही कहा कि भारतीय टीम को टी20 विश्व कप में जीत के लिए उस प्रकार के सलामी बल्लेबाजों की जरुरत है जो मैदान में उतरते ही बड़े शॉट लगा सकें। इसके बाद दिखेगा कि पांच से छह ओवर के बाद क्या होगा। ऐसे में कोहली-रोहित से पारी की शुरुआत करना सबसे बेहतर फैसला रहेगा। गांगुली का मानना है चयन समिति, कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप के लिए टीम के सबसे बेहतर खिलाड़ियों का चयन करेंगे

# भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें यूरोप दौरे के लिए रवाना

**बेगलुरू, 18 मई (एजेंसियां) ।**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम और भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप के दौरे पर रवाना हुईं। दौरे के दौरान, भारतीय जूनियर पुरुष टीम बेल्जियम, ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश और जर्मनी से प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश, जर्मनी और ओरांजे रूड से भिड़ेगी। कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 21 मई को ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 22 मई को ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी।

इसके बाद टीम 26 मई को जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटने से पहले 24 मई को बेल्जियम से मुकाबला करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी। वे 27 मई को फिर से जर्मनी का सामना करने के लिए डसेलडोर्फ की यात्रा करेंगे, जिसके बाद 29 मई को ब्रेडा में ओरांजे रूड के साथ मुकाबला खेलने के बाद अपना यूरोप दौरा समाप्त करेगी। दौरे पर रवाना होने से पहले अपना उत्साह साझा करते हुए ज्योति सिंह ने कहा, टीम पूरे यूरोप की यात्रा करने और कुछ प्रमुख यूरोपीय युवा हॉकी क्लबों के साथ-साथ कुछ सबसे कठिन





अंतरराष्ट्रीय युवा टीमों का सामना करने के लिए उत्सुक है। यह दौरा हमें अमूल्य मैच अनुभव प्रदान करेगा और हमें अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करेगा। हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो पदार्पण भी करेंगे और यह उनके लिए उच्च क्षमता वाले विरोधियों के खिलाफ अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर है।

कप्तान रोहित के नेतृत्व में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ अपने दौरे की शुरुआत करेगी। रिवर्स मैच 22 मई को खेला जाएगा और उसके बाद 23 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ मैच खेला जाएगा। इसके बाद टीम अपने दौरे को समाप्त करने के लिए 28 मई को मोनचेंग्लादबाक में और 29 मई को ब्रेडा में जर्मनी से भिड़ेगी।

# इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर विराट कोहली ने रोहित शर्मा का किया समर्थन

**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां) ।**

रोहित शर्मा की उस टिप्पणी के बाद, जिसमें उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना की थी, विराट कोहली अपनी राष्ट्रीय टीम के कप्तान के समर्थन में आए हैं और इस नियम के खिलाफ बोले हैं क्योंकि यह खेल के संतुलन को बिगाड़ता है।

कोहली ने कहा, मैं रोहित से सहमत हूं. मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन इसमें कोई संतुलन नहीं है.।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 आईपीएल सीज़न में पेश किया गया था और टीमों के खेल के प्रति दृष्टिकोण में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा गया है. 2024 सीज़न में आईपीएल इतिहास के तीन उच्चतम स्कोर बनाए गए हैं (एसआरएच बनाम आरसीबी, एसआरएच बनाम



एमआई और केकेआर बनाम डीसी.)।

आईपीएल के सर्वकालिक अग्रणी रन स्कोरर ने कहा,गेंदबाजों को लग रहा है कि उन्हें क्या करना चाहिए. मैंने कभी भी ऐसा अनुभव नहीं किया है जहां गेंदबाज सोचते हों कि वे हर गेंद पर चौका या छक्का खाएंगे. हम उच्च स्तर की क्रिकेट खेल रहे हैं और मेरी राय में इसे इतना हावी नहीं होना चाहिए. बल्ले और गेंद के बीच समान संतुलन होना एक खूबसूरती है. हर टीम के पास बुमराह (जसप्रीत) या राशिद खान जैसा बेहतरीन गेंदबाज नहीं है।

विराट कोहली वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग के इस संस्करण के ऑरेंज कैप धारक हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं. इससे भी अधिक प्रभावशाली बात यह है कि वह जिस प्रभावशाली 155.16 स्ट्राइक रेट पर बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह उनके शानदार आईपीएल करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, एक ऐसा आंकड़ा जिसका श्रेय वह इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम की शुरुआत को देते हैं।

कोहली ने कहा, मैं आपको बता रहा हूं, एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ एक कारण है कि मैं पावरप्ले में 200 से अधिक स्ट्राइक रेट के साथ खेल रहा हूं. मैं जानता हूं कि आठवें नंबर पर भी एक बल्लेबाज इंतजार कर रहा है. मुझे लगता है कि इससे संतुलन बिगड़ गया है और केवल मैं ही नहीं, बल्कि बहुत से लोग ऐसा महसूस कर रहे हैं। विराट की टिप्पणियां रोहित शर्मा की टिप्पणियों से उपजी हैं जिसमें टीम इंडिया के कप्तान ने खिलाड़ियों पर प्रभाव डालने वाले नियम की कड़ी आलोचना की थी क्योंकि कप्तान का मानना है कि इससे ऑलराउंडरों के विकास में बाधा आती है और राष्ट्रीय टीम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। क्लब प्रेयर पॉडकास्ट पर रोहित शर्मा ने कहामैं इम्पैक्ट प्लेयर का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं. आप आसपास के लोगों के लिए इसे थोड़ा मनोरंजन बनाने के लिए खेल से बहुत कुछ निकाल रहे हैं. लेकिन अगर आप वास्तव में इसके क्रिकेट पहलू को देखें. मैं कह सकता हूं कि आपके पास बहुत सारे उदाहरण हैं - वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे जैसे लोगों को गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिल रहा है, जो हमारे (भारत टीम) लिए अच्छी बात नहीं है, मुझे नहीं पता कि आप इसके बारे में क्या कर सकते हैं, लेकिन मैं प्रशंसक नहीं हूं इसके बारे में ईमानदारी से कहूं तो।



# भारत को विशेष चिंता वाला देश बताने पर भड़के अमेरिकी हिंदू बोले- यूएससीआईआरएफ में हमारा प्रतिनिधित्व ही नहीं

**वॉशिंगटन, 18 मई (एजेंसियां) ।**

अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय ने अमेरिका के कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम की हालिया रिपोर्ट की आलोचना की है और कहा है कि यह रिपोर्ट गलत तथ्यों के आधार पर और पक्षपातपूर्ण तरीके से बनाई गई है। साथ ही इस बात पर भी नाराजगी जताई कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े हिंदू धर्म का कोई प्रतिनिधि यूएससीआईआरएफ के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं है। अमेरिका में भारतीयों के एक प्रमुख थिंक टैंक फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज के पॉलिसी और रणनीति अध्यक्ष खांडेराव कांड ने ये बात कही।

**भारतीय डायस्पोरा ने लगाए आरोप** - यूएससीआईआरएफ ने अपने तीन नए सदस्यों की नियुक्ति का एलान किया। जिसके तहत मौरीन फर्ग्युसन, विकी हार्जलर, आसिफ मोहम्मद को नया सदस्य बनाया गया है, वहीं स्टीफन शेनेक और एरिक येलेंड की फिर से नियुक्ति की गई है। आयोग के पूर्व कमिश्नर अब्राहम कूपर, डेविड करी, फ्रेडरिक डेवी, मोहम्मद मैगिड, नूरी तुर्केल और फ्रैंक वोल्फ का कार्यकाल 14 मई को समाप्त हुआ है। खांडेराव कांड ने कहा कि यूएससीआईआरएफ के नेताओं ने एक बार फिर से वह ऐतिहासिक अवसर गंवा दिया, जिसमें वे आयोग में विविधता को संतुलित करते हुए नियुक्तियां करते। इस दुनिया में हर छह में से एक व्यक्ति हिंदू है, लेकिन आयोग में हिंदू धर्म का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

**यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट पक्षपाती** - यूएससीआईआरएफ की सालाना रिपोर्ट भारत के प्रति पक्षपाती है। खांडेराव कांड ने कहा कि रिपोर्ट में कुछ तथ्य हैं, लेकिन यह पूरी सही तस्वीर नहीं दिखाती, इसमें कई तथ्यों को छिपा लिया गया है। यह भारत विरोधी रिपोर्ट है। रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाला देश बताया गया है, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में यूएससीआईआरएफ द्वारा भारत के प्रति ऐसी सिफारिश करना समझ से परे है। भारत का आधार ही विविधता और बहुलतावाद है। खांडेराव ने कहा कि रिपोर्ट में एक धर्म विशेष के मुद्दों पर ही ध्यान दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर की बैठक, आगे की योजना पर की चर्चा



**अबू धाबी ।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईएमईईसी के सशक्तिकरण और संचालन के लिए सहयोग से जुड़े अंतर सरकारी फ्रेमवर्क के तहत 15 से 17 मई तक बैठकें कीं। नई दिल्ली से पहला अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधि मंडल अबू धाबी पहुंचा था।
अबू धाबी में भारतीय दूतावास की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए प्रभावी वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। यूएई में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने डीपी वर्ल्ड यूएई, एडी पोर्ट्स ग्रुप और यूएई के फेडरल कस्टम अथॉरिटी जैसी प्रमुख संस्थाओं के साथ चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में जहाजरानी, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड और दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह, कांडला के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने खलीफा बंदरगाह, फुजैरा बंदरगाह और जेबेल अली बंदरगाह का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत और यूएई और उससे आगे माल की आवाजाही सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित बंदरगाह अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यूएई के सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ भी बैठकें कीं। भारतीय दूतावास ने कहा, समझौते पर हस्ताक्षर करने के तीन महीने के भीतर हुई यात्रा दोनों सरकारों द्वारा आईएमईईसी परियोजना को दिए जाने वाले महत्व को दिखाती है। गलियारा प्रभावी वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग प्रदान करेगा। जिससे दक्षता पैदा होगी और लागत कम होगी। दोनों पक्ष कराक के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए विचार-विमर्श जारी रखने पर सहमत हुए।

### विश्वविद्यालय में तलवार लेकर घूमता दिखा शख्स, हंगामे के बीच भारी संख्या में पहुंचा सशस्त्र बल



**लंदन ।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी में हंगामा खड़ा हो गया। खबर मिली थी कि एक शख्स तलवार लेकर विश्वविद्यालय के सिटी सेंटर में खड़ा है। इस पर ही बवाल मच गया। फिर क्या था एक के बाद एक पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंचने लगी। सशस्त्र इकाइयों समेत बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची। बाद में पता चला कि सभी को गलतफहमी हुई थी। तलवार लेकर घूमता दिखा छात्र दरअसल, एक छात्र नकली तलवार से थिएटर में रिहर्सल कर रहा था। वह अचानक तलवार लेकर बाहर आ गया। वहां मौजूद एक शख्स ने चिंता जताते हुए पुलिस को शिकायत दे दी। तत्परता दिखाते हुए भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस (जीएमपी) के प्रवक्ता ने बताया, ग्रॉसवेनर स्ट्रीट पर एक इमारत में हथियारबंद अधिकारियों को बुलाया गया, क्योंकि खबर मिली थी कि एक पुरुष तलवार लेकर खड़ा है। बाद में अधिकारियों को पता चला कि तलवार नकली थी। उसे लकड़ी से बनाया हुआ था। इसे महज नाटक के लिए बनाया गया था। मामला सुलझाया अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही पता चल गया था कि तलवार लकड़ी की है। गलतफहमी के चलते सूचना दी गई। पुलिस और विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों के बीच इस मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया। पिछले महीने किया था एक शख्स ने हमला गौरतलब है, पिछले महीने की अंत में ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास 36 साल के युवक ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया था। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई थी। चार लोग घायल हुए थे, इनमें दो पुलिस अधिकारी शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मैट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया था कि लोकल समय के मुताबिक सुबह सात बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। साथ ही यह भी बताया गया था कि शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी का पीछा करते वक्त उसने पुलिस अफसरों पर भी तलवार से हमला किया। हालांकि, बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। सुनक बोले थे- ऐसी हिंसा की ब्रिटेन में कोई जगह नहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हैनॉल्ट में हुए हमलों को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। सुनक ने लिखा था, यह बेहद हैरान कर देने वाली घटना है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के साथ है।

# देश की परमाणु ताकत बढ़ाने पर किम जोंग उन का जोर, बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण



**प्योंगयांग, 18 मई (एजेंसियां) ।**

उत्तर कोरिया लगातार अपने हथियारों के बेड़े को मजबूत करता जा रहा है। अब यहां के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने एक बार फिर देश की परमाणु शक्ति को बढ़ाने का संकल्प लिया है। ऐसे में उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।

**देश की परमाणु शक्ति को और मजबूत करने पर जोर** - एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि किम ने देश की परमाणु शक्ति को और मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया है। इसके लिए एक नई ऑटोनोमस नेविगेशन सिस्टम के सटीक होने और विश्वसनीयता का आंकलन करने के मिशन पर पूर्वी सागर यानी जापान सागर में इसका सफल परीक्षण किया गया। राष्ट्रपति उन ने मिसाइल परीक्षण को लेकर खुशी जताई है।

**दक्षिण कोरिया ने भी दी जानकारी** - दक्षिण कोरिया की सरकार ने मिसाइल दागने की जानकारी दी है। उसका कहना है कि उत्तर कोरिया ने कम दूरी की कई संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। सियोल ने मिसाइल परीक्षण की इस घटना को उत्तर कोरिया के पूर्वी वॉनसन क्षेत्र से लगे तट पर पानी में कई उड़ने वाली वस्तुएं, जिन्हें छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें माना जाता है के रूप बताया है।

**यह है खासियत** - सियोल में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का कहना है कि मिसाइलों ने करीब 300 किलोमीटर (186 मील) की दूरी तय की है। उन्होंने ये भी कहा कि सेना ने प्रक्षेपण की तैयारी को लेकर सतर्कता और निगरानी को मजबूत रखा है। साथ ही उन्होंने वाशिंगटन और टोक्यो के साथ इस परीक्षण की जानकारी साझा की।

**पड़ोसी देश की सुरक्षा नहीं हुई प्रभावित** - यह परीक्षण शक्तिशाली हथियार प्रणाली विकसित करने की नियमित गतिविधियों के तहत किया गया। बीते कुछ महीनों में उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइलें, सामरिक रॉकेट और हाइपरसोनिक हथियारों का भी प्रक्षेपण किया है। वहीं, उत्तर कोरिया ने यह भी एलान किया कि इस परीक्षण से किसी भी पड़ोसी देश की सुरक्षा प्रभावित नहीं हुई और इसका क्षेत्रीय स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। यह अपने देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक अभियान है।

**रूस को हथियार भेज रहा उत्तर कोरिया** - सियोल और वाशिंगटन ने उत्तर कोरिया पर रूस को हथियार भेजने का आरोप लगाया है। इन देशों का कहना है कि उत्तर कोरिया संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा है। हालांकि, किम की बहन किम यो जोंग ने सियोल और वाशिंगटन पर इस मुद्दे पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसके कुछ घंटों बाद मिसाइल का प्रक्षेपण किया गया।

**किम जोंग उन ने दी फिर दी धमकी** - जिस दिन मिसाइल का प्रक्षेपण किया गया उसी दिन किम जोंग उन ने एक सैन्य उत्पादन केंद्र का दौरा किया। यहां परमाणु बल को और अधिक तेजी से मजबूत करने का आह्वान किया। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि किम ने कहा कि बिना रुके और हिचकिचाहट के परमाणु शक्ति को और मजबूत किया जाए।

### शख्स को सुनाई गई 30 साल की सजा, पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पर किया था हथौड़े से हमला



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी संसद के प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पर हथोड़े से हमला करने वाले व्यक्ति 30 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने डेविड डेपेप को सजा सुनाई। डेपेप (44 वर्षीय) को जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया है। अभियोजकों ने डेपेप के लिए चालीस साल की सजा की मांग की थी। न्यायाधीश जब सजा सुना रहे थे तब डेपेप चुपचाप खड़ा रहा और कई बार नीचे देखते रहा। डेपेप के वकील ने न्यायाधीश से उसे 14 साल की सजा देने के लिए कहा था। इसके लिए उन्होंने दलील दी थी कि डेपेप अपने जीवन में एक कठिम समय से गुजर रहा है और उसका कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं है। वहीं, न्यायाधीश कार्ली ने डेपेप को सजा सुनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा कि वह एक सरकारी अधिकारी के घर में घुसा। उन्होंने कहा कि डेपप वास्तव में घर में घुसा था और यह पूरी तरह से एक अभूतपूर्व कृत्य है। सजा सुनाने से पहले क्रिस्टीन पेलोसी ने अपने पिता और मां की ओर से गवाही दी और बताया कि हिंसक हमले ने कैसे उनके जीवन को बदल दिया। डेपेप ने अदालत में माना कि वह 28 अक्तूबर, 2022 को पेलोसी के सैन फ्रांसिस्को स्थित घर में घुसा था और उसका इरादा स्पीकर को बंधक बनाने का था।

# छात्रों के प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्रालय ने खारिज किया भारतीय छात्रों के निर्वासन का आरोप, कही यह बात



**ओटावा, 18 मई (एजेंसियां) ।**

आखिरकार विदेश मंत्रालय ने कनाडा से भारतीय छात्रों के निर्वासन के आरोपों का जवाब दिया। प्रवक्ता ने कहा कि हमने ऐसा नहीं देखा कि कई छात्र निर्वासन का सामना कर रहे हों। हो सकता है कि एक मामला कहीं तो दूसरा मामला कहीं और हो।

9 मई को सरकारी भवनों के आसपास सैकड़ों भारतीय छात्र आव्रजन नीतियों में अचानक बदलाव के बाए एकत्र हुए। छात्र इन नीतियों से असंतुष्ट हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि इन संशोधन के कारण पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद वर्क परमिट देने से इंकार कर दिया गया है। इस कारण से उनके निवास की स्थिति खतरे में पड़ गई। छात्रों ने बड़े पैमाने पर इन नीतियों के खिलाफ में कनाडा के प्रिंस एडवर्ड आइलैंड में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद से विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई के लिए कनाडा गए हैं। लेकिन हमने बड़ी संख्या में निर्वासन का सामना करने वाले छात्रों को नहीं देखा। हो सकता है एक मामला यहां, एक मामला वहां हो सकता है। लेकिन कनाडा में छात्रों के साथ कोई बड़ी समस्या नजर नहीं आ रही। बता दें एक वीडियो में भारतीय छात्रों के बड़े समूहों को चार्लोटाउन की सड़कों पर मार्च करते हुए देखा है। छात्रों ने विरोध के साथ धमकी भी दी है कि अगर मई के मध्य तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे भूख हड़ताल करेंगे, साथ ही विरोध प्रदर्शन भी अब बड़ी संख्या में करेंगे। क्या है संशोधित आप्रवासन नीति पिछले जुलाई में, पीईआई ने स्नातकोत्तर कार्य परमिट को सीमित करन के लिए कानून बनाया। यह केवल निर्माण, गृह-निर्माण और स्वास्थ्य देखभाल में योग्यता वाले छात्रों के लिए ही परमिट किया गया। इस अहम बदलाव के कारण अन्य उद्योगों में लगे कई छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया। इस कारण से उनके परमिट की समाप्ति की तिथि करीब आ गई। इसके अलावा पीईआई सरकार द्वारा 2024 में प्रांतीय नामांकित कार्यक्रम (पीएनपी) के माध्यम से स्थायी निवास के लिए नामांकित व्यक्तियों की संख्या को 25 प्रतिशत तक कम करने के निर्णय ने छात्रों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इसके बाद एक प्रदर्शनकारी ने टूटे हुए वादों पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हमें बुलाया, हमें झूठी उम्मीदें दी। और अब वो चाहते हैं कि हम चले जाएं। यह तो पूरी तरह हमारा शोषण है। हमें गलत जानकारी दी जा रही है।

## चीन को लगता है कि रूस अगर युद्ध हार गया तो ये अमेरिका की जीत होगी, यूक्रेन के राष्ट्रपति का दावा

**कीव, 18 मई (एजेंसियां) ।**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने चीन और दक्षिण एशियाई देशों से अपील की है कि वे अगले महीने स्विट्जरलैंड में होने वाले शांति सम्मेलन में शामिल हों। गौरतलब है कि स्विट्जरलैंड सरकार ने एलान किया है कि वे यूक्रेन संकट को लेकर एक उच्च स्तरीय शांति वार्ता का आयोजन करेंगे। यह शांति वार्ता जून के मध्य में होनी प्रस्तावित है। हालांकि इस शांति वार्ता में रूस शामिल नहीं होगा।

चीन के शांति वार्ता में शामिल होने पर संशय स्विट्जरलैंड में होने वाली शांति वार्ता में चीन के भी शामिल होने पर संशय है क्योंकि चीन ने कहा है कि शांति वार्ता से पहले बहुत सारा काम करने की जरूरत है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि चीन को लगता है कि अगर रूस युद्ध हार गया तो यह अमेरिका की जीत होगी। जेलेंस्की ने कहा चीन को लगता है कि यह पश्चिमी देशों की जीत होगी और चीन इसमें संतुलन ढूंढने की कोशिश कर रहा है। यही वजह है कि मैं चाहता हूं कि चीन शांति वार्ता में शामिल हो। हालांकि चीन का कहना है कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है और वह चाहता है कि दोनों देशों के बीच एक मध्यस्थ की भूमिका निभाए ताकि युद्ध को रोका जा सके। जेलेंस्की ने दक्षिण एशियाई देशों की आलोचना भी की, जो रूस के हमले की निंदा नहीं कर रहे हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इन दिनों चीन के दौरे पर हैं। दोनों देशों के नेताओं की मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजर है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने की ये तीन मांगें यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि वह चाहते हैं कि स्विट्जरलैंड की शांति वार्ता में तीन मुद्दों पर सहमति बन जाए और इन तीन मुद्दों में से एक है कि काला सागर में जहाजों के मुक्त नेविगेशन की सुविधा मिलनी चाहिए ताकि वैश्विक खाद्य संकट से निपटा जा सके और यूक्रेन के अनाज को निर्यात की सुविधा मिल सके।

# अमेरिका ने भारतीय मतदाताओं की सराहना की कहा- दुनिया में इससे ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं

**वॉशिंगटन, 18 मई (एजेंसियां) ।**

भारत में लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। चुनाव एक जून को सातवें चरण के साथ संपन्न हो जाएगा। इसके नतीजे चार जून को आएंगे। इस बीच, अमेरिका ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना की। व्हाइट हाउस ने कहा कि दुनिया में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं।

### मतदान करने की क्षमता पर यह कहा

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी एक संवाददाता सम्मेलन में भारत में चल रहे चुनावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि विश्व में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। हम भारत के लोगों की मतदान करने की उनकी क्षमता और उनकी भविष्य की सरकार में आवाज उठाने के लिए सराहना करते हैं। निश्चित रूप से हम पूरी प्रक्रिया के सही ढंग से होने की कामना करते हैं।



### भारत में मतदाताओं की संख्या

- कुल 96.8 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं।
- इनमें 47.1 करोड़ महिलाएं और 49.7 करोड़ पुरुष हैं।
- इनमें 1.89 करोड़ लोग पहली बार मतदान देंगे।
- इसमें 88.4 लाख दिव्यांग, 82 लाख 85 साल से अधिक की उम्र के और 48 हजार ट्रांसजेंटर शामिल हैं।
- 85 साल से अधिक की उम्र के लोगों के लिए घर से वोट करने की सुविधा की गई है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए** - एक अन्य सवाल के जवाब में किर्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हुए हैं। खासतौर पर बाइडन प्रशासन के पिछले तीन वर्षों के दौरान रिश्तों में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं और भी पास होते जा रहे हैं।

**नई पहलों की शुरुआत की** - उन्होंने कहा, आपने इसे राजकीय यात्रा (पिछली यात्रा) में देखा। हमने सभी प्रकार की नई पहलों की शुरुआत की। महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक साथ काम कर रहे हैं। साथ ही इंडो पैसिफिक क्वाड की प्रासंगिकता को मजबूत कर रहे हैं, जिसका निश्चित रूप से भारत एक हिस्सा है। इतना ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान होता है और भारत के साथ हम सेना साझा करते हैं। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, यह एक बहुत ही सक्रिय साझेदारी है। हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी हैं। भारत और जापान जेनोफोबिक देश जब उनसे पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है ।

# हमास ने जिस जर्मन महिला को नग्न कर घुमाया था, अब मिला उसका शव, दो और बंधकों की लाश भी बरामद

**वॉशिंगटन/यरूशलम, 18 मई (एजेंसियां) ।**



हमास ने सात अक्तूबर को इजराइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया है। इससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। हमास और इजराइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के आतंकियों की दरिंदगी पूरी दुनिया देख रही है। इजराइल रक्षा बलों ने युद्धग्रस्त गाजा पट्टी से तीन बंधकों के शव बरामद किए हैं। पता चला है कि सात अक्तूबर को बंधक बनाई गई एक जर्मन महिला को नंगा करके घुमाया गया था।

**तीनों की हुई पहचान** - आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी का हवाला देते हुए एक मीडिया रिपोर्ट में बताया कि जिन तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं, उनकी पहचान 53 साल के इत्जाक गेलेंटर, 28 साल के अमित बुस्किला और 23 वर्षीय शानी लौक के रूप में हुई है। तीनों के शव रातभर चले अभियान के दौरान मिले।

**जान बचाने के लिए भागे तो की हत्या** - हगारी ने कहा, सात अक्तूबर को हमास ने इजराइल में नोवा म्यूजिक फेस्टिवल पर हमला कर दिया था। आतंकवादियों ने उस वक्त इन तीनों को अगवा कर लिया था। जब इन लोगों ने जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की तो तीनों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बाद में आतंकवादी शवों को घसीटते हुए गाजा ले गए थे।

**बालों और टैटू से की थी पहचान** - इजराइल ने अक्तूबर के अंत में 23 साल की टैटू कलाकार जर्मन-इजराइली लौक की मौत की पुष्टि की थी। जानकारी के मुताबिक, शानी लौक को उस वक्त बंधक बनाया लिया गया था, जब वह गाजा सीमा के पास सुपरनोवा संगीत समारोह में शिरकत करने पहुंची थीं। इस संगीत समारोह पर सात अक्तूबर को अचानक हमास ने हमला कर दिया था। इस दौरान कई लोग मारे गए थे और हमास की दरिंदगी के कई वीडियो भी वायरल हुए थे। हमास के आतंकियों ने लौक को बंधक बनाने के बाद एक पिकअप ट्रक में निर्वस्त्र कर घुमाया था। एक वायरल वीडियो में उन्हें पिकअप ट्रक में औंधे मुंह लेटी हुई देखा गया। परिवार ने उनकी पहचान बालों और टैटू से की थी। हालांकि, 53 वर्षीय गेलेंटर का परिवार अंधकार में था। उनकी बेटी यार्डन पिवको ने एक मीडिया चैनल से कहा था कि उन्हें उम्मीद थी की वह जिंदा होंगे। लेकिन अब उम्मीद भी टूट गई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दिल दहला देने वाली खबर बताया। कहा कि यह दिल तोड़ने वाली जानकारी है। हम अपने सभी बंधकों को वापस लाएंगे।

**अमेरिका का बड़ा कदम- डॉक्टर सुरक्षित रूप रवाना** - राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया कि इजराइल द्वारा राफा से मिस्र तक सीमा पार करने पर रोक लगाए जाने के बाद गाजा में 20 अमेरिकी डॉक्टर फंस गए थे। हालांकि, अब इनमें से 17 डॉक्टर सुरक्षित रूप से एन्क्लेव से रवाना हो गए। किर्बी ने कहा, वे बाहर हैं। 20 अमेरिकी डॉक्टर थे। 17 अब सुरक्षित हैं। वह वहां से बाहर आए। सभी 17 वहां से निकलना चाहते थे। मैं अन्य तीन के बारे में फिलहाल कुछ नहीं बोलूंगा, लेकिन बस, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि उनमें से कोई भी जो छोड़ना चाहता था वह अब बाहर है। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि यरुशलम में अमेरिकी दूतावास के समर्थन से अमेरिकियों को बाहर सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हम इन नागरिकों के परिवारों के संपर्क में भी हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जिन तीन डॉक्टरों ने गाजा से नहीं आने का विकल्प चुना, उन्होंने यह इसलिए किया था क्योंकि उन्हें लगा नहीं था कि अमेरिकी दूतावास उन लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल पाएगा। सूत्र ने बताया कि दूतावास की टीम सीमा पर डॉक्टरों की अगवानी के लिए केरेम शालोम क्रॉसिंग पर गई थी, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी कि डॉक्टर सीमा पार कैसे पहुंचे। सात माह से जंग जारी हमास ने सात अक्तूबर को इजराइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

# बुद्ध पूर्णिमा 23 को



## जानिए मुहूर्त और उपाय से लेकर सबकुछ

**इस साल 23 मई 2024 को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। यह बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है, इसे बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस शुभ दिन पर ही गौतम बुद्ध का जन्म और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उनके जीवन में तीन अधिक महत्वपूर्ण घटनाएं रही है, पहला उनका जन्म, दूसरा ज्ञान और तीसरा मोक्ष, यह सभी एक ही तिथि पर आते है।**

इस साल 23 मई 2024 को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। यह बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है, इसे बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस शुभ दिन पर ही गौतम बुद्ध का जन्म और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उनके जीवन में तीन अधिक महत्वपूर्ण घटनाएं रही है, पहला उनका जन्म, दूसरा ज्ञान और तीसरा मोक्ष, यह सभी एक ही तिथि पर आते है।

बुद्ध पूर्णिमा को भारत के अलावा कई देशों में धूमधाम से मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर सभी भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना करते है, साथ ही ज्ञान और बुद्धि की कामना करते हैं। इस दौरान बौद्ध मंदिरों में दान करने का खास महत्व है। इस दिन उपवास रखने से ज्ञान की प्राप्ति होती है। बुद्ध पूर्णिमा पर सभी को पवित्र ग्रंथ का पाठ करना चाहिए। ऐसे में आइए इस दिन के महत्व और पूजा मुहूर्त के बारे में जान लेते हैं।

बुद्ध पूर्णिमा तिथि 22 मई की शाम 6 बजकर 47 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 23 मई गुरुवार के दिन शाम 7 बजकर 22 मिनट पर होगा। इसके अनुसार वैशाख पूर्णिमा 23 मई को होगी, इसलिए बुद्ध पूर्णिमा 23 मई को मनाई जाएगी।

बुद्ध पूर्णिमा  का दिन सभी के लिए बहुत खास है। इस बार यह तिथि और भी खास होने वाली है क्योंकि इस दिन शुभ योग का निर्माण हो रहा है। इस दौरान शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्र-सूर्य की युति से शुक्रादित्य योग, राजभंग योग का भी निर्माण होगा।

ज्योतिष दृष्टि से भी यह दिन खास है इस दिन वृषभ राशि में गुरु-शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग, गुरु और सूर्य की युति से गुरु आदित्य योग का संयोग बन रहा है। मान्यता है कि गजलक्ष्मी राजयोग में किए गए कार्यों से धन और सफलता मिलती है।

बुद्ध पूर्णिमा पर शुभ फल की प्राप्ति के लिए कुछ खास उपाय किये जाते है। इस दिन चीनी-चावल को दूध में मिलाकर चंद्रमा को अर्घ्य दें और ऊं स्त्रां स्त्रीं स्त्रं स: चंद्रमसे नम: मंत्र का जाप करें। इस दिन वैशाख पूर्णिमा है, माना जाता है कि इस दिन लक्ष्मी जी पीपल पर वास करती है इसलिए सूर्योदय से पहले पीपल के पेड़ को जल चढ़ाएं। इसके बाद  7 बार परिक्रमा भी करें। ऐसा करने से धन संबंधित परेशानियां दूर होती है।

**-बुद्ध पूर्णिमा के दिन घर में सत्यनारायण की कथा करें।**

**-इस दौरान पवित्र नदी में स्नान करना शुभ होता है, इससे सारे पापों से मुक्ति मिल जाती है।**

**-शास्त्रों के अनुसार इस दिन जल से भरा कलश और पकवान दान करना शुभ होता है, इससे पुण्य फल प्राप्त होता है।**

# माथे के साथ गले पर भी लगाएं हल्दी का तिलक




हल्दी सदियों से भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। वैसे तो आमतौर पर इसका इस्तेमाल रसोई घर में खाना पकाते समय होता है मगर पूजा-पाठ के लिए भी हल्दी को शुभ माना जाता है। हल्दी अपने कई औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है, यही कारण है कि बहुत सी बीमारियों में भी हल्दी के सेवन का सुझाव दिया जाता है। खैर, हल्दी का तिलक लगाना हिंदू धर्म में एक आम प्रथा है। आमतौर पर इसे माथे पर लगाया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि माथे के अलावा भी शरीर के किसी और अंग पर हल्दी तिलक लगाना शुभ माना जाता है? जी हां, अक्सर लोग सिर्फ माथे पर ही तिलक लगाते हैं मगर बहुत कम लोगों को मालूम है कि गले पर भी तिलक लगाया जा सकता है। इसलिए आइए आज के इस लेख में जानते हैं कि माथे के साथ गले पर तिलक लगाने के क्या-क्या फायदे होते हैं-

1. माना जाता है कि हल्दी में सकारात्मक ऊर्जा स्रोत होता है। गले पर हल्दी का तिलक लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और मन शांत रहता है। साथ ही भगवान विष्णु का नाम लेकर हल्दी का तिलक लगाने से पाप मिटते हैं।

2. प्रतिदिन गले पर हल्दी का तिलक लगाने से आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आपको अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है।

3. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गले पर हल्दी का तिलक लगाने से ग्रहों का नकारात्मक प्रभाव कम होता है। यह स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त करने में मदद करता है।

4. हल्दी का तिलक माथे पर और गले पर लगाने से आपका आभा मंडल आलोकित होता है। इतना ही नहीं, मुख मंडल पर तेज बढ़ता है और चेहरा कांतिवान होता है।

5. श्रीहरि के नाम लेकर माथे पर या गले पर हल्दी का तिलक लगाने से आपके दोष दूर होते हैं। साथ ही भगवान विष्णु के आशीर्वाद से आपके बिगड़े कार्य बनने लगते हैं।

क्या है हल्दी का तिलक लगाने का सही तरीका?

सबसे पहले, हल्दी और पानी का गाढ़ा पेस्ट बना लें। अपनी उंगली या तिलक लगाने वाली कलम से गले के बीच में एक छोटा सा तिलक लगाएं। तिलक को सूखने दें। आप रोजाना सुबह स्नान करने के बाद गले पर हल्दी का तिलक लगा सकते हैं। वैसे तो रोज हल्दी का तिलक लगाना शुभ माना जाता है मगर गुरुवार के दिन सुबह में नित्य कर्मों से मुक्त होकर माथे पर तिलक लगाना अत्यंत फलदायी माना जाता है। माथे के साथ गले पर हल्दी का तिलक लगाने से न केवल आध्यात्मिक बल्कि स्वास्थ्य और सौंदर्य संबंधी भी कई लाभ मिलते हैं।

# श्रीयंत्र कहां रखना चाहिए, क्या इसे तिजोरी में रख सकते हैं?




**श्री यंत्र को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है और कहा जाता है कि इसमें महालक्ष्मी का वास होता है। घर में श्री यंत्र को रखना बहुत शुभ माना जाता है. श्री यंत्र की स्थापना और पूजा से सुख-संपत्ति, सौभाग्य, और यश की प्राप्ति होती है।**

अगर आप भी घर में श्री यंत्र को रखना चाहते हैं तो श्री यंत्र को तिजोरी में रख सकते हैं. लेकिन नियमित रुप से श्री यंत्र की पूजा की जाती है।

श्री यंत्र को पूजा स्थान यानि मंदिर में रखा जा सकता है. अगर आप भी घर में श्री यंत्र को स्थापित करना चाहते हैं तो शुक्रवार के दिन श्री यंत्र को घर लाएं।

जिस घर में श्री यंत्र की पूजा नियमित रुप से की जाती है उस घर में अष्ट लक्ष्मी का वास होता है।अगर आप भी पैसों की तंगी से परेशान हैं तो शुक्रवार के दिन तिजोरी में करें श्री यंत्र को स्थापित. श्री यंत्र को तिजोरी में रखने से मनोकामनाएं की पूर्ति होती है।

# होरा शास्त्र में क्या लिखा है?



होरा शास्त्र ज्योतिष की एक विधा है, जिसे ज्योतिष का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है. अगर आप किसी शुभ या मंगल काम के लिए मुहूर्त देखते हैं तो शुभ पल का चयन करने के लिए विचार की जाने वाली समय की सबसे छोटी इकाई को होरा कहते हैं।होरा की अवधि लगभग 60 मिनट की होती है. सूर्योदय से सूर्योदय तक के समय को होरा कहते हैं. हर दिन की शुरुआत में पहली होरा उस ग्रह की होती है जिसका वार होता है।

एक दिन में 24 होरा होते हैं जिसमें से 12 होरा के स्वामी दिनमान के 12 भागों के स्वामी होते हैं. प्रत्येक दिन के प्रारंभ में प्रथम होरा उस ग्रह की होती है जिसका वह वार होता है. जबकि अगली होरा उसी दिन से छठे दिन की होगी और यही क्रम आगे बढ़ता जाएगा।होरा अंग्रेजी शब्द आवर से लिया गया है. इसका अर्थ है अहो+रात्र यानि रात और दिन. प्रत्येक होरा यानि आवर पर एक विशेष ग्रह का स्वामी होता है. होरा शास्त्र लगभग 5000 से 10000 साल पुराना होता है.

अगर कभी विशेष रूप से शुभ मुहूर्त के लिए समय अभाव हो या तत्काल मुहूर्त निर्धारण करने के लिए होरा की भूमिका अहम होती है।

# इन 7 लोगों को कभी नहीं छूने दें अपना पैर

## वरना आ सकती है कंगाली




**भारतीय संस्कृति में अपने से किसी भी बड़ों का पैर छूना बहुत अच्छा माना जाता है। पैर छूना सिर्फ एक क्रिया नहीं है बल्कि एक पूरा कर्म विधान है। इससे विनम्रता का भाव भी झलकता है। चरण स्पर्श का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। हिंदू धर्म में पैर छूने का इतना महत्व है कि हमारे यहां मां और गुरु के चरण स्पर्श को उनके प्रति आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माना गया है। पैर छूने की प्रक्रिया जितनी आस्था और विश्वास से जुड़ी हुई है उतनी ही हिंदू धर्म के मान्यताओं से भी जुड़ी हुई है। हिंदू धर्म के अनुसार 7 लोगों को कभी भी अपना पैर नहीं छूने देना चाहिए। इससे दरिद्रता बढ़ती है, इसलिए इसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।**

### 1. श्मशान घाट से लौटते हुए व्यक्ति

हिंदू धर्म यह माना जाता है कि श्मशान घाट से आए हुए व्यक्ति को किसी को भी अपना पैर नहीं छूने देना चाहिए।

भले ही पैर छूने वाला इंसान आपसे बहुत छोटा हो या आपसे नीचे पद पर काम करता हो। ऐसा करने से खुद का नुकसान होता है। शास्त्रों में भी अंतिम संस्कार से लौटने पर व्यक्ति के पैर छूना अशुभ माना जाता है।

### 2. कुंवारी कन्या

हिंदू धर्म में, मान्यता है कि कुंवारी कन्या को अपना पांव नहीं छूने देना चाहिए। अगर कुंवारी कन्या आपका पैर छू रही है या पैर छूने आए तो उसे रोक दिया करें। अगर कोई कुंवारी कन्या आपके पैर छूती है तो आप पाप के भागी बन सकते हैं।

### 3. मंदिर में किसी और के पैर

मंदिर को देवी-देवताओं का निवास स्थान माना जाता है। यह माना जाता है कि मंदिर में किसी और के पैरों को छूने से मंदिर की पवित्रता भंग हो सकती है और हमें देवी-देवताओं का प्रकोप झेलना पड़ सकता है। इसलिए अगर मंदिर परिसर में कोई आपका पैर छूता है तो उन्हें रोक देना चाहिए। क्योंकि मंदिर भगवान का स्थान होता है और उस परिसर में किसी और का पांव छूना उसका अपमान माना जाता है।

### 4. पूजा कर रहे व्यक्ति के पैर

जब कोई व्यक्ति पूजा कर रहा होता है, तो उस समय वह देवी-देवताओं से जुड़ा होता है। ऐसे समय में किसी भी इंसान को इस बात का ध्यान देना चाहिए कि कोई उनका पैर न छुए। हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि पूजा करते समय किसी भी व्यक्ति का पैर छून से पूजा सफल नहीं होती है और पूजा में बाधा आती है।

### 5. सो रहे इंसान के पैर न छुएं

हिंदू धर्म में अपने बड़ों के चरण स्पर्श का विधान है। लेकिन, इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि, किसी भी सोते हुए व्यक्ति के चरण न छुएं। शास्त्रों के अनुसार लेटे हुए व्यक्ति के पैर केवल एक ही स्थिति में स्पर्श किए जा सकते हैं, जब उसकी मृत्यु हो चुकी हो।

### 6. भांजा-भांजी को पैर नहीं छूने देना चाहिए

हिन्दू धर्म के अनुसार भांजा या भांजी मान माने जाते हैं यानी वो सम्मान के पात्र होते हैं इसीलिए कभी भी उन्हें मामा मामी के पैर नहीं छूने चाहिए।

### 7. बेटियों को पैर न छूने दें

घर की बेटियों को देवी का स्वरूप माना जाता है। इसलिए हिन्दू धर्म की मान्यताओं के आधार पर बेटियों या कन्याओं को पैर नहीं छूने देने चाहिए।



# जाह्नवी कपूर ने ब्लू और रेड प्रिंट शेड में साड़ी पहनकर सोशल मीडिया का पारा किया हाई

बी-टाउन की खूबसूरत हसीना जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं,जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर लॉन्च हुआ है। इस दौरान उन्होंने बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहने हुए इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है।एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया आते ही छा जाता है।अब हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बेहद शानदार साड़ी पहनी थी, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए थे।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने रेड और ब्लू प्रिंट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो अपना पल्लू लहराते हुए एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने फोटोशूट करवा रही हैं।बता दें एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने कॉमेंट्स करते हुए रिएक्शंस शेयर किए हैं। एक यूजर ने लिखा है सो स्वीट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- सो हॉट एंड ग्लैमरस। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- सो सेक्सी।जाह्नवी कपूर की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर दी है।बता दें एथनिक हो या वेस्टर्न जाह्नवी कपूर अपने हर लुक में कहर बरसाती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सनसनी मचाने लगता है।

# नायक के सीक्वल में नजर आयेगी अनिल कपूर और रानी मुखर्जी की जोड़ी!



बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अभिनेत्री रानी मुखर्जी की जोड़ी नायक के सीक्वल में नजर आ सकती है। अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीश पुरी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म नायक वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुयी थी, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया। फिल्म नायक में अनिल कपूर ने एक न्यूज रिपोर्टर का किरदार निभाया था, जिसे एक दिन का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है। इस फिल्म को एस.शंकर ने निर्देशित किया था। फिल्म 'नायक' को ए.एम रत्नम ने प्रोड्यूस किया था। कहा जा रहा है प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने नायक के सीक्वल के राइट्स खरीद लिए हैं।वह 'नायक' का सीक्वल बनाने वाले हैं। दीपक मुकुट ने बताया,हमलोग नायक का सीक्वल प्लान कर रहे हैं और पुराने कैरेक्टर्स के साथ ही स्टोरी को आगे ले जाने का सोच रहे हैं। मैंने काफी पहले ए.एम रत्नम से राइट्स खरीद लिए हैं। लीड एक्टर्स को माइंड में रखते हुए हम फिल्म की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं. जैसे ही राइटिंग का काम पूरा हो जाएगा। हम आगे का डिसाइड करेंगे।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर चलने वाले पहले भारतीय पॉप कलाकार बने किंग

गायक किंग कान्स फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर चलने वाले पहले भारतीय पॉप कलाकार बन गये हैं।



किंग ने 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के चौथे दिन इतिहास रच दिया और प्रतिष्ठित रेड कार्पेट पर चलने वाले पहले भारतीय पॉप कलाकार बन गए। किंग की उपस्थिति भारतीय संगीत के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो वैश्विक मंच पर इसके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।डिजाइनर अनामिका खन्ना का शानदार सिल्क ब्लेज़र पहने किंग ने रेड कार्पेट पर उतरते समय करिश्मा और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

किंग ने कहा, कान्स। बहुत खूब। यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं था, यह वहां मौजूद सभी प्रतिभाशाली भारतीय संगीतकारों का प्रतिनिधित्व करने के बारे में था। कान्स एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह लगा, दुनिया को यह दिखाने का मौका कि भारतीय संगीत क्या कर सकता है। मैं एक भारतीय डिज़ाइनर पोशाक पहनना चाहता था और अपने देश का एक हिस्सा अपने साथ लाना चाहता थी।

# कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन का तीसरा पोस्टर किया शेयर

## वॉर सीक्वेंस की दिखी झलक

कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन के दो पोस्टरों के बाद शुक्रवार को फिल्म से एक और नए पोस्टर को शेयर किया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने ये भी खुलासा किया है कि फिल्म का ट्रेलर कब और कहां रिलीज होने वाला है। बॉलीवुड के लकी चार्म कार्तिक ने पोस्टर शेयर करते हुए बताया है कि ये उनके करियर का प्राउड मोमेंट हैं। वहीं अब लंबे समय के बाद चंदू चैंपियन के सबसे चर्चित सीन को लेकर अपडेट शेयर की है। एक्टर



ने उनकी फिल्म के लिए जो 8 मिनट का सिंगल-टेक वॉर सीक्वेंस शूट किया है उस के बारे में एक शानदार खुलासा किया है।कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन फिल्म के 8 मिनट लंबे सिंगल-टेक वॉर सीक्वेंस की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। पोस्टर के साथ उन्होंने लिखा, मेरे अब तक के करियर का वो प्राउड मोमेंट जो मैं कभी नहीं भू ल सकता हूं। कार्तिक ने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्होंने 8 मिनट का सिंगल-टेक वॉर सीक्वेंस शूट किया है, जो उनके करियर का सबसे खास और यादगार शॉट बन गया है।

इस हफ्ते की शुरुआत में कार्तिक आर्यन ने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए। इनमें से एक पोस्टर में उन्हें अपनी रिप्ड बॉडी और टोन्ड एब्स दिखाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में उन्हें बॉक्सिंग रिंग के अंदर बॉक्सिंग ग्लव्स और ब्लैक शॉर्ट्स पहने हुए देखा जा सकता है। वहीं पहले पोस्टर की बात करें तो उसमें कार्तिक पूरी ताकत के साथ दौड़ते नजर आए। अब सिंगल-टेक वॉर सीक्वेंस की पहली झलक ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। 8 मिनट तक इस सिंगल-टेक वॉर सीक्वेंस को बिना किसी रिटेक के पूरा किया गया है।चंदू चैंपियन और भूल भुलैया 3 की रिलीज के कारण कार्तिक आर्यन भी चर्चा में बने हुए हैं। वर्कफ्रंट की बात करे तो वह इन दिनों अपनी प्रोफेशनल में काफी ज्यादा बिजी हैं। बता दें कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित भी नजर आ सकती हैं।

# ब्रिजर्टन के तीसरे भाग में शामिल हुईं बनिता संधू

वेब सीरीज ब्रिजर्टन के पिछले दोनों सीजन को दर्शकों का काफी प्यार मिला है।प्रशंसक पिछले लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं, जो अब खत्म हो चुका है।दरअसल, ब्रिजर्टन 3 के पहले भाग का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर हो रहा है।ब्रिजर्टन 3 की कहानी और तमाम सितारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है, वहीं अभिनेत्री बनिता संधू ने इस सीरीज में मिस मल्होत्रा बन सबका दिल जीत लिया है।बनिता की अदाकारी की हर शख्स तारीफ कर रहा है। वह इस सीरीज के दूसरे भाग में भी नजर आएंगी, जो 13 जून, 2024 को रिलीज होगा।बनिता एक ब्रिटिश-भारतीय अभिनेत्री हैं। उन्होंने वरुण धवन की फिल्म अक्टूबर के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इन दिनों बनिता अदिवी शेष की पैन इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 की



शूटिंग में व्यस्त हैं।

इस फिल्म की रिलीज तारीक फिलहाल सामने नहीं आई है।ब्रिजर्टन सीजन 3 में बनिता संधू एक राजकुमारी के किरदार में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस इस शो के रीजेंसी एरा में शामिल हो गई हैं. भारतीय और विदेशी दोनों सिनेमा में काम करने वाले बनिता संधू ने ब्रिजर्टन सीज़न 3 में कमाल का अभिनय किया है. जूलिया क्विन की किताब पर आधारित इस नेटफ्लिक्स सीरीज में बनिता ने मिस मल्होत्रा की भूमिका निभाई है. शो में उनके किरदार का परिचय होते ही नेटिज़न्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है. भारतीय फैंस बनिता को इस सीरीज में देख थोड़ा हैरान रह गए थे. ब्रिजर्टन फिलहाल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग कर रही है.बनिता संधू एक ब्रिटिश-भारतीय मॉडल और अभिनेत्री हैं जो हिंदी भाषा की फिल्मों और टेलीविजन विज्ञापनों में काम करती हैं।

# श्याम बेनेगल की फिल्म मंथन को मिली सराहना

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल निर्देशित 'मंथन' को शुक्रवार को 77वें कान फिल्म महोत्सव में पुनर्स्थापित फिल्मों के लिए समर्पित खंड में प्रदर्शित किया गया और काफी सराहना मिली।

वर्ष 1976 की इस फिल्म को इटली में दुनिया की बेहतरीन फिल्म प्रयोगशालाओं में से एक, बोलोग्ना में एल'इमेजिन रिट्रोवाटा प्रयोगशाला और चेन्नई में प्रसाद लैब्स में नया और भव्य रूप दिया गया था। इस साल कान्स क्लासिक्स अनुभाग का हिस्सा है।

'मंथन' को पुन:बहाल करने वाले मुंबई स्थित फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के फिल्म निर्माता शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने कहा, फिल्म खराब स्थिति में थी। पुनर्स्थापना एक श्रमसाध्य प्रक्रिया थी और इस काम में डेढ़ साल




का समय लग गया।

श्री डूंगरपुर ने बुनुएल थिएटर में आयोजित पुनर्स्थापित फिल्म के विश्व प्रीमियर में कहा, बेनेगल ने मुझे बताया कि पुनर्स्थापित फिल्म उनकी शूट की गई फिल्म से बेहतर है।

प्रीमियर के मौके पर उपस्थित लोगों में अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी शामिल थे, जो गुजरात के किसानों द्वारा निर्मित फिल्म में एक ग्रामीण की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने 1976 में भारतीय सिनेमा में एक दुर्लभ भीड़-वित्त पोषित परियोजना में दो-दो रुपये का योगदान दिया था।

श्री शाह ने कहा, फिल्म का निर्माण आनंद, गुजरात के 500,000 दूध किसानों के योगदान से किया गया था। किसी ने भी फिल्म को कोई मौका नहीं दिया क्योंकि इसमें कोई नृत्य और एक्शन दृश्य नहीं था। 'मंथन' 1977 में रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। यह मेरी दूसरी फीचर फिल्म थी।

# कान्स फिल्म फेस्टिबल में ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी ने बिखेरा जलवा

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी ने कांस फिल्म फेस्टिबल में अपना जलवा बिखेरा है।

14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक ने लोगों का ध्यान खींचां। वहीं कान्स में डेब्यू करने वालीं कियारा आडवाणी का पहला लुक भी चर्चा में है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के पहले दिन ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। पहले दिन के बाद वह दूसरे दिन भी अपने लुक्स और ड्रेसिंग सेंस को लेकर चर्चा में रहीं। वहीं, ऐश्वर्या के अलावा लोगों की नजरें कियारा आडवाणी पर भी टिकी हैं, जो इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं।कियारा आडवाणी ने रेड कार्पेट से पहले मीडिया इंट्रैक्शन के लिए रेडी लुक से ही सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। रेड कार्पेट पर वॉक करने से पहले कियारा ने फ्रेंच रिवेरा से अपना पहला लुक फैंस के लिए शेयर किया था।

उन्होंने डीप नेकलाइन और थाई-हाई स्लिट व्हाइट गाउन में स्टाइलिश एंट्री ली है। सेलिब्रिटी डिजाइनर प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कियारा किसी अप्सरा से कम नहीं लगीं।

कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह कैमरे के सामने पोज देती नजर आ रही हैं. वीडियो में कियारा व्हाइट हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं, जिसमें डीप नेकलाइन है।

उन्होंने मैचिंग ईयररिंग्स और हील्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कियारा आडवाणी स्टाइलिश अंदाज में कार से बाहर उतरती हैं और कैमरे के सामने किलर पोज देने लगती हैं. उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।





# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

दिन फ़ायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफ़ी आराम महसूस करेंगे। आज बिना किसी की मदद के ही आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएँ। आपके ज़हन में काम का दबाव होने के बावजूद आपका प्रिय आपके लिए ख़ुशी के पलों को लाएगा। अपने बॉस को घर पर बुलाने के लिए अच्छा दिन नहीं है। आज जितना हो सके लोगों से दूर रहें। लोगों को वक्त देने से बेहतर है अपने आपको वक्त दें। वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिन है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपने बच्चे का प्रदर्शन आपको बहुत ख़ुशी देगा। दीर्घावधि निवेश से बचिए और अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिताएँ। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का ग़लत फ़ायदा न उठाने दें।
अपने प्रिय की नाराज़गी के बावजूद अपना प्यार ज़ाहिर करते रहें। सहकर्मी आपको काफ़ी सहयोग देंगे और कार्यक्षेत्र में विश्वास की नींव पर नए रिश्तों की शुरुआत होगी। यात्रा के मौक़ों को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। आज आपका जीवनसाथी आपकी सेहत के प्रति असंवेदनशील हो सकता है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह**

अपनी बीमारी के बारे में चर्चा करने से बचें। ख़राब तबियत से ध्यान हटाने के लिए कोई और दिलचस्प काम करें। क्योंकि इस बारे में आप जितनी ज़्यादा बातें करेंगे, उतनी ही ज़्यादा तकलीफ़ आपको होगी। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है। वैवाहिक जीवन में चीज़ें हाथ से निकलती हुई मालूम होंगी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आपके पास ख़ुद के लिए पर्याप्त समय होगा, तो मौक़े का फ़ायदा उठाएँ और अच्छी सेहत के लिए पैदल सैर पर जाएँ। दूसरों की कमियाँ ढूंढने का ग़ैर-ज़रूरी काम रिश्तेदारों की आलोचना का रुख़ आपकी ओर मोड़ सकता है। बेहतर रहेगा कि आप अपनी यह आदत बदल दें। जो लोग अब तक सिंगल हैं उनकी मुलाकात आज किसी ख़ास से होने की संभावना है लेकिन बात को आगे बढ़ाने से पहले यह जरुर जान लें कि कहीं वो शख्स किसी के साथ रिश्ते में न हो। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्क़ी मिलेगी। आपके जीवनसाथी का मिज़ाज आज बढ़िया है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

दोस्त आपका परिचय किसी ख़ास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। अपने परिवार को बताकर और अपने कामों से जताकर महसूस कराते रहें कि आप उनकी कितनी परवाह करते हैं। इससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी और इस ख़ुशी को दोगुना करने के लिए उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएँ। आज प्यार की मदहोशी में हक़ीक़त और फ़साना मिलकर एक होते मालूम होंगे। इसे महसूस करें। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है इसलिए जितना हो सके इनका ध्यान रखें। परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों को तरजीह दें। उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें दूसरों को ऐसा काम करने के लिए बाध्य न करें, जो आप स्वयं न करना चाहें। यह ऐसा दिन है जब आप खुद को समय देने की कोशिश करते रहेंगे लेकिन आपको अपने लिए समय नहीं मिल पाएगा। जीवनसाथी से बिना पूछे योजना बनाएंगे, तो उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिल सकती है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। बिन बुलाया कोई मेहमान आज घर में आ सकता है लेकिन इस मेहमान की किस्मत की वजह से आज आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी और बच्चों से अतिरिक्त स्नेह और सहयोग मिलेगा। अपने प्रिय से दूर होने के बावजूद आप उसकी मौजूदगी महसूस करेंगे। साझीदारी की परियोजनाएं सकारात्मक परिणाम से ज़्यादा परेशानियाँ देंगी। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज आपको सच्चे प्यार का एहसास होगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

दोस्तों के साथ शाम अच्छी रहेगी लेकिन ज़्यादा खाने से बचें जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं वो अपने धन को आज बहुत संभालकर रखें। धन चोरी होने की संभावना है। किसी पारिवारिक भेद का खुलना आपको चकित कर सकता है। अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज़्यादा बातें न करें। आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौक़े होंगे। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे। आपको और आपके जीवनसाथी को वैवाहिक जीवन में कुछ निजता की ज़रूरत है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा लेकिन इसके साथ ही आपको यह ध्यान भी रखना होगा कि आप अपने पैसे को व्यर्थ में खर्च न करें। तनाव का दौर बरक़रार रहेगा, लेकिन पारिवारिक सहयोग मदद देगा। सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा। उन सहकर्मियों का ख़ास ध्यान रखें, जो उम्मीद के मुताबिक़ चीज़ न मिलने पर जल्दी ही बुरा मान जाते हैं। आज आपके पास खाली समय होगा और इस समय का इस्तेमाल आप ध्यान योग करने में कर सकते हैं। आपको आज मानसिक शांति का अहसास होगा।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज आप अपना धन धार्मिक कार्यों में लगा सकते हैं जिससे आपको मानसिक शांति मिलने की पूरी संभावना है। बच्चे भविष्य की योजनाएँ बनाने की अपेक्षा घर के बाहर ज़्यादा समय बिताकर आपको निराश कर सकते हैं। आज आप कुछ अलग क़िस्म के रोमांस का अनुभव कर सकते हैं। अपने चारों ओर होने वाली गतिविधियों का ध्यान रखें, क्योंकि आपके काम का श्रेय कोई दूसरा ले सकता है। बढ़िया खाने, महक और ख़ुशी के साथ आप अपने जीवनसाथी के साथ बेहतरीन समय बिता सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

जिन लोगों ने जमीन खरीदी थी और अब उसे बेचना चाहते हैं उन्हें आज कोई अच्छा खरीदार मिल सकता है और जमीन बेचकर उन्हें अच्छा धन लाभ हो सकता है। आपको अपना बाक़ी वक़्त बच्चों के संग गुज़ारना चाहिए, चाहे इसके लिए आपको कुछ ख़ास ही क्यों न करना पड़े। आज आपको निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि मुमकिन है कि आप अपने प्रिय के साथ सैर-सपाटे पर न जा पाएं। अंजान लोगों से बात करना ठीक है लेकिन उनकी विश्वसनियता जाने बिना उनको अपने जीवन की बातें बताकर आप अपना वक्त ही जाया करेंगे और कुछ नहीं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

बेकार की बात पर बहस करके अपकी ऊर्जा ज़ाया न करें। बिना बताये आज कोई देनदार आपके अकाउंट में पैसे डाल सकता है जिसके बारे में जानकर आपको अचंभा भी होगा और खुशी भी। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है। आज आपको प्यार का जवाब प्यार और रोमांस से मिलेगा। आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौक़े होंगे। इस राशि के जातक खाली वक्त में आज किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर सकते है।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 19 मई 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , शुक्ल पक्ष
तिथि : एकादशी दोपहर 01:52 तक
नक्षत्र : हस्त रात्रि 03:16 तक
योग : वज्र प्रात: 11:23 तक
करण : विष्टि दोपहर 01:52 तक
चन्द्रराशि : कन्या
सूर्योदय : 05:42, सूर्यास्त 06:42 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:53, सूर्यास्त 06:39 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त 06:32 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:36, सूर्यास्त 06:32 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : मोहिनी एकादशी व्रत , भद्रा दोपहर 01:51 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# अतीत को जानें, वर्तमान को समझें और भविष्य को दें नई दिशा : देवनानी

## अब आम लोग भी देख सकेंगे राजस्थान विधानसभा का संग्रहालय

**जयपुर,18 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे अतीत को जाने, वर्तमान को समझे और भविष्य को नई दिशा देकर राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं।श्री देवनानी शनिवार को यहां विधानसभा में विश्व संग्रहालय दिवस पर आयोजित विधानसभा जनदर्शन कार्यक्रम के शुभारम्भ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संग्रहालय सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को आमजन से जोड़ने के सेतु है, साथ ही यह इतिहास, कला, विज्ञान, संस्कृति एवं राजनीति के अनूठे संग्रह के भण्डार भी है। वे संग्रहालय में आएं और देश एवं प्रदेश की राजनीतिक विकास यात्रा में सहभागी बने। उन्होंने भारत माता, माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महारानी कॉलेज की राजनीति विज्ञान की छात्राओं को विधानसभा के राजनीतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन करवाकर विधानसभा जनदर्शन प्रारम्भ किया। श्री देवनानी की पहल से अब




आमजन विधानसभा को देख सकेंगे। आमजन प्रातः 10 बजे से सायं पांच बजे तक द्वार संख्या सात से आधार कार्ड दिखाकर निःशुल्क विधानसभा में प्रवेश कर सकेंगे। विधानसभा संग्रहालय का शनिवार को सामाहिक अवकाश रहेगा।

श्री देवनानी ने विश्व संग्रहालय दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा के संग्रहालय को देखने के लिए विधानसभा जनदर्शन कार्यक्रम नारी शक्ति से आरम्भ किया है। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। इसकी गहराई को हमे समझना होगा। प्राचीनकाल में न्यायसभा और राजसभा तथा पंचायतों में पंच पटेलों के पंच निर्णय हुआ करते थे। यह सब लोकतंत्र के परिचायक ही थे, जिनमे समयानुकूल बदलाव होता गया। बाद में संविधान विशेषज्ञों ने समृद्ध लोकतंत्र की रुप रेखा बनाई।उन्होंने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि सभी लोग अपने सहपाठियों, मित्रों, परिवारजनों और परिचितों के साथ राजस्थान विधान सभा के भव्य भवन में निर्मित राजनीतिक आख्यान संग्रहालय को देखे। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय को देखकर लोग अत्याधुनिक तकनीकी माध्यमों द्वारा लोकतांत्रिक प्रणाली एवं राज्य की विकास यात्रा का जीवंत अनुभव कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि विधानसभा के राजनीतिक आख्यान संग्रहालय में रियासतों के विलय, राजस्थान राज्य के गठन, राजस्थान की विधानसभा के विकास, राजस्थान के सभी मुख्यमंत्रियों के योगदान और उपलब्धियों, राजस्थान विधानसभा के सभी अध्यक्षों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से दिग्दर्शित की गई है। श्री देवनानी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के समावेश से बनाया गया संग्रहालय लोगों के लिए विधानसभा की कार्य प्रणाली और सामान्य नागरिक से जनता के सर्वोच्च प्रतिनिधि तक की यात्रा को जानने के लिए नए पीढ़ी के लिए सतत प्रेरणा स्रोत है।श्री देवनानी ने कहा कि संग्रहालय शिक्षा के महत्वपूर्ण केन्द्र है। शोधकर्त्ताओं के लिए संग्रहालयों में अथाह भण्डार है। संग्रहालयों में शैक्षिणक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक विकास, राजनैतिक सहित पर्यटन कला व संस्कृति का समावेश है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कला व संस्कृति की विश्व में पहचान है।

उन्होंने कहा कि मेरा देश महान है, राजस्थान महान है। यह महान क्यों है, इसे समझे। अपने देश की पुरातन संस्कृति को देखे और गौरव की अनुभूति करें। राष्ट्र प्रथम है, उसके भाव को समझे और अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र के लिये करे। सन 2047 में विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी निभाने के लिये मंथन करें। श्री देवनानी ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नौकरी देने वाले बने। स्वंय का विश्लेषण करें। पढ़ाई के मूल उद्देश्य को समझे। स्वंय समाज प्रदेश और देश को आगे बढाने के लिए सकारात्मक कदम उठायें। श्रेष्ठ नागरिक बनें। विश्व का सिरमौर भारत बने, इसके लिए सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

महारानी महाविद्यालय की छात्राओं ने राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को देखने के बाद अपने अनुभव सुनायें। राजनीति विज्ञान की छात्रा आरती सोमानी ने कहा कि उन्हें लोकतंत्र की जानकारी नजदीक से जानने का मौका मिला। विधानसभा में आकर वे गौरव की अनुभूति कर रही है। एक अन्य छात्रा हेमलता ने कहा कि राजस्थान की राजनीति को आधुनिक तकनीक के माध्यम से समझा। विधानसभा भवन में भ्रमण से उन्हें गर्व महसूस हुआ है।

# फिल्म जॉली एलएलबी-3 के विरुद्ध हुई सुनवाई, 27 को आ सकता है फैसला




**अजमेर, 18 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में अजमेर की मुंसिफ उत्तर कोर्ट में शनिवार को फिल्म जॉली एलएलबी-3 के विरुद्ध जिला बार एसोसिएशन सदस्यों की ओर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में फैसला अगली तारीख पेशी 27 मई को आ सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार याचिका पर बहस के दौरान फिल्म अभिनेताओं एवं निर्माता-निर्देशक के वकील ने न्यायालय में याचिका को तथ्यहीन बताते हुए खारिज करने की मांग की। जिस पर बार एसोसिएशन की ओर से उपस्थित वकील ने याचिका को अहम बताते हुए अदालत से सुनवाई की प्रार्थना की।

दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने 27 मई अगली तारीख पेशी मुकर्रर की, जिसमें याचिका पर फैसला आ सकता है। उल्लेखनीय है कि केकड़ी अदालत में दायर एक अन्य याचिका पहले ही 14 मई को खारिज की जा चुकी है। फिल्म का फिल्मांकन जिले में मसूदा के देवमाली गांव में सफलतापूर्वक चल रहा है।

# सनातन का अपमान करने वालों को सत्ता का कोई हक नहीं : दिया कुमारी



**महेन्द्रगढ़, 18 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कांग्रेस पर राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा कर सनातन का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सनात का अपमान करने वालों को सत्ता पाने का कोई हक़ नहीं है।

श्रीमती दिया कुमारी शनिवार को हरियाणा के भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में भोजावास में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में केवल भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के अलावा कोई काम नही हुआ।

उन्होने जनता से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के बावजूद आमजन को देश हित में बाहर निकल कर वोट डालने का कर्तव्य पूरा करना है और उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इलाके के विकास में कोई कसर बाक़ी नही रहेगी। श्रीमती दिया कुमारी ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि वह श्री धर्मबीर सिंह के साथ सांसद थी और उन्होंने हमेशा सदन में क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर समस्याओं का निराकरण कराया। पिछले दस सालों में एक सांसद के रूप में उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है।

# केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बस में लगी आग से 10 लोगों की मौत



**गुरुग्राम, 18 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों को मौत हो गई।

पुलिस ने बताया बस पर बच्चों, महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे। आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया।

घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है।

# हरियाणा में 12 जून से शराब के शौकीनों पर पड़ेगी महंगाई की मार

## नई आबकारी नीति लागू होते ही बीयर और शराब के बढ़ेंगे दाम

**चंडीगढ़, 18 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा में अब शराब के शौकीनों पर भी महंगाई का असर पड़ने वाला है। शराब और बीयर गटकने के लिए अब उनको पहले के मुकाबले अधिक कीमत चुकानी होगी। देसी शराब की बोतल पर 5 रुपए और बीयर के लिए 20 रुपए अधिक चुकाने होंगे। अंग्रेजी व विदेशी शराब पर भी पहले के मुकाबले 5 प्रतिशत तक अतिरिक्त राशि चुकानी होगी। 12 जून को प्रदेश में लागू होने वाली नई आबकारी नीति के तहत यह रेट तय किए गए हैं।पहली बार सरकार आयातित शराब को भी इस दायरे में लाई है। प्रावधान किया गया है कि होल सेल से जिस रेट पर ठेकेदार को विदेशी शराब मिलेगी, उस पर 20 प्रतिशत लाभ मानकर उस शराब की बिक्री होगी। पहले पॉलिसी में ऐसा प्रावधान नहीं था। शराब ठेकों की नीलामी 27 मई से शुरू होगी। नई आबकारी नीति में शराब ठेकेदारों की मोनोपोली न चले इसके लिए भी प्रावधान किए गए हैं। वहीं, बार व होटल संचालकों को राहत दी गई है। पहले होटलों में लाइसेंसी बार चलाने वाले संचालकों को अपने आस-पास के दो शराब ठेकों से शराब लेने का नियम था। कई बार ठेकेदारों के



मनमर्जी के रेट लगाने की शिकायतें आती थीं। दोनों ठेकेदार अपने रेट तय कर लेते थे और होटल संचालकों की मजबूरी थी कि किसी तीसरे से शराब नहीं खरीद सकते थे। इस बार सरकार ने पॉलिसी में बदलवा किया और होटल संचालकों को एक और विकल्प दिया है। वह अब आसपास के तीन ठेकों में से किसी से भी शराब खरीद सकेंगे। ये भी शर्त रखी है कि तीनों ही शराब ठेके अलग-अलग लाइसेंस धारकों के होने चाहिए। तीन विकल्प मिलने के बाद तीनों ठेकेदारों में प्रतिस्पर्धा होगी और होटल संचालकों को तय रेट पर शराब मिल सकेगी।

शराब कारोबारी वाईके गुप्ता और पवन बलड़ी ने कहा कि इस बार आबकारी नीति में पिछले साल के रिजर्व प्राइस के मुकाबले सात प्रतिशत तक बढ़ोतरी गई है। इससे हरियाणा में शराब महंगी होगी। पड़ोसी राज्यों में हरियाणा की तुलना में शराब सस्ती है, इसलिए इसका सीधा सा असर ठेकेदारों पर पड़ेगा। इसके अलावा पहले के मुकाबले, शराब के दाम में कम बढ़ोतरी गई है। पहले प्रति पेटी 50 से 60 रुपये बढ़ाए जाते थे। इस बार 20 से 25 रुपये प्रति पेटी की बढ़ोतरी की गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म एवं भट्टी में जलाकर हत्या के मामले में दो आरोपी दोषी करार

## सात अन्य आरोपी बरी, दोषियों की सजा पर फैसला कल

**भीलवाड़ा, 18 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में शाहपुरा जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म एवं भट्टी में जलाकर हत्या कर देने के बहुचर्चित मामले में पोक्सो न्यायालय ने शनिवार को दो मुख्य आरोपियों को दोषी माना जबकि सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया।विशिष्ट न्यायाधीश



(पोक्सो-दो) की अदालत ने मुख्य आरोपी कान्हा कालबेलिया (21) और उसके भाई कालू कालबेलिया (25) को दोषी माना। दोनों की सजा के बिंदू पर सोमवार को न्यायालय में सुनवाई होगी। अदालत ने मुख्य आरोपी कालू की पत्नी लाड (25) तथा संजय (20) प्रभु (50) पप्पू (35) कमलेश (20) गीता उर्फ मेवा (50) और प्रियंका को दोषमुक्त कर दिया।इससे पहले सभी नौ आरोपितों को पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय तक लेकर आई और अदालत में पेश किया। इस सनसनीखेज मामले में फैसले के मद्देनजर अदालत परिसर एवं आस-पास पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये। उल्लेखनीय है कि शाहपुरा जिले के कोटडी थाना क्षेत्र में दो अगस्त 2023 को गिरडिया पंचायत की एक लड़की खेत में बकरी चराने गई थी, तब कालू और कान्हा ने उससे दुष्कर्म किया और इसके बाद उसे कोयले की भट्टी में झोंक दिया था।

# पेन ड्राइव मामले का किसी भी कांग्रेस नेता से कोई लेना-देना नहीं : कृषि मंत्री

### उन्होंने प्रज्वल को वापस बुलाने का अनुरोध किया



बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो)। कृषि मंत्री चेलुवरायस्वामी ने कहा कि पेन ड्राइव मामले का किसी भी कांग्रेस नेता से कोई लेना-देना नहीं है। यह हमारी पार्टी के लिए राजनीतिक रूप से फायदेमंद नहीं है। प्रज्वल रेवन्ना को बुलाकर जांच करनी चाहिए। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा पेन ड्राइव मामले से हम भी दुखी हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए था। इससे देवेगौड़ा का परिवार दुखी है। यह राज्य का सबसे प्रतिष्ठित परिवार है। देवगौड़ा के अलावा कुमारस्वामी सदन के दूसरे मुखिया हैं। उन्होंने प्रज्वल को वापस बुलाने का अनुरोध किया। भाजपा नेता देवराजे गौड़ा का एक महिला से बातचीत का वीडियो और ऑडियो सभी ने देखा है। ऐसे व्यक्ति में हमारे बारे में बात करने की कोई नैतिकता नहीं है। हमें उनके बयान पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। देवराजेगौड़ा एक साल से रेवन्ना परिवार के खिलाफ लड़ रहे थे। उन्होंने दावा किया था कि उनके पास एक पेन ड्राइव है। इसे जांच एजेंसी या कोर्ट को सौंपे बिना व्यक्तिगत रूप से क्यों रखा गया? यहां मूल प्रश्न यह है कि एक तो प्रज्वल रेवन्ना ने लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार किया, दूसरा वीडियो रिकॉर्ड किया गया, तीसरा यह कहां से और किसने उजागर किया? इस संबंध में जांच होनी चाहिए, लेकिन 100 करोड़ रुपये के बीच डील, सरकार का गिरना, ये अनावश्यक चर्चाएँ क्यों? इसमें डीके शिवकुमार, कृष्णा बायरे गौड़ा, प्रियांक खड़गे या मेरी क्या भूमिका है? अगर हमारी मंशा इससे राजनीतिक लाभ लेने की होती तो हम चुनाव से पहले इसका खुलासा कर सकते थे। लेकिन वह हमारे लिए अनावश्यक है। यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है। कुछ ऐसा जो अदृश्य हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम जैसे लोग ही नहीं, आम लोग भी वीडियो का खुलासा करने के निचले स्तर पर नहीं जाएंगे। पेन ड्राइव किसके पास थी? बाहर कौन लाया? जांच के तौर पर सच्चाई सामने आनी चाहिए। रेवन्ना मामले के केंद्र में देवराजे गौड़ा, कार्तिक और प्रज्वल हैं। इसके अलावा, डीके शिवकुमार सहित हमारे विचारों पर चर्चा क्यों की जा रही है? रेवन्ना के प्रति सभी के मन में सम्मान है। उन्हें एक महिला अपहरण मामले में गिरफ्तार किया गया है। यदि नहीं, तो रेवन्ना को कानून से परेशानी नहीं होती। अब भी अगर कुमारस्वामी बार-बार मामले पर बोलना बंद करेंगे तो जांच कराई जाएगी। हमारे पास पेन ड्राइव मुद्दे के अलावा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। बारिश हो गई है, हम कृषि गतिविधियों पर ध्यान दे रहे हैं। जैसा कि देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाया था, अगर यह साबित हो जाए कि कोई साजिश हुई है तो वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं। भाजपा नेता एलआर शिवरामेगौड़ा से मेरी व्यक्तिगत मित्रता है। लेकिन राजनीतिक तौर पर हम दोनों अलग-अलग पार्टियों में हैं। मुझे पेन ड्राइव के संबंध में डीके शिवकुमार के साथ किसी चर्चा की जानकारी नहीं है।

### किसी से चर्चा नहीं की

उन्होंने स्पष्ट किया कि मैंने इस बारे में किसी से चर्चा नहीं की है। यह स्पष्ट नहीं है कि जनता दल विरोध क्यों कर रहा है। उस पार्टी के कई विधायक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह नेताओं के दबाव के आगे झुक रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले कई विधायकों, पूर्व विधायकों ने जेडीएस और भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा की थी। मुझे नहीं पता कि नतीजे के बाद किस तरह का घटनाक्रम होगा। इस मौके पर चेलुवरायस्वामी ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को जन्मदिन की बधाई दी।

# विधान परिषद के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द होगा समाधान: विजयेन्द्र



बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई विजयेंद्र ने विश्वास जताया कि विधान परिषद के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। मल्लेश्वरम में भाजपा प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य विधान परिषद के स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की 6 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा 4 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और दो सीटें जेडीएस पार्टी के लिए छोड़ी है। शुक्रवार को हमने 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भाजपा की ओर से प्रभारी भी नियुक्त किए। उत्तर पूर्व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए हमारे उम्मीदवार अमरनाथ पाटिल ने पहले ही अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश सज्जन पिछले दो वर्षों से इस क्षेत्र में लगातार दौरा और संगठन कर रहे हैं और अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। सुरेश सज्जन ने पार्टी के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा से मुलाकात की। यह खुशी की बात है कि वह चुनाव मैदान से हट गए हैं और भाजपा का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं। परिणामस्वरूप, हमारे उम्मीदवार उत्तर-पूर्व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में जीत के पक्षधर हैं।

इसी तरह, दक्षिणी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के रूप में लिंगराज के नाम की घोषणा की गई। बाद में यह सीट जेडीएस पार्टी को दे दी गई। उन्होंने खुले तौर पर कहा है कि वह अपना नामांकन जमा करने वाले लिंगराज को मनाने के बाद अपना नामांकन वापस ले लेंगे। दोनों क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान भी कर लिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अन्य क्षेत्रों की समस्याओं को भी सुलझाने का काम रविवार तक किया जायेगा और उनका समाधान किया जायेगा। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने के बाद से कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। हर जगह हत्याएं और रंगदारी हो रही है। रेप के मामले और लव जिहाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा का सवाल महिलाओं को परेशान कर रहा है। इन्हीं बिंदुओं को लेकर महिला मोर्चा द्वारा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया है। हमने जिला कलक्टर को एक अनुरोध प्रस्तुत किया है।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि अपराध दर में वृद्धि से राज्य की बदनामी हुई है। पुलिस व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि हत्या के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं क्योंकि सरकार सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार को कम से कम अब जागना चाहिए और कानून व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर राज्य सरकार पर भी दबाव बनाएंगे। हम मांग कर रहे हैं कि सरकार हासन के पेन ड्राइव मामले को गंभीरता से ले और इसे सीबीआई जांच के लिए सौंपे। हर दिन नए-नए विचार सामने आ रहे हैं।

# ऑटो ओवरटेक कर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

पटना (एजेंसियां)। बिहार के आरा में आलू व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के वक्त व्यवसायी दुकान से बेटे के साथ ऑटो में बैठकर घर लौट रहे थे। तभी बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। घटना पीरो-बिहिया स्टेट हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के त्रिमुर्तिया टोला के पास घटी। घटना के सभी बदमाश मौके से फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नगर स्थित कोतवाली मोहल्ला निवासी दिवंगत हीरालाल साह के बेटे मुनमुन साह (59) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह 40 वर्षों से बिहिया ओवर ब्रिज स्थित जज बाजार में आलू का व्यवसाय करते थे। जो रोजाना सुबह पांच बजे घर से बिहिया अपने दुकान जाते थे और आलू बेचकर शाम को जगदीशपुर घर लौट जाते थे। गुरुवार को दुकान बंद कर अपने बड़े पुत्र सोनू कुमार के साथ आटो पर बैठकर जगदीशपुर अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान त्रिमुर्तिया और देवघर के बीच ऑटो को ओवरटेक कर बाइक सवार तीन बदमाश उन्हें गोली मारकर फरार हो गए, जिससे घटनास्थल पर ही मुनमुन साह की मौत हो गई।

# सावधान, सीआईडी अफसर बनकर आपके साथ भी ठगी कर सकते हैं बदमाश

### राजद विधायक के भाई हो चुके हैं शिकार



पटना (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी के विधायक के भाई ठगी के शिकार हो गए। सीआईडी के अधिकारी बनकर पहुंचे बदमाशों ने बोचहां से राजद विधायक अमर पासवान के भाई राजेश पासवान को अपना निशाना बनाए। इनसे सोने का चेन और अंगूठी लेकर फरार हो गए। अब राजेश पासवान ने पुलिस के पास आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पूरा मामला सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बांध रोड की बताई गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

राजद विधायक के भाई राजेश पासवान ने बताया कि शुक्रवार को बाइक पर दो लोग आए और खुद को सीआईडी अधिकारी बताया। आते ही पूछताछ की और कहा कि इतने सोने के आभूषण पहनकर क्यों चल रहे हो? कुछ देर पहले ही एक व्यवसायी से बदमाशों ने लूटपाट की है। क्या तुम भी बनना चाहते हो? जल्द हटाओ इसको और निकालकर हमलोगों को दे दो। मैं पेपर में लपेटकर तुम्हारी ही गाड़ी रख देता हूं। राजेश पासवान ने कहा कि बदमाशों की यह बातें सुनकर मुझे संदेह हुआ। इसके बाद में जैसे की कुछ पूछता इन लोगों ने अपना आईकार्ड दिखाया। मुझे लगा सच में पुलिस वाले हैं।

इसके बाद सुरक्षा के डर से मैंने अपनी अंगूठी और सोने की चेन उतार कर इन्हें दे दिया। अंगूठी व सोने की चैन सब लेकर एक पेपर में डाल दिया और मेरी गाड़ी में रख कर बोला अब जाओ। यह कहकर ये लोग चले गए। इनके जाने के बाद जब मैंने गाड़ी में चेक किया तो पेपर के अंदर से चेन और अंगूठी गायब थी। पूरे मामले में सिकंदरपुर थाना के एसएचओ देवव्रत कुमार ने बताया कि एक ठगी से संबंधित शिकायत मिली है। घटना का सीसीटीवी फुटेज में देखा गया है। मामले में जांच किया जा रहा है। जल्द ही बदमाश पकड़ लिया जायेगा।

# परिवारवादी गठबंधन के नेताओं की नीति है फैमिली फर्स्ट : शाह

अमेठी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इंडिया गठबंधन परिवारवादी दलों का एक समूह है जिनकी नीति देश हित की बजाय परिवार के लोगों का भला करना है। पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री शाह ने कहा कि 70 सालों के लंबे इंतजार के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। यदि ये इंडी गठबंधन वाले सत्ता में आए, तो फिर से मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे।

उन्होने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन परिवारवादी सोच रखने वाले लोगों का गठबंधन है। लालू यादव अपने बेटे को, ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी उनके परिवार की सीट है, यह सीट किसी परिवार की नहीं, बल्कि रायबरेली और अमेठी के गरीब युवाओं की सीट है और जिसे रायबरेली व अमेठी की जनता चाहेगी वही चुनकर संसद जाएगा।

उन्होने कहा कि लोकतंत्र में परिवार की कोई सीट नहीं होती, जो संकट में साथ रहता है और विकास करता है वही सीट पर विजयी होता है। आज पूरे देश का मीडिया कह रहा है और यह तय है कि अमेठी में स्मृति ईरानी व रायबरेली में दिनेश प्रताप जीत कर दोनों सीटें श्री नरेन्द्र मोदी की झोली में देंगे। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षों से धारा 370 को संभाल कर रखा था लेकिन नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 जड़ से समाप्त कर दिया। कांग्रेस कह रही है कि वो धारा 370 को वापस लाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस देश से आतंकवाद को समाप्त



किया है, सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर भाजपा सरकार ने आतंकवादियों का सफाया किया है जबकि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और इनके सहयोगी फारुख अब्दुला कहते हैं कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करो, क्योंकि कश्मीर के पास एटम बम हैं।

उन्होने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को डरना है, तो डरे लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और भारत उसे वापस लेकर रहेगा। एक ओर नरेन्द्र मोदी हैं जिन पर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए चार आने के भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा, दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन है जिसने 12 लाख करोड़ के घोटाले-भ्रष्टाचार किए हैं। घमंडिया गठबंधन के नेताओं के घर से 350 करोड़ रुपए मिले, इन लोगों ने देश को लूटने का कार्य किया है। जिन-जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य नरेन्द्र मोदी सरकार करने वाली है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिये श्री मोदी ने ढ़ेर सारे कार्य किए हैं, जिनमें 14 एक्सप्रेस-वे, 12000 किमी का हाइवे, प्रभु श्री राममंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मेट्रो रेल, मेडिकल कॉलेज, मोबाइल निर्माण में योगदान 60 प्रतिशत, फिल्म सिटी, हैंडिक्राफ्ट पार्क, मेगाफूडपार्क, लॉजिस्टिक हब, ट्रांस गंगासिटी और गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क का निर्माण शामिल हैं।

उन्होने कहा कि कांग्रेस के लोग जिसे परिवार की सीट कहते हैं वहां 70 सालों से कोई कलेक्टर ऑफिस भी नहीं था, लेकिन 2018 में कलेक्टर ऑफिस की नींव डालने का कार्य योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफियों और गुंडों को पुलिस से चुन-चुन कर साफ करने का कार्य किया है।

श्री शाह ने कहा कि अमेठी और रायबरेली के लोग वर्षों से गांधी परिवार को अपना नेता मानते रहे, लेकिन उन्होंने कभी यहां की जनता को अपना नहीं माना।

उन्होने कहा कि दस सालो में मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकास के लिये 18 लाख 55 हजार करोड़ रुपये दिये है जबकि मनमोहन सिंह की सरकार ने उत्तर प्रदेश को सिर्फ चार लाख करोड़ दिए थे।

# दरभंगा के दो विधानसभा क्षेत्रों में मधुबनी लोकसभा उम्मीदवारों के लिए 20 मई को मतदान

मधुबनी (एजेंसियां)। बिहार के दरभंगा जिले के केवटी और जाले विधानसभा क्षेत्र मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। अभी वर्तमान में मधुबनी से भाजपा अशोक कुमार यादव सांसद हैं।

अशोक यादव पूर्व कृषि मंत्री हुकुमदेव नारायण यादव के बेटे हैं। उन्हें यह सीट 2019 में पिता के उत्तराधिकारी के रूप में मिली थी। इससे पूर्व वह केवटी विधानसभा से विधायक रह चुके हैं। इन दो विधानसभा क्षेत्र में कुल तीन लाख चार हजार 192 मतदाता हैं। इस लोकसभा 2024 के चुनाव में राजद के उम्मीदवार मो. अली असरफ फातमी और भाजपा के अशोक कुमार यादव




के बीच सीधा मुकाबला है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह दरभंगा के डीएम राजीव रोशन ने बताया कि इन दो विधानसभा क्षेत्रों में कुल 634 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां मतदाता यहां उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 20 मई को करने वाले हैं। इसकी तैयारी में भाजपा उम्मीदवार भी जोर-शोर चुनाव प्रचार करने में लगे हैं तो राजद उम्मीदवार अली असरफ फातमी भी अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को फ्रिर से पाने की जोर आजमाइश करने में लगे हैं।

लोकसभा चुनाव में केवटी की 26 और सिंहवाड़ा की 12 पंचायतों को मिलाकर बने केवटी विधानसभा क्षेत्र के तीन लाख चार हजार 192 मतदाता 305 बूथ (केवटी के 203 और सिंहवाड़ा के 102 बूथ) पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक लाख 60 हजार 874 पुरुष और एक लाख 43 हजार 313 महिलाएं और पांच पारलिंगी (ट्रांसजेंडर) मतदाता शामिल हैं।

केवटी विधानसभा के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रुखसार ने बताया कि पूरे विधानसभा को 31 (केवटी को 19 और सिंहवाड़ा को 12) सेक्टरों में बांटा गया है। सभी सेक्टरों में सेक्टर पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। डिस्पैच सेंटर केंद्रीय विद्यालय हवाई अड्डा, दरभंगा को बनाया गया है। वहीं, वज्र-गृह और मतगणना स्थल आरके कॉलेज, मधुबनी होगा।

बताया जा रहा है कि कुल 149 बूथों पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था रहेगी। वहीं, दिव्यांग जनों के लिए चिह्नित बूथों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था रहेगी। कुल 13 मतदाताओं की पहचान 85 वर्ष से अधिक आयु और दिव्यांग के तौर पर की गई है। इनका मतदान उनके घर पर ही मतपत्र के माध्यम से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की उपस्थिति में कराया जाएगा। आदर्श, युवा और महिला मतदान केंद्र के रूप में मतदान केंद्र 210, 211 और 212 मध्य विद्यालय केवटी (बालक) को चिह्नित किया गया है।

# मिट्टी धंसने से नाबालिग और महिला सहित दो की मौत, गांव में मचा कोहराम

सुपौल (एजेंसियां)। सुपौल में मिट्टी धंसने से एक महिला और एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। घटना निर्मली थाना क्षेत्र अंतर्गत जरौली गांव की है। मृतका की पहचान निर्मली थाना क्षेत्र अंतर्गत जरौली गांव निवासी अमृता देवी (35) और प्रीति कुमारी (17) के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया।

घटना के संबंध में स्थानीय ओम प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार को तिलयुगा नदी के किनारे 10 से 15 महिलाएं घरेलु कार्य के लिए चिकनी मिट्टी काट रही थी। इसी दौरान अचानक मिट्टी का धंसना गिरने लगा, जिससे अमृता और प्रीटी मिट्टी के नीचे दब गई। मिटटी धंसते ही



आसपास मौजूद अन्य महिलायें शोर मचने लगी। उनके चीखने चिलाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग उधर दौड़ पड़े। कुछ ही देर में कई ग्रामीण वहां जमा हो गये और फ्रिर स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को मिटटी से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने दोनों को मिटटी से बाहर निकाल कर निर्मली अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। घर के सभी सदस्यों का अस्पताल परिसर में रो रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना निर्मली थाने की पुलिस को दी। घटना की सूचना पर निर्मली थाने की पुलिस भी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम करने के लिए तैयार हुए। निर्मली थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा जरूरी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला, हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरि जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com